'द लास्ट कॉफी' में नजर आएंगे अंकिता...
पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2079 • रविवार, 12 फरवरी 2023 • वर्ष-24 • अंक-13 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



## जवाब न देना कोई बहादुरी नहीं होती




**कुछ** सवाल ऐसे होते हैं, जिनका जवाब चाह कर भी लोग नहीं देते। जवाब दिया जा सकता है या नहीं, यह तो बाद की बात है। असल है कि आप जवाब देने की नीयत रखते हैं अथवा नहीं। राहुल गांधी, जो पहले कांग्रेस के सदर भी रह चुके हैं, उन्होंने देश के वजीर-ए-आजम श्रीमान नरेंद्र मोदी से सात सवाल पूछे थे। जाहिर है, जब सवाल प्वाइंटेड हों तो उसका जवाब देना चाहिए। बेशक, वजीर-ए-आजम को भी। लेकिन, जैसा कि देशवासी उम्मीद कर रहे थे, उनकी उम्मीद से परे जाकर देश के वजीर-ए-आजम ने उन सातों सवालों की तरफ ताका तक नहीं। अलबत्ता, लोकसभा और राज्यसभा में उन्होंने क्रमशः जो 88 मिनट और 90 मिनटों का भाषण दिया, उसमें बीते 9 साल में उन्होंने क्या-क्या किया, उसका ही जिक्र करते रहे। राहुल गांधी के सवालों का जवाब उन्होंने नहीं दिया।

दरअसल, लोकसभा और राज्यसभा में बोले गए उनके हर वाक्य की अपने तईं कोई भी मीमांसा कर सकता है। कई पत्रकार मानते हैं कि वजीर-ए-आलम ने जो कुछ भी कहा, उसमें कोई दम नहीं था। उनका तर्क है कि बाजार उनसे संभाले नहीं संभल रहा। बेरोजगारी मुंह बाए बढ़ती जा रही है, गोया सुरसा हो गई हो। महंगाई रूकने का नाम नहीं ले रही। तिस पर से सवाल का जवाब देना तो दूर, भाषण पर भाषण। पार्टी के भी कई नेता आपसी बातचीत में उनके बयान की मजम्मत करने से खुद को रोक नहीं पाए। संघ, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे संगठनों ने कोई प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं समझी, हालांकि ये आमतौर पर होता नहीं है। जाहिर है, सभी को वजीर-ए-आजम की बातें सुहाई नहीं हैं। देश के उन नौजवानों को तो कतई नहीं, जो नौकरी के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं। कुछेक लोग ही हैं जो इसमें इंडिपेंडेंट इंडिया और इंडिया विदाउट कांग्रेस की मुहिम को सफल होते देख रहे हैं। हालांकि, आप सोशल मीडिया पर चलें जाएं तो वहां की स्थिति बेहद अलग है। वहां जो तंज कसे जा रहे हैं, उन्हें यहां लिख पाना उचित नहीं है। मूल बात यह है कि आप बीते 9 साल से शासन में हैं। आप उन 9 सालों का हिसाब-किताब देने के मूड में हैं ही नहीं। अगर कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी ने आपसे पूछ ही लिया कि आपके वजीर-ए-आजम बनने के पहले और बनने के बाद अडाणी कितनी बार आपके साथ फॉरेन टूर पर गए हैं तो उसका वजीर-ए-आजम के दफ्तर को जवाब देना चाहिए था। लेकिन, यहां तो इंदिरा गांधी से लेकर नेहरू तक की छीछालेदर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। देश का सेंटीमेंट कभी नेहरू-इंदिरा के लिए बेहद हाई हुआ करता था, इस तथ्य को खारिज करना बेहद महंगा पड़ सकता है।

### कांग्रेस को अपने किये की सजा मिल चुकी है

*वजीर-ए-आजम ने सवालों का जवाब न देते हुए बिना नाम लिए जिस तरीके से कांग्रेस की हजामत बनाई, उसमें वह भाषायी मर्यादा भी भूल गए। एक वजीर-ए-आजम के मुंह से देश-दुनिया ने वो हल्की बातें सुनीं, जो इसके पहले नहीं सुनी गई थीं। कांग्रेस अपने कर्मों का फल भोग रही है। वह लोकसभा में मात्र दहाई संख्या में है। तिहाई में होती तो शायद सरकार उसकी ही होती, जो बरसों-बरस रही। लेकिन, अगर वह दहाई में है तो उसके कर्मों का फल ही तो है। ऐसे ही, अगर भाजपा सत्ता में है तो अपने कर्मों के कारण ही। लेकिन नजरिए का फर्क है। जिस भाजपा के साथ 33 दलों का साथ था, आज पता कर लें कि कितने दल, कितनी पार्टियां भाजपा के साथ हैं। ये भी भाजपा के कर्मों का ही फल है। फिर, अंतिम सत्य क्या है। अंतिम सत्य यही है कि समय बेहद बेरहम होता है। आज आपका वक्त है। कल नहीं रहेगा। वक्त से तो डरना ही पड़ेगा। कांग्रेस भी एक दौर में वक्त को अपनी मुट्ठी में बांधने का दंभ भरती रही थी। तमाम सरकारें कांग्रेस ने गिरा भी दीं। आज वक्त ने अपना रंग दिखाया। कांग्रेस कहां है, आपको पता ही है। लेकिन, ये किसी के भी साथ हो सकता है। यूपी में बसपा, बिहार में जदयू को देख लें। कई पार्टियां हैं। जो ज्यादा महत्वाकांक्षी होता है, उसे ज्यादा भुगतना भी पड़ता है।*

### सवाल का हर हाल में देना चाहिए था जवाब

*होना यह चाहिए था कि सवाल का हर हाल में जवाब दिया जाता। फिर जनता तय करती कि राहुल गांधी का सवाल सही था या फिर वजीर-ए-आजम का जवाब। सियासत के किसी कच्चे खिलाड़ी की तरह जिस तरीके से इन सवालों को हाशिये पर डालने की कोशिश की गई, उसने दरअसल बैकफायर ही किया है। आने वाले दिनों में जवाब न देने का नैरेटिव काम कर सकता है, इसकी संभावना बहुत ज्यादा है। तब, शायद जवाब आ भी जाए पर शायद कोई सुनने वाला न हो क्योंकि सवाल रोज पूछे जा रहे हैं और शब्द ब्रह्म होते हैं, इससे आप इनकार करेंगे क्या?*

## NEWS इन ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने तिलका मांझी को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को अमीर वीर शहीद बाबा तिलका मांझी की जयंती पर शत-शत नमन किया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा कि अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के विद्रोह का इतिहास बहुत पुराना है। 18157 से कहीं पहले अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजानेवाले अमीर वीर शहीद बाबा थे।

### तेजस्वी यादव ने सीएम हेमंत से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर उनके बीच विकास से जुड़े कई विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, बिहार विधानसभा के सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व मंत्री बिहार श्याम रजक, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव मौके पर मौजूद थे।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 36 बोतल शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रशांत कुमार, देवराज प्रसाद, चंदन कुमार और राजू कुमार शामिल है। पुलिस की ओर से बीते शुक्रवार की शाम चर्च रोड बाबू लेन में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में गाड़ी से 36 बोतल विदेशी शराब मिली।

### आठ हथियार के साथ सात अपराधी गिरफ्तार

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए हत्याकांड में शामित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। विगत दिनों डंडा निवासी नन्हकू चौधरी की हत्या कर दी गई थी। गिरफ्तार अपराधियों के पास से आठ हथियार बरामद किया गया है।

# आत्मनिर्भर झारखंड

## सीएम बोले : एक ऐसा झारखंड बनाएं, जहां हर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो

### सीएम ने पदाधिकारियों-कर्मचारियों से कहा : एक बेहतर कार्य प्रणाली स्थापित करें

### सरकार निर्णय लेती है, लेकिन उसे धरातल पर उतारने का काम अधिकारी करते हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरकार का चलना और चलाना एक सतत प्रक्रिया है। इस दौरान चुनौतियां आती रहेंगी और उसका समाधान भी होता रहेगा। इन सबके बीच अधिकारियों को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। एक बेहतर कार्यप्रणाली स्थापित करनी होगी। एक ऐसा आत्मनिर्भर झारखंड बनाएं, जहां का हर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो और पूरे मान-सम्मान के जीवन यापन कर सके। यह सही है कि निर्णय लेना सरकार का काम है, लेकिन इंप्लीमेंटिंग अथॉरिटी होने के नाते उसे धरातल पर उतारना और उसे लोगों तक पहुंचाना आपका काम है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सभागार में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन सिस्टम के नए स्वरूप झारखंड ऑफिसर टीचर्स फेडरेशन के पहले प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने सरकार के अंग के रूप में कार्य कर रहे सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी से प्रयास करने को कहा, ताकि झारखंड को सुरक्षित, विकसित और उन्नत राज्य बना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी सरकार ऐसा कार्य करने की दिशा में आगे बढ़ बढ़ रही है, जो पूरे देश के लिए एक उदाहरण पेश कर सके और अन्य राज्य उसे मॉडल के रूप में अपने यहां लागू कर सकें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक ऐसा झारखंड बनाएं, जहां का हर व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके और पूरे मान-सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके।

### झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स इंप्लाइज फेडरेशन

**झारखंड** ऑफिसर्स टीचर्स इंप्लाइज फेडरेशन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन सिस्टम का नया स्वरूप है। जिसके प्रथम प्रांतीय अधिवेशन का शनिवार को आयोजन हुआ। झारखंड में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन सिस्टम को नए संगठन के रूप में लाया गया है। इस फेडरेशन में राज्य सरकार के सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। आज के इस अधिवेशन में इस फेडरेशन के 'लोगो' का अनावरण मुख्यमंत्री ने किया। अधिवेशन में फेडरेशन के प्रांतीय, जिला और प्रखंड स्तर के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### हमारे पूर्वज दूरदर्शी

सीएम ने कहा कि हमारे अगुआ और पूर्वज काफी दूरदर्शी थे। वे योजनाएं लंबे भविष्य को देखकर बनाकर थे ताकि आनेवाली पीढ़ी को उसका लाभ मिल सके। हमारी सरकार भी अपने नीतियों को उसी हिसाब से निर्धारित कर रही है, ताकि आनेवाला वक्त झारखंड के लिए खुशहाली, समृद्धि और उन्नति का द्वार खोल खोल सके।

### हर योजना को लागू करने के पीछे है विशेष मकसद

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमारी सरकार ने जो भी योजनाएं शुरू की है, उसके पीछे एक विशेष मकसद है। चाहे सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाएं हो या फिर मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, धोती साड़ी योजना या अन्य तमाम योजनाएं। हर योजना का मकसद राज्य को मजबूती और समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी पारंपरिक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को हम और धार देने का काम कर रहे हैं, ताकि आगे आनेवाली पीढ़ी को बेहतर मार्गदर्शन के साथ बेहतर भविष्य दे सकें।

### बुढ़ापे की लाठी होती है पेंशन

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे की 'लाठी' होती है। अगर यह 'लाठी' आपके पास नहीं होगी तो आज के भौतिकवादी युग में आप को सहारा मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए सरकार ने जहां राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का निर्णय लिया है, वहीं समाज के सभी गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों और एकल महिला को पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है, ताकि उनकी जिंदगी को सुरक्षित कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। हमने राज्य तो लड़कर ले लिया, लेकिन उसे उस मुकाम तक नहीं पहुंचा सके हैं, जहां इसे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने और दिशा देने में सरकारी कर्मचारियों का अहम रोल है, क्योंकि आपकी पहुंच गांव-गांव तक होती है। आप अपने कार्यों को ईमानदारी के साथ पूरा करें तो झारखंड के नवनिर्माण का हमारा प्रयास जरूर साकार होगा।

# देश को मिली दोहरी खुशी

## भारत ने जीता पहला टेस्ट

### ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से हराया, चार मैचों की श्रृंखला में ली 1-0 की बढ़त




**एजेंसी। नागपुर**

भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रन से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 177 रनों पर सिमट गई। जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 400 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 223 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में मात्र 91 रनों पर सिमट गई और मैच एक पारी और 132 रनों से हार गई। शेष पृष्ठ 11 पर

## हिमांशु ने जीता 'सोना'

### झारखंड का रहनेवाला है हिमांशु, 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पर किया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पटना में 10 से 12 फरवरी तक आयोजित 18वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के पूर्वी सिंहभूम के रहनेवाले हिमांशु कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, इस स्पर्धा का रजत दामु गणेश (आंध्र प्रदेश) 1616 अंक, सूरज सिंह (उत्तराखंड) 1608 रजत एवम कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सीडी सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, अंतरराष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी एसके पाण्डेय, झारखंड एथलेटिक्स संघ के एसोसिएट उपाध्यक्ष डॉ. प्रभात शंकर, कोच सह साई सैग कोच बिनोद सिंह समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## विधायक अब्बास से जेल में मिलने गई पत्नी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चित्रकूट की जेल में शनिवार सुबह अपने विधायक पति अब्बास अंसारी से मिलने पहुंची पत्नी निसबत की गिरफ्तारी के बाद जेल अधीक्षक, जेलर समेत 8 लोगों पर गाज गिर गई है। इन सभी को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच में पाया गया कि निसबत को डिप्टी जेलर के कमरे में अब्बास अंसारी से मुलाकात कराई जा रही थी और इस दौरान निसबत के पर्स में दो मोबाइल फोन के साथ ही कुछ आपत्तिजनक व प्रतिबंधित सामान भी था। इसी के बाद ये बड़ी कार्रवाई की गई है। शनिवार सुबह 11 बजे जेल में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने छापा मारा तो निसबत को डिप्टी जेलर के कमरे में अपने विधायक पति और जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी से मुलाकात करते पाया।

## डीजीपी नीरज सिन्हा रिटायर, दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) नीरज सिन्हा शनिवार को रिटायर हो गये। जैप वन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विभाग की ओर से परंपरा के अनुरूप विदाई दी गई। 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा ने 12 फरवरी 2021 को झारखंड के डीजीपी के तौर पर पदभार ग्रहण किया था। जैप के जवानों ने अपने डीजीपी को सलामी दी। मौके पर डीजीपी नीरज सिन्हा ने कहा कि मेरा दिल हमेशा पुलिस के लिए ही धड़कता रहेगा। मैं झारखंड पुलिस के हर सुख-दुख में शामिल रहूंगा। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के लिए सभी का धन्यवाद किया। अपने संबोधन के दौरान वे भावुक शेष पृष्ठ 11 पर

## जनसभा कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत, खड़गे बोले

# कांग्रेस गरीबों के हक में करती है काम

### भाजपा पर अडाणी जैसे दोस्तों के लिए काम करने का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसबीआई और एलआईसी का पैसा अपने मित्र अडाणी को गलत तरीके से दिया। यह देश के आम आदमी का पैसा है, जिसके डूबने का खतरा पैदा हो गया है। संसद में इस पर सवाल उठे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने जवाब देना तो दूर, अडाणी का नाम तक नहीं लिया। उन्होंने झूठ और प्रपंच की सारी हदें पार ली हैं। खड़गे शनिवार को झारखंड के पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के गुमानी (श्रीकुंड) हाईस्कूल मैदान में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। रसोई गैस का सिलिंडर तक भरवाने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। देश में 71 हजार स्कूलों मोदी जी ने बंद करा दिया। ये जो बार-बार गरीबों की बात करते हैं, लेकिन वो गरीबों को खत्म करने में लगे हैं। मैंने संसद में गरीबों की बात की तो हमारे भाषण को असंसदीय कह दिया। हम देश में किसानों के लिए लड़ रहे हैं, मजदूरों के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन भाजपा अपने दोस्तों के लिए काम कर रही है। खड़गे ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है, उसने बड़े काम कर दिखाए हैं। हम एकजुट होकर चलेंगे तो शेष पृष्ठ 11 पर

### खड़गे का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**दुमका।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करने के लिए शनिवार को दुमका पहुंचने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया : मल्लिकार्जुन खड़गे का झारखंड में स्वागत है।

### दीपक प्रकाश ने कहा, कांग्रेस को भारत जोड़ने की बात शोभा नहीं देती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत जोड़ो और हाथ जोड़ो यात्रा करने झारखंड आये हैं, लेकिन भारत की सम्प्रभुता को संकट में डालने वाली पार्टी कांग्रेस को भारत जोड़ने की बात शोभा नहीं देती है। इस पार्टी के डीएनए में तो भारत को तोड़ने की नीति है। दीपक प्रकाश भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

## दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में डकैती




### हथियार के बल पर कैश समेत लाखों के गहनों की लूट

### नकाबपोश अपराधियों ने चंद मिनट में लूट की घटना को दिया

### पूरा वारदात सीसीटीवी में कैद, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/रांची**

ज्वेलरी दुकान में दिनदहाड़े लाखों की लूट हुई है। इस घटना को तीन नकाबपोश अपराधियों ने हथियार दिखाकर घटना को अंजाम दिया। घटना एनएच-75 मांडर मिशन स्थित शंकर ज्वेलरी दुकान की है। बताया जाता है कि शनिवार दोपहर 2:30 बजे तीन नकाबपोश अपराधी ज्वेलरी दुकान आये और गहने दिखाने को कहा। जब दुकानदार अभय सोनी ने हेलमेट निकालने बोला तभी एक अपराधी पिस्टल तान दिया।

नकाबपोश अपराधियों ने एक मिनट के अंदर लाखों की ज्वेलरी और कैश लूटकर फरार हो गए। अपराधी बड़े आराम से एक-एक गहने खुद भी निकालने में जुटे थे। दुकान संचालक का रो-रोकर बुरा हाल है। सारा मामला सीसीटीवी में कैद है। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, मांडर अंचल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर, मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को दबोच लिया जायेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### खादगढ़ा बस स्टैंड में सिपाही का मिला शव

**रांची।** रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड से शुक्रवार देर रात एक सिपाही का शव मिला है। मृतक की पहचान गुलशन बागे के रूप में हुई है। मृतक सिपाही नेतरहाट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे और वह चाईबासा जिलाबल का सिपाही था। संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक सिपाही सिमडेगा जिले के जलडेगा का निवासी बताया था। खादगढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई है।

### पति ने चार माह की गर्भवती पत्नी को गोली मारकर किया घायल

**मांडर।** प्यार अंधा होता है इसलिए हर रिश्ते नाते की बलि दे देता है यही कुछ वेलेंटाइन डे के तीन दिन बाद शुक्रवार को टैडी डे के दिन के पूर्वाह्न 10 बजे अवैध संबंध के संदेह में एक पति ने अपनी चार माह की गर्भवती पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया।मांडर प्रखंड के कोराम्बी सकरपदा निवासी 36 वर्षीय मंगल कुजूर ने वर्ष 2015 में परदेशिया तिर्की से शादी किया था। 2019में परदेशिया की बहाली आई आर बी में हो गई।बहाली के बाद मंगल को उसकी पत्नी का अवैध संबंध आर्मी के जवान सोमा उरांव से होने की जानकारी मिली। शुक्रवार को दस बजे मंगल अपनी पत्नी से कहा कि ऐसे ही चलेगा चलो घर चलो, बस इसी बात पर दोनों उलझ गए और गुस्से में आकर मंगल ने अमंगल कर दिया। घायल परदेशिया को रिम्स राँची में आई सी यू में रख कर ईलाज किया जा रहा है।सूचना मिलते ही मांडर पुलिस घटना स्थल पर पहुँच मामले की जानकारी लेने लगी,और उच्चाधिकारियों के निर्देश परटीम का गठन कर ललगुटुवा नगड़ी से आरोपी मंगल कुजूर को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त छिपा कर रखा एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक गोली अग्र भाग व एक खोखा बरामद कर लिया है।

# 15 सदस्यों के खिलाफ आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने पीके शर्मा की विशेष कोर्ट में शनिवार को आवेदन दाखिल कर अमन श्रीवास्तव गिरोह के 15 लोगों के खिलाफ चल रहे केस में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा जोड़ने का आग्रह किया है। कांड संख्या 1/2022 के अनुसंधानकर्ता ने कोर्ट में आवेदन देकर कहा है कि अब तक हुई जांच में कई नए तथ्य सामने आए हैं। इसलिए इस केस से जुड़े आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में यूएपीए की धारा जोड़ी जाए। पिछले वर्ष एटीएस ने दर्ज किये गए कांड संख्या 1/2022 में अमन श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपित बनाया गया है। इसमें 11 पहले से आरोपित हैं जबकि चार सदस्यों का नाम जोड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जनवरी माह में एटीएस ने कई राज्यों में छापेमारी कर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई अपराधियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एटीएस ने चार्जशीट में बनाया है कि अमन श्रीवास्तव गैंग के अपराधी रंगदारी व लेवी से पैसे जुटाते थे। उससे हथियार खरीदकर आतंक कायम करने के लिए गोलीबारी और आगजनी कर व्यवसायियों- ठेकेदारों में दहशत फैलाते थे। अमन श्रीवास्तव खुद कभी भी न तो कोई कांड करता है और न ही लेवी वसूलता है। वह अपने गिरोह के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी और आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। एटीएस थाने में 17 जनवरी, 2022 को अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# शिबू सोरेन से मिले श्याम रजक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मेदांता हॉस्पिटल में इलाजरत मुख्यमंत्री के पिता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से शनिवार को राजद के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने मुलाकात की। श्याम रजक ने शिबू सोरेन का हाल-चाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन सरकार के अभिभावक हैं। झारखंड के बड़े नेता हैं। इनके अस्वस्थ होने से लोग चिंतित हैं। ईश्वर गुरुजी को जल्द स्वस्थ करें, यहीं कामना करते हैं। उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को गुरुवार को लंग्स और किडनी की शिकायत के बाद रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था।खादगढ़ा बस स्टैंड में सिपाही का मिला शवरांची। रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड से शुक्रवार देर रात एक सिपाही का शव मिला है। मृतक की पहचान गुलशन बागे के रूप में हुई है। मृतक सिपाही नेतरहाट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे और वह चाईबासा जिलाबल का सिपाही था। संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक सिपाही सिमडेगा जिले के जलडेगा का निवासी बताया था।

# जमीन विवाद सुलझाने के लिए बैठी पंचायत में हुई फायरिंग

## अफरोज समेत तीन के खिलाफ प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास जमीन विवाद को सुलझाने के लिए की जा रही पंचायत में दो पक्षों में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष की ओर से हवाई फायरिंग की गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। घटना शनिवार की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद अरगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। फायरिंग करने वाले अफरोज अंसारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद किया है। अफरोज बीएसएफ से सेवानिवृत जवान है। जानकारी के अनुसार भट्टा टोली निवासी अफरोज अंसारी और इमली चौक के आबिद आलम के बीच एक जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसी को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों की इमली चौक के समीप शनिवार को बैठक हुई। दोनों पक्ष उस जमीन पर अपनी दावेदारी कर रहे थे। बातचीत के दौरान दोनों पक्ष के लोग आपस में उलझ गए। धक्का-मुक्की और मारपीट होने लगी। इसी क्रम में अफरोज ने पिस्टल निकाला और हवाई फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस पहुंचकर उसे पकड़ी। मामले में आबिद के बयान पर अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

आबिद की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में अफरोज के अलावा उसके पिता जनत अंसारी, भोलू खान के खिलाफ आरोपी बनाया गया है। आवेदन में कहा गया है कि अफरोज उनके पड़ोस में घर का निर्माण कर रहा था। उसके साथ पानी को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर शनिवार को हरमू मुस्लिम पंचायत के सचिव महताब अहमद फारूकी की उपस्थिति में विवाद सुलझाने के लिए बैठक हो रही थी। बातचीत के दौरान आरोपी अफरोज व उसके साथी उग्र हो गए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी क्रम में अफरोज ने पिस्टल निकाला और जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। गोली उनके कनपट्टा से होते हुए निकल गयी। इसके बाद अपरोज भाग गया।

# बाईसी कुटुम महतो समारोह का आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के साहेदा पूरब टांड़ मैदान में बाईसी कुटुम महतो पगड़ी समारोह आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता लम्बोदर महतो ने संचालन अन्तनत महतो जयप्रकाश महतो ने किया। समारोह में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ राजाराम महतो, बाईसी कुटुंब के राष्ट्रीय सयोंजक विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह उपस्थित थे। मोके पर डॉ राजा राम महतो ने बाईसी कुटुम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बौद्धिक और संगठनात्कम एकरुपता ही समाज को विकास विकास की राह पर आगे बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा व बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। इन सामाजिक कुरीतियों से निजात दिलाने के लिए सभी को आगे आना होगा। सभी लोगों के सहयोग से इन सामाजिक कुरीतियों से मिटाया जा सकता है। विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि भाषा-संस्कृति को युवा वर्ग भूल रहे है।हम सभी परंपरागत गीत,धर्म व संस्कृति से भटक रहे है। हमे जागरुक होने की आवश्कता है तभी अपनी भाषा,संस्कृति व समाज को बचाया जा सकते है।इसके लिए यूवाओ को आगे आना होगा। हम सचेत नही हुए तो हमारे घर,भाषा व समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम से अथितियों का स्वागत फूल पहनाकर एवम ढोल नगेडा से किया गया। आज के समय में धार्मिक आयोजनों व शादी समारोह में भी अश्लील गीत बजाए जाते हैं। जिसपर रोक लगाते हुए लोकगीतों का बढ़ावा देने, सामूहिक परिवार को बढ़ावा पर चर्चा की गई।

# पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली प्रखंड की दोवाडु पंचायत के तुनकु गांव के समीप सतिया नाला पर चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया श्रवनजित सिंह मुंडा एवं बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया । चेक डेम निर्माण कार्य राज्य संपोषित योजना से लगभग 70 लाख रुपए की लागत राशि से किया जाना है। विधायक ने कहा कि इस योजना से गांव के किसानों को कृषि में लाभ मिलेगा। किसान सिंचाई कर सालों भर खेती कर पाएंगे। मौके आजसू पार्टी के संगठन सचिव जयपाल सिंह नन्द किशोर महतो, मदन मोहन महतो, धीरेन महतो, आमिना महतो, नारायण मुंडा, उमा महतो, अंजना देवी, रंभा देवी, नमिता देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री सालासर हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच भोग वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लगातार 9वें सप्ताह शनिवार को मारवाडी ब्राह्मण भवन में श्री सालासर हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ एवं संकीर्तन का आयोजन भी किया गया। सीए प्रवीण शर्मा ने परिवार सहित पूजन कर भोग वितरण करने में सेवा दी। भोग में खिचडी का प्रसाद बनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्पित कर भोग का ग्रहण किया। मंदिर के पंडित उमेश इन्द्रगुरुजी ने कहा कि लगातार प्रसाद वितरण करते रहने से लोगों के मन में भी आपके प्रति अच्छे भावों का विकास होता है, इससे किसी के भी मन में आपके प्रति राग-द्वेष नहीं पनपता और आपके मन में भी उसके प्रति प्रेम रहता है। भजन, कीर्तन, नैवैद्य आदि



धार्मिक कर्म करने से जहां भगवान के प्रति आस्था बढती है वहीं शांति और सकारात्मक भाव का अनुभव होता रहता है। उक्त जानकारी मंडल के अमित शर्मा ने देते हुए कहा कि मंडल के सदस्यों के सानिध्य में मंदिर प्रांगण में भोग की तैयारी की गई थी। आज 1100 लोगों के बीच भोग का वितरण किया गया। श्री सालासर हनुमान मंडल के सानिध्य में श्री सालासर हनुमान मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया जाता है। मंदिर में अगले सप्ताह भी भोग का वितरण किया जायेगा। भोग वितरण को सफल बनाने में श्री सालासर हनुमान मंडल के धर्मचंद शर्मा, नाथमल शर्मा, राहुल शर्मा, कमल शर्मा, महेंद्र शर्मा, गुलाब शर्मा व मारवाडी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष श्री रमेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा व अन्य सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

# श्री लक्ष्मी विष्णुपद मंदिर में आयोजन 13 फरवरी को

**सिल्ली।** आगामी 13 फरवरी को सिल्ली प्रखंड के पतराहातू में कुंभ संक्रांति के शुभ अवसर पर श्री लक्ष्मी विष्णुपद मंदिर में भव्य आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी रामा शंकर शुक्ल ने बताया कि फरवरी दिन सोमवार राडु नदी में कलश विसर्जन के साथ किया जायेगा। तत्पश्चात श्री लक्ष्मी विष्णुपद मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा सिंगार महाआरती किया जाएगा ।तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले 24 जनवरी को राजू नदी तट से कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश स्थापना के लिए श्री नारायण नारायण नारायण मंत्रोचार करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे थे। बरसों पुराने इस मंदिर पर लोगों की आस्था बढ़ने के साथ-साथ भीड़ भी उमड़ रही है।

# खरकई और स्वर्णरेखा की हुई दूसरी जीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बीएयू मैदान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को खरकई और स्वर्णरेखा ने अपने अपने मुकाबले को जीतते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए खरकई ने 144 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। प्लेयर ऑफ द मैच सुशील सिंह मंटू ने 49, अशोक गोप ने 42 और प्रवीण ने 14 रन बनाए। कांची के अमोद साहू ने 3 और आलोक सिंह ने 2 विकेट लिए। 145 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए कांची की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी और मैच 60 रन से हार गई। कांची की ओर से आलोक सिंह ने नाबाद 31 और अमोद ने 23 रन का योगदान दिया। खरकई की ओर प्रवीण मिश्रा और राकेश सिंह ने दो-दो विकेट लिए। अशोक गोप और सुशील सिंह को एक-एक विकेट मिला। खरकई की तीन मुकाबले में दूसरी जीत रही जबकि कांची की तीन मुकाबलों में दूसरी हार। दिन के दूसरे मुकाबले में पहले खेलते हुए स्वर्णरेखा ने प्लेयर ऑफ द मैच जावेद अख्तर के 36, विवेक के 32, मनोज सिंह के 22 और मनिष के 18 रन की बदौलत 155 रन का स्कोर बनाया। भैरवी की ओर से राकेश सिंह ने 3 और असगर ने 2 विकेट लिए जबकि पिंटू, सुनील, विकास और नागेन्द्र ने एक-एक विकेट लिया।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–लकी देवी, उम्र–27 वर्ष, उँचाई– 4फीट, 7ईंच, रंग–साँवली, पहनावा–गुलाबी रंग का साड़ी पहनी हुयी हैं।

उपरोक्त लापता महिला लकी देवी, पति–अनील राम, पता–निगम फ्लैट खाद्य गढा, थाना–सुखदेवनगर, जिला–राँची, जो दिनांक 19.01.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गईं जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सुखदेवनगर थाना सनहा संख्या–18/23 दिनांक–21.01.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली राँची। –9431770077
थाना प्रभारी सुखदेवनगर, राँची। –9431788800

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 289984Police(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-43/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिला के लोहरदगा प्रखण्ड के ग्राम नदी नगड़ापंचायत बाघा के नदी नगड़ा स्कुल की चाहरदिवारी निर्माण। | 20,93,100.00 | 41,900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | लोहरदगा जिला के कैरो प्रखण्ड के ग्राम गुड़ी, पंचायत गुड़ी के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी नगड़ा की चाहरदिवारी निर्माण। | 24,99,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 3 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 14.02.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 21.02.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 22.02.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 23.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.289986 Lohardaga(22-23):D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/17/2022-23 e-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | राँची जिला के नामकुम प्रखंड अन्तर्गत वार्ड 50 छोटा घाघरा में छोटा घाघरा से खोजा टोली गांव को जोड़ने वाली स्वर्णरेखा नदी पर पुल निर्माण। | 348.706 | 10,000.00 | 6,98,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 24.02.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.02.2023 से दिनांक 06.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 10.03.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 13.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9523491111
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डोरंडा शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

PR 290053Rural Development(22-23)#D



## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, राँची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 89/22–23

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 17/02/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 20/02/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 20/02/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धूर्वा स्थित आवास संख्या **B/1294/2, B/1290/2, B/581/2, B/230/1** एवं **A/178/2** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 3,93,852.00 | 8000=00 | 750=00 | 14 दिन |
| 2. | धूर्वा स्थित आवास संख्या **AN/198/3, AN/240/3, AN/259/3, B/474/2, B/479/2** एवं **B/361/3** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,94,482.00 | 10000=00 | 750=00 | 14 दिन |
| 3. | धूर्वा सेक्टर 2 स्थित आवास संख्या **B-2033 , B-1089** तथा सेक्टर **3** स्थित **A-123** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 269795.00 | 6000=00 | 750=00 | 7 दिन |
| 4. | डोरण्डा हिनु स्थित आवास संख्या **C23/24, C5/18** (सचिवालय कॉलोनी) एवं **B16, D10** और **D12** (हाई कोर्ट कॉलोनी इंदरा पैलेस के पास) में विधुत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,79,121.00 | 6000=00 | 750=00 | 7 दिन |
| 5. | डोरण्डा स्थित आवास संख्या **A1-2, A21-22** (सेठ सिताराम स्कूल के पास) एवं **11/46** में विधुत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 95,051.00 | 2000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 6. | डोरण्डा स्थित आवास संख्या **B22** (राजेन्द्र चौक) एवं **41/124, 82/124** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,58,736.00 | 6000=00 | 750=00 | 7 दिन |
| 7. | धूर्वा स्थित सेक्टर **3** के आवास संख्या **B-193 , B-201** एवं सेक्टर 2 के **B-554** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,57,869.00 | 6000=00 | 750=00 | 7 दिन |
| 8. | कॉके रोड स्थित पुलिस लाईन के 'बी' टाईप आवास संख्या **B-1/24, B-9/24, B-21/24, B-23/24** एवं **B-24/24** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 3,72,882.00 | 8000=00 | 750=00 | 7 दिन |
| 9. | सदर अस्पताल गुमला में क्युबिकल पैनल के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 5,15,707.00 | 11000=00 | 1250=00 | 14 दिन |
| 10. | दिनदयाल नगर राँची स्थित मुख्य सचिव आवास एवं बुटि रोड स्थित हाउस नं0 1 में विधुत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 5,96,640.00 | 12000=00 | 1250=00 | 14 दिन |
| 11. | धूर्वा सेक्टर 2स्थित आवास संख्या **B/2555/2, B/1929/2** एवं **A/283/2** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 2,27,079.00 | 5000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 12. | भवनीपुर डोरण्डा स्थित आवास संख्या **C-6/16** में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 1,21,935.00 | 3000=00 | 500=00 | 7 दिन |
| 13. | धूर्वा सेक्टर 2स्थित आवास संख्या **E15** में गेट लाईट,गार्डेन लाईट तथा मुख्य भवन के विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,42,287.00 | 11000=00 | 1250=00 | 14 दिन |
| 14. | धूर्वा सेक्टर 2स्थित आवास संख्या **E103** में गेट लाईट,गार्डेन लाईट एवं सुरक्षा लाईट तथा मुख्य भवन के विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,96,360.00 | 12000=00 | 1250=00 | 14 दिन |
| 15. | छतर मॉडू रामगढ़ स्थित परिसदन के छत में सुरक्षा लाईट अधिष्ठापन तथा परिसर में गार्डेन लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 6,22,781.00 | 13000=00 | 1250=00 | 14 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

PR 290050 Energy (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 12 को

**रांची।** ठाकुरगांव के उमेडंडा के मध्य विद्यालय में 12 फरवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुदामा नायक ने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह रांची शाखा की ओर से आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा कैंप में आंख, नाक, हड्डी, ह्रदय रोग और डायबिटीज सहित अन्य रोग का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज तथा दवा का वितरण किया जाएगा।

### आरसीएससी की टीम ने खेलारी सीसी को 9 रनों से हराया

**रांची।** गोल चक्कर मैदान में खेले जा रहे सात्विक मेमोरियल ए डिविजन क्रिकेट लीग के तहत शनिवार को आरसीएससी की टीम ने खेलारी सीसी को 9 रनों से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए आरसीएफसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 181 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें नीतीश ने 51 सुमित ने 35 और इमरान ने 30 रनों का योगदान किया आकाश ने 26 रन देकर चार विकेट लिए आनंद कुमार मुंडा को दो विकेट मिले जवाब में खेलारी की टीम ने 34 ओवर में 172 रन बनाकर आउट हो गई जिसमें अमर ने 42 और रोहित ने 26 रनों का योगदान किया इमरान और अब्दुल कादिर को तीन-तीन तथा चंदन को दो विकेट मिले।

### रांची में 17 से 22 फरवरी तक भारत रंग महोत्सव

**रांची।** रांची में भारत रंग महोत्सव इंटरनेशनल थियेटर फेस्टिवल ऑफ इंडिया का आयोजन होने जा रहा है। 17 फरवरी से 22 फरवरी के बीच यह आयोजन मोरहाबादी स्थित रांची कॉलेज के आर्यभट्ट सभागार में होगा, जिसमें बिहार, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के रंगकर्मी नाटक का मंचन करेंगे. नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की ओर से किया जा रहा यह राष्ट्रीय आयोजन है। देश के नौ राज्यों के 10 शहरों में इसका आयोजन होगा। भारत के अंतरराष्ट्रीय थियेटर महोत्सव के नाम से मशहूर भारत रंग महोत्सव की शुरूआत अगले सप्ताह 14 फरवरी से नयी दिल्ली में हो रही है।

### द्वारिका और सोमनाथ की सैर कराएगी सरकार

**रांची।** राज्य सरकार ने गरीबों खासकर बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ लोगों को धार्मिक तीर्थ दर्शन कराएगी. पर्यटन निदेशालय, झारखंड के मुताबिक राज्य के बुजूर्ग नागरिकों को सीएम तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिया जाना है. राज्य में ऐसे नागरिक जिनके पास बीपीएल कार्ड है और उनकी उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक है, उन्हें दर्शन कराने में सरकार मदद करेगी। इसके लिए उनसे कोई राशि नहीं ली जायेगी।

# अपराधी सन्नी सिंह को रांची पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने वर्चुअल कॉल और टेलीग्राम के माध्यम से फोन पर धमकी देकर रंगदारी वूसलने वाले अपराधी सन्नी उर्फ सन्नी सिंह को दिल्ली के कश्मीरी गेट से गिरफ्तार किया है। सन्नी सिंह मूल रुप से रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित किशोर गंज रोड नंबर चार का रहने वाला है। इसके पास से चार मोबाइल और एक पर्स सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना के एक मामले का फरार अपराधी सन्नी सिंह उर्फ ऋषभ सिंह हिमाचल प्रदेश के शिमला में नाम बदलकर छिपा हुआ है। वहीं से रांची, बोकारो और पश्चिम बंगाल के व्यवसायियो एवं ठेकेदारों को के वर्चुअल कॉल और टेलीग्राम के माध्यम से फोन कर धमकी देकर रंगदारी वसूलता हैं। एसएसपी ने बताया कि जो व्यवसायी या ठेकदार पैसा नहीं देता है, उसके ऊपर अपने गुर्गे के अपराधियों से उसके ऊपर फायरिंग एवं बम से हमला करवाता है। एसएसपी ने बताया कि सूचना के बाद एक विशेष टीम को हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना किया गया। लेकिन अपराधी सन्नी सिंह को पुलिस के आने की भनक लग गयी और वह शिमला से दिल्ली भाग गया। इस पर दिल्ली पुलिस के सहयोग से रांची पुलिस की टीम ने सन्नी सिंह को दिल्ली में गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर सन्नी ने बताया कि वह वर्ष 2017 से कोलकाता, नेपाल के पोखरा, मुम्बई, चण्डीगढ़, दिल्ली करनाल और शिमला में ठिकाना बदल-बदल कर रहता था और वहीं से अपराधिक घटनाओं को भी अंजाम देता था। पिछले साल भी सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से उसके गुर्गे के सदस्यों के पास से हथियार और सूतली बम बरामद किया गया था। इसके ऊपर रांची, बोकारो और पश्चिम बंगाल के विभिन्न थानों में कुल 22 मामले दर्ज हैं। वर्तमान में वह कई मामलों में फरार था। प्रेस कांफ्रेंस में सिटी एसपी नौशाद आलम, डीएसपी प्रकाश सोय और सुखदेवनगर थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने रांची का किया भ्रमण, सिलिका बॉटलिंग प्लांट की ली जानकारी

# मदिरा डिस्पोज करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शनिवार को रांची का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सहायक आयुक्त, राँची (उत्पाद), रामलीला रवानी एवं इंस्पेक्टर उत्पाद, रांची एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा भ्रमण क्रम में सिलिका बॉटलिंग प्लांट रातू रोड़, कमड़े पहुंचे। जहां उन्होंने बॉटलिंग एवं इसकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। इंचार्ज द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कैसे यहां रॉ मटेरियल आता हैं। ब्लांडिंग में कैसे अलग-अलग ब्रांड के अलग-अलग कन्टेनर में मदिरा आता हैं, जिसका प्रोसेस के बाद बॉटलिंग किया जाता हैं। इस क्रम में खाली बोतल की जांच, सफाई, लैबलिंग, बोतल की सिलिंग, बार कोडिंग, पैकिंग, ट्रांसपोर्टिंग की जाती हैं। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि उत्पादन मांग के अनुरूप हो ताकि सभी डिपो में मदिरा सही समय पर पहुंचे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा भ्रमण क्रम में जेएसबीसीएल गोदाम टिकरा टोली, नगड़ी, पिस्का पहुंचे। यहां उपायुक्त द्वारा पूरे गोदाम का निरीक्षण किया गया। पूरे सप्लाई चेन की जानकारी लेते उपायुक्त ने मदिरा की मांग, परमिट एवं पूर्ति समय पर कैसे किया जाता हैं के साथ ट्रैक एन ट्रेस तकनीक को समझा। उन्होंने गोदाम में पड़े खराब मदिरा को डिस्पोज करने का निर्देश दिया। साथ उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि जो विदेशी मदिरा की सप्लाई नहीं हो रही उसे 10 दिन में दुरुस्त कर सप्लाई में सुधार लाएं। उपायुक्त द्वारा अनुज्ञप्ति प्रदत विदेशी मदिरा दुकान, दलादली चौक, नगड़ी का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने डेली स्टॉक, बिक्री की जानकारी ली और तय मूल्य पर शराब बेचने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त भ्रमण क्रम में उत्पाद विभाग भी पहुंचे। जहां प्रबंध निदेशक, झारखंड स?टेट बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्री कर्ण सत्यार्थी एवं महाप्रबंधक, झारखंड स्टेट बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, श्री सुधीर कुमार, सहायक आयुक्त, रांची (उत्पाद), श्री रामलीला रवानी के साथ बैठक की। उन्होंने जिस विदेशी ब्रांड (मदिरा) की सप्लाई नहीं हो रही हैं, उसकी सप्लाई चेन को ठीक करने, मदिरा एमआरपी दर पर ही बिक्री एवं सभी अनुज्ञप्ति प्रदत विदेशी मदिरा दुकान में इसकी सूचना सम्बन्धी नोटिस लगाने, दूसरे राज्य की मदिरा बेचने की पूरी तरह रोक, अगर झारखंड के लिए कोई ट्रक मदिरा ले कर आ रहा है।

# रांची एयरपोर्ट पर तेजस्वी का हुआ ऐतिहासिक स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव पहुंचे रांची, नेताओं कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रितिवाज और ढोल नगाड़ों से किया ऐतिहासिक स्वागत। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि माननीय श्री तेजस्वी प्रसाद ने प्रेस मीडिया से बात करते हुए कहा की राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव स्वस्थ्य हो रहे है इलाज करवाकर बाहर से वापस आ रहे है बहुत जल्द पूरी तरह से अच्छे हो जायेंगे। इन्होंने कहा कि मैं झारखंड के मुख्यमंत्री जी से मिलूंगा और बात करूंगा।चुनाव से पूर्व सभी विपक्ष से बात करूंगा विशेष कर क्षेत्रीय दलों से। हर दल चाहता है कि हम अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लडे ,किंतु जो जहां जहां मजबूत है चुनाव लड़ेगा। हम अपनी ताकत को बढ़ाएंगे तभी चुनाव के लिए सक्षम हो पाएंगे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर उनके स्वागत में पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव,बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दकी, पूर्व मंत्री श्याम रजक,झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव,प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव, पूर्व अध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, युवा अध्यक्ष रंजन यादव,मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा के प्रधान महासचिव मो फिरोज अंसारी, खटाल प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरी शंकर यादव सहित सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

24 फरवरी से रांची में चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होगा। झारखंड स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में इसका आयोजन रांची कॉलेज मैदान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल परिसर, मोरहाबादी में होना है। यह टूनार्मेंट रांची जिला क्रिकेट संघ से निबंधित होगा। टूनार्मेंट बिल्कुल ओपन रखा गया है। इसमें कोई भी इच्छुक सीनियर टीम, क्लब भाग ले सकती है। टूर्नामेंट नॉक आउट आधार पर एवं टी-20 नियमानुसार खेला जायेगा। टूर्नामेंट में पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम को 50 हजार रुपये मिलेंगे। उपविजेता को 30 हजार रुपये नगद दिए जाएंगे। विजेता और उपविजेता को ट्रॉफी भी प्रदान की जायेगी। मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार भी दिया जायेगा। टूनार्मेंट में मात्र 16 टीमों को ही स्थान दिया जाना है। ऐसे में जो टीम इच्छुक हो, वह 19 फरवरी तक इंट्री फीस 10 हजार रुपये के साथ इंट्री दर्ज करा सकती है।

# नोट बुक्स क्विज में कलाम हाऊस चैम्पियन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



शनिवार को राजकीयकृत आदर्श मवि पंडरा रांची में इंटर हाऊस क्विज का आयोजन किया गया। क्विज का विषय था- झारखण्ड सरकार एवं शिक्षा विभाग, झारखण्ड द्वारा विद्यालय किट योजना अन्तर्गत स्कूली बच्चों को निःशुल्क वितरित नोट बुक्स (अभ्यास पुस्तिका) के आवरण एवं अन्तः पृष्ठों पर मुद्रित एवं प्रसारित विभाग एवं झारखण्ड सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं समझ जरूरी है। विद्यालय प्रधान अशोक प्रसाद सिंह द्वारा एक पक्ष पूर्व विभाग द्वारा प्राप्त नोट बुक्स का बच्चों के बीच वितरण के समय ही निर्देश दिया गया था कि सभी बच्चे उन्हें प्राप्त नोट बुक्स के कवर पेज पर अंकित जानकारियों का सूक्ष्मता के साथ स्मरण कर लें और अपने अभिभावक सहित सभी निकट सम्बंधियों को सरकार की योजनाओं से अवगत करावें तथा ईस विषय पर पन्द्रह दिनों बाद आयोजित क्विज में भाग लेंगे। उपर्युक्त निर्णय के आलोक में आज कुल सात राउंड में 42 प्रश्नोत्तर से तैयार क्विज प्रतियोगिता में छः सदनों से लगभग 1000 बच्चों ने बड़े ही उत्सुकता व हर्षोल्लास के साथ भाग लिया है। प्राप्त अंक तालिका के आधार पर 55 अंक प्राप्त कर कलाम हाउस चैम्पियन हाऊस घोषित हुआ जबकि 35 अंकों के साथ तेन्दुलकर हाऊस दूसरे एवं 30 अंकों के साथ मदर टेरेसा हाऊस तीसरे स्थान पर रहा। चौथे व पांचवें और छठे स्थान पर क्रमशः राधाकृष्णन, मंगेशकर और रमण हाऊस रहा है। क्विज मास्टर की भूमिका शिक्षा मंत्री खुशी कुमारी और अनिता कुमारी ने तथा स्कोरर के रूप में रोहित कुमार ने सहयोग किया। नोट बुक्स में मुद्रित सभी योजनाओं को प्रश्नावली के माध्यम से पूर्ण व्याख्या के साथ प्रसारित करते हुए अशोक प्रसाद सिंह प्रिंसिपल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया और नियमित उपस्थिति के साथ योजनाओं से लाभान्वित होने के लिये बच्चों/ अभिभावकों को उत्प्रेरित किया गया।

### स्कूलों में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** पर्यावरण मेला के तहत सभी विद्यालयों की कक्षा नौ से 12 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए शनिवार को चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित प्रतिभागी का नाम जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तेरेसा होरो, राजकीय 2 उच्च विद्यालय कर्रा, द्वितीय स्थान पर अनूप कण्डुलना, एसएस 2 उच्च विद्यालय, रनिया और तृतीय स्थान पर प्रीति कुमारी, राउम विद्यालय सह उच्च विद्यालय, अनिगड़ा रहे।

# महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पशु चिकित्सा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर 159 फलदार और छायादार पौधे लगाए। पौधारोपण का आयोजन रांची की स्वयंसेवी संस्था टीम ग्रीन के सहयोग से किया गया था। फलदार प्रजातियों में आम, लीची, कटहल, जामुन, अमरूद तथा छायादार पौधों में स्वर्णचंपा, गुलमोहर एवं पारल के पौधे शामिल थे। पौधे एवं उर्वरक टीम ग्रीन द्वारा उपलब्ध कराए गए थे जिनके साथ समन्वयन की जिम्मेदारी इंटर्नशिप के छात्र सुशील मिश्र ने निभाई। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि परिसर को अधिकाधिक हरा भरा बनाने के उद्देश्य से अगले रविवार 19 फरवरी को महाविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जाएगा। पौधारोपण में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एनएसएस के छात्र समन्वयक सत्येंद्र कुमार और कैथी तान्या टोप्पो की सक्रिय भूमिका रही। पौधा लगाने वाले सभी 118 छात्र छात्राओं ने प्रतिज्ञा ली कि वे जबतक विद्यार्थी के रूप में कॉलेज में रहेंगे तबतक पौधों की पूरी देखभाल करते रहेंगे।

# शिक्षकों की सेवा संपुष्टि को लेकर लगाया गया कैंप

**रांची।** मध्य विद्यालय, बोड़या में शनिवार को शिक्षकों की सेवा संपुष्टि को लेकर कैंप लगाया गया। कैंप में प्राथमिक और मध्य विद्यालय के 156 शिक्षकों का वेतन वृद्धि सेवा संपुष्ट किया गया। कांके के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुरेश चौधरी द्वारा शिक्षकों के मूल सेवा पुस्तिका में वेतन वृद्धि, सेवा संपुष्टि संधारण और सेवा सत्यापन किया गया। जिन शिक्षकों का जनवरी माह का वेतन वृद्धि निर्धारित था, वैसे सभी शिक्षकों का कार्य संपूर्ण किया गया। इस कार्य में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सहयोग किया। इसके लिए बीईओ ने संघ के प्रवक्ता के नसीम अहमद को बधाई दी। मौके पर संजय कुमार, मनीष कुमार, सबिता मिंज, बीणा सिन्हा, शांति एक्का, त्रिदीप साहू, हेमंत कुमार सिंह, मधु, जय किशोर सिंह आदि मौजूद थे।

### झारखंड आन्दोलनकारियों ने मनाया पूर्व विधायक की दूसरी पुण्यतिथि

# विश्वनाथ भगत के सपनों को करें साकार : पुष्कर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



केंद्रीयकृत पडाहा संचालन समिति व झारखंड आंदोलन्कारी संघर्ष मोर्चा के सयुक्त तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व। विश्वनाथ भगत की दूसरी पुण्यतिथि बेड़ो स्थित बरीडीह जतरा टाड के केंद्रीय पडाहा समिति भवन प्रांगण में मनाई गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दो मिनट का सामूहिक मौन धारण किये व स्व विश्वनाथ भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। स्व विश्वनाथ भगत की पत्नी व केंद्रीय पडाहा संचालन समिति की संरक्षक नीलमणि भगत ने श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी तंमयता से स्व। विश्वनाथ भगत के बताये मार्ग पर चलकर क्रांति करना है। झारखंड आंदोलन्कारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष से ही झारखंड के नव निर्माण व स्व. विश्वनाथ भगत के सपनों को साकार करना है। पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि बेहतर झारखंड को बनाने व बचाने के लिए एक संघर्ष करने की जरूरत है। अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि स्व विश्वनाथ भगत हमारे समाज व झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुआ थे। उनके सपनों को मंजिल तक पहुचाना है। झारखंड आंदोलनकारी व समिति के उपाध्यक्ष भौवा उरांव ने कहा कि हमे अलग राज्य के संघर्ष के मूल्यों को स्थापित करना। कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव ने कहा कि हमारे संस्कृति, समाज व अलग राज्य के प्रणेता थे विश्वनाथ भगत। प्रो सोमरा उरांव ने कहा कि गांव घर में विश्वनाथ भगत सोच को स्थापित कर नावा विहान लाना है। कार्य क्रम का संचालन धनजय कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन कैप्टन लोहरा उरांव ने की। इस अवसर पर राकेश भगत, पंचू उरांव, महाबीर राम लोहरा, दिवाकर साहू,मुरल राम, डेविड बालमुचु, मंगू लकड़ा, गंदु लोहरा, दशरथ लकड़ा, हरि चरण महतो, भोला उरांव, हिनू उरांव, पीटर तिर्की, बंधना उरांव, जोसेफ उरांव, धनेश भगत, विजय तिर्की, अरविंद तिग्गा, बंदे उरांव सहित अन्य सभी उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय विश्वनाथ भगत को श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## मांग पत्र — 10 सूत्री मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

# समस्याओं को दूर करने का अनुरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विवि उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य से मिलकर 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। कालेज में कई समस्याओं को हल करने के लिए प्राचार्य से अनुरोध किया गया है कि अगर समस्याएं दूर नहीं की जायेंगी तो छात्रों के पढ़ाई बाधा पहुंच सकती है। मारवाड़ी महाविद्यालय के बॉयज एवं गर्ल्स सेक्शन में लगभग सभी वॉशरूम में गंदगी वास वेशन एवं पेन टूटा हुआ है, इसे जल्द ठीक करवाई जाए। महाविद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन नहीं होता है, जिससे छात्र छात्राओं को परेशानी होती है एवं उनमें असमंजस की स्थिति बनी रहती है। महाविद्यालय के टीआरएल विभाग में बेंच की कमी है जिससे छात्र छात्राओं को कक्षा में बैठने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है टीआरएल विभाग में अभिलंब बेंच की कमी को दूर किया जाए। लाइब्रेरी में न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत नई पुस्तकें ना के बराबर है, लाइब्रेरी नई पुस्तकें उपलब्ध कराने की कृपा करें। रीडिंग रूम पर आए दिन छात्र-छात्राओं के बैग से मोबाइल और पर्स की चोरी हो जाती है, इसलिए रीडिंग रूम में जल्द सीसीटीवी कैमरा लगाने की कृपा की जाए। महाविद्यालय के कुछ विभाग में ब्लैक बोर्ड टूटा हुआ है, उसे बदलकर नई ब्लैक बोर्ड लगवाई जाए या उसकी मरम्मत करवाई जाए। महाविद्यालय के गर्ल्स सेक्शन के अधिकांश वॉशरूम में पानी नहीं आता है जिससे छात्राओं को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है, वॉशरूम में अभिलंब पानी की व्यवस्था कराई जाए। महाविद्यालय के गर्ल्स सेक्शन में सेनेटरी पैड मशीन लगवाने की व्यवस्था की जाए। महाविद्यालय के गर्ल्स सेक्शन में पीने के पानी की उचित व्यवस्था कराई जाए। महाविद्यालय में जो भी नोटिस जारी होता है उसे नोटिस बोर्ड पर अवश्य लगाया जाए। मौके मारवाड़ी कॉलेज के आजसू अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने ज्ञापन सोपते हुए प्राचार्य महोदय को कहा की इन मूलभूत समस्याओं से कॉलेज के छात्र छात्राओं की परेशान है एवं उनमें रोष का माहौल है, आगे उन्होंने कहा निम्नलिखित मांगों का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। मौके पर मौजूद मारवाड़ी कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष जमाल गद्दी ने कहा के उपरोक्त सभी मांगों को संवेदनशीलता के साथ विचार कर 15 दिनों के भीतर सकारात्मक पहल पूरी की जाए, अन्यथा अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# खीरू महतो ने फंड के दुरुपयोग पर जांच की मांग की

**रांची।** राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने रामगढ़ जिले में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के दुरुपयोग का मामला शनिवार को राज्यसभा में उठाया। साथ ही डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग की जांच कराने की मांग केंद्र सरकार से की है। सांसद ने कहा कि इस फंड का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में किया जाना है। इसके लिए कोल व्यवसायियों से तीस रुपए प्रति टन कटौती की जाती है। रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू, चितरपुर और पतरातु ब्लॉक खनन प्रभावित है लेकिन यहां इस राशि का खर्च नहीं कर समाहरणालय, स्विमिंग पुल, टाउन हॉल, फर्नीचर, पार्क, इंडोर स्टेडियम सहित सदर अस्पताल के सामान आपूर्ति में करोड़ो रुपये खर्च किया गया है। जिले में कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग से बहाल लोगों को भी वेतन इसी फंड से दिया जा रहा है।

# श्याम मंदिर में भंडारे का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष 2022 23 के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 49 वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। साय काल मंदिर के पट खुलते ही मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को श्री श्याम भंडारे की निर्मित प्रसाद का भोग अर्पित किया गया । मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में यजमान गाड़ोदिया परिवार ने भोग भजनों का गायन किया । आवो आवो भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के भजन गायन कर भक्तों ने खाटू नरेश से भोग स्वीकार करने की भावपूर्ण मनोहर की। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में मंदिर के श्री श्याम रसोई में भंडारे का प्रसाद निर्मित किया गया। आज के भंडारे में गरमा गरम केसरिया जलेबी वेजिटेबल पुलाव बनारसी कचौड़ी वेजिटेबल पकौड़ी आलू चना कद्दू की सब्जी का पांच प्रकार का प्रसाद निर्मित किया गया। मंदिर से जुड़े परिवार हरमू रोड निवासी श्याम सुंदर गाड़ोदिया, सतीश, ममता, दीपाश्री व मंडल के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया ने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। गाड़ोदिया परिवार ने मंदिर के आचार्यों को श्री श्याम भंडारे का प्रसाद खिलाकर व भेंट प्रदान कर अपने परिवार के लिए खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच गाड़ोदिया परिवार ने भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। लंबी-लंबी कतारों में भक्तजन खड़े थे । श्री श्याम मंदिर भक्तों से भरा हुआ था। खाटू नरेश की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। 3000 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनौली, अमित सरावगी, राहुल मारू, रौनक पोद्दार, स्नेह पौदार, राजेश चौधरी, संतोष पोद्दार, किशन शर्मा इत्यादि 70 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

# बसंत शबाब पर, खूब लगे हैं आम के मंजर; महक करती है मदहोश

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
ऋतुराज बसंत इन दिनों पूरे शबाब पर है। एक ओर जहां जंगलों और सड़क के किनारे सूर्ख लाल वन ज्योति(पलाश के फूल) और सेमल के फूल प्राकृतिक सौंदर्य को चार चांद लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आम की टहनियों पर खिले आम के मंजर इस बात का एहसास दिला रहे हैं कि इस बार आम की बंपर पैदावार होगी। पेड़ों पर लदे आम के मंजरों को देखकर किसानों के चेहरे भी खिल गये हैं। आम उत्पादक किसानों को भरोसा है कि इस बार

## बंपर पैदावार होने की उम्मीद

आम की भरपूर फसल होगी। तोरपा प्रखंड के किसान उत्पादक फगुवा सिंह कहते हैं कि मौसम अनुकूल रहा और मार्च-अप्रैल में थोड़ी बहुत बारिश हो गई, तो पिछल वर्ष की तुलना में आम की उपज अच्छी होगी। उनका कहना है कि मदमस्त बसंती बयार यदि आंधी में तब्दील हो गई, तो आम के मंजर झड़ जाएंगे। किसानों का कहना है कि लाही और मधुवा रोग का प्रकोप अभी से दिखने लगा है। खूंटी जिले में बीजू आम के साथ ही मालदा, दशहरी सहित अन्य वैरायटी के आम की भरपूर पैदावार होती है। किसान अभी से मंजरों पर दवा का छिड़काव करने लगे हैं। जिला प्रशासन ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले के छह प्रखंडों खूंटी, तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में छह हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में आम की बागवानी की है। तोरपा



के ही सुंदारी गांव के आम उत्पादक किसान और जिला परिषद के पूर्व सदस्य प्रेमजीत भेंगरा कहते हैं कि झारखंड खासकर खूंटी जिले की जलवायु और भौगोलिक स्थिति आम की फसल के लिए काफी उपयुक्त है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां उद्यानिक खेती की आपार संभावनाएं हैं।

# लोक अदालत में पक्षकारों में वैमनस्यता सदा के लिए मिट जाती है : पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
लोक अदालत में मामले निस्तारण से पक्षकारों के बीच उत्पन्न वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए समाप्त हो जाता है। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने कही। वे शनिवार को इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे, कुटुंब न्यायालय के प्रधान




न्यायाधीश मार्त्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार, डीजे चतुर्थ प्रेम नाथ पांडेय, डीजे पंचम अभिमन्यु कुमार, डीजे षष्टम अमरेश कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया।

## पारसनाथ पहाड़ी को लेकर आदिवासी संगठन ने किया रेल ट्रैक जाम

# कई ट्रेनें रद्द, कई का बदला गया मार्ग

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल रेलवे स्टेशन के समीप लेंगडीह-सिकली के बीच शनिवार सुबह आदिवासी सेंगेल अभियान के कार्यकर्ताओं ने आदिवासी धर्म कोड सरना लागू करने की मांग को लेकर रेल चक्का जाम कर दिया। आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में आदिवासी सेंगेल अभियान के कार्यकर्ता अपने हाथों में तख्तियां, झंडा और बैनर लेकर को जाम किया। रेल चक्का जाम से नीलांचल एक्सप्रेस और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस घंटों तक रुकी रही। दर्जन भर से ज्यादा की संख्या में यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया गया जबकि कई ट्रेनों का मार्ग बदला गया। रेल चक्का जाम से रेल यात्रियों को भारी परेशानी हुई। ट्रेनों को रद्द किये जाने के कारण रेल



यात्रियों को पूरा रुपये रेलवे की ओर से रिफंड किया गया।

### इन ट्रेनों को किया गया रद्द

टाटा-हावड़ा स्टील अप/डाउन एक्सप्रेस, झाड़ग्राम-धनबाद एक्सप्रेस अप/डाउन ट्रेन, सुबह 8.50 बजे टाटानगर स्टेशन से खुलने वाली टाटा-खड़गपुर पैसेंजर अप/डाउन, हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस ट्रेन, हावड़ा-बड़बिल जनशताब्दी अप/डाउन आदि ट्रेनों को रेलवे की ओर से रद्द कर दिया गया है।

### इन ट्रेनों का बदला गया मार्ग

हावड़ा-पुणे दुरंतो और आनंद विहार-भुवनेश्वर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बदल कर चलाया गया। दोनों ट्रेनों को मिदनापुर होकर चलाया गया। इस कारण से रेल यात्री समय पर गंतव्य को नहीं पहुंच सके। इसी तरह से राजेंद्रनगर-टाटा-दुर्ग (13288) ट्रेन को पुरुलिया स्टेशन से ही बदले मार्ग से चलाया गया। धनबाद से टाटानगर आनेवाली स्वर्णरेखा एक्सप्रेस को मुरी से ही वापस धनबाद के लिये रवाना कर दिया गया। इसके अलावा कुछ अन्य ट्रेनों को भी मार्ग बदलकर चलाने की योजना थी, लेकिन रेल चक्का जाम समाप्त होने के कारण बाकी ट्रेनों को सामान्य रूट पर चलाने का काम किया गया। मुंबई-हावड़ा मेल ट्रेन (12809) को सबसे पहले टाटानगर रेलवे स्टेशन से सामान्य रूट से हावड़ा के लिये रवाना किया गया। इसके बाद नीलांचल एक्सप्रेस (12876) ट्रेन को सामान्य रूट से रवाना किया गया। मुंबई-हावड़ा कुरला (18029) एक्सप्रेस को भी सामान्य रूट से ही चलाने का काम किया गया। रेल चक्का जाम की सूचना मिलते ही टाटानगर स्टेशन पर रेल यात्रियों की समस्या को देखते हुये सहायता केंद्र खोला गया था। रेल यात्री अपनी समस्या का समाधान यहां पर कर रहे थे। साथ ही ट्रेन का टिकट भी रिफंड करवा रहे थे। रेल चक्का जाम समाप्त होने के बाद भी सहायता केंद्र पर रेल कर्मचारियों को काम करते हुये देखा गया।

## गारु में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी धराया, भेजा जेल

**लातेहार।** गारु प्रखंड के बारेसांढ़ थाना क्षेत्र से एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक शादीशुदा युवक ने ग्यारह वर्षीय नाबालिग बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को पॉक्सो सहित गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि जयप्रकाश ठाकुर नामक युवक ने ग्यारह वर्षीय नाबालिग बच्ची पर दबाव बनाकर जबरदस्ती उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित और आरोपी दोनों एक शादी समारोह में शामिल थे।बाद में पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता की मां की लिखित शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव ने बताया कि पीड़िता की मां ने लिखित आवेदन देकर मामले की जानकरी दी। उसके बाद त्वरित कारवाई करते हुए कांड संख्या 04/23 अंकित कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## सरना धर्मकोड और सम्मेद शिखर के मुद्दे पर

# आदिवासियों ने पारसनाथ रेलवे ट्रैक पर दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सरना धर्मकोड को मान्यता देने और पारसनाथ सम्मेद शिखर को आदिवासी समाज को सौंपे जाने की मांग को लेकर शनिवार को आदिवासी सेंगल अभियान के तहत सैकड़ों लोगों ने पारसनाथ रेलवे ट्रैक पर जाम लगाकर धरना दिया। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने लोगों को उनकी बातों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और जाम हटवाया। आंदोलन को देखते एसडीएम प्रेमलता मूर्मू, एसडीपीओ मनोज कुमार, नौशाद आलम, निमियाघाट थाना प्रभारी, जीआरपी समेत सीआरपीएफ के अधिकारियों ने आंदोलकारियों से वार्ता कर आश्वासन दिया कि जो भी मांगे हैं उसे केंद्र और राज्य सरकार को पहुंचाया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आदिवासी नेता आनंद टुडु ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत देश के पांच राज्यों में आदिवासी समुदाय के लोग अलग-अलग मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के आदिवासी प्राकृतिक पूजक हैं और इस वर्ष हर हाल में सरना धर्म कोड लेना है। क्योंकि, आदिवासी का धर्म सरना है। सरकार सरना धर्म कोड को मान्यता दे और पारसनाथ सम्मेद शिखर को जैन समाज से मुक्त कराते हुए आदिवासी समुदाय को सौंपे। आंदोलनकारी नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर भी प्रहार किया। इस दौरान आदिवासी सेंगल अभियान के बोकारो जोन के जोनल संयोजक आनंद टूडू, झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा, मांझी परगना मडवा अध्यक्ष झारखंड प्रदेश चंद्रमोहन मरांडी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने तारा मेडिकल का किया उद्घाटन

**नामकुम।** नामकुम के पिण्डारकोम में तारा मेडिकल का विधायक राजेश कच्छप ने फीता काट उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र में मेडिकल स्टोर रहने से आम जनों का काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा,मुखिया कमेर्ला कच्छप, प्रदीप प्रणव, अधिवक्ता विनोद सिंह, जयंत कुमार, अमर कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## नामकुम में मनायी पं. दीनदयाल की जंयती

**नामकुम।** नामकुम सांसद समाधान केंद्र कार्यालय सदाबहार चैक नामकुम में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पं0 दीन दयाल उपाध्याय की 106वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आरती सिंह, वरीय नेता गोपाल चैधरी उमाकांत राय, अशोक मुण्डा, समीर राय, गोरखनाथ सिंह, सुबोध सिंह, सहदेव सिंह, तुलसी गोप, दिलीप कुमार, शिल्पी शालिनी, जयंती देवी, मनोज नायक, सोहराय पाहन, एनपी सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## टैंकर की चपेट में आने से युवक की मौत

**नामकुम।** नामकुम में देर रात टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद टैंकर डब्ल्यूबी 11ई 6116 गाड़ी को वहीं छोड़ फरार हो गया। मृतक की पहचान सामलौंग नयाटोली निवासी आशीष कुमार उर्फ गोलू (25) पिता सुनील कुमार शर्मा है। मिली जानकारी के अनुसार गोलू रात में अपने दोस्त को छोड़ने नामकुम बाजार गया था। घर लौटने के क्रम में आरसीएच के ओवरब्रिज से पहले पीछे से आ रहे टेंकर की चपेट में आ गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही नामकुम थाना के पहुंची घायल आशीष को लेकर रिम्स ले गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## 10वीं कक्षा के छात्रों को दी गई विदाई

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत जपुआ स्थित चिल्ड्रेन पाराडैज अकेडमी में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर 10 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी गयी। विदाई कार्यक्रम में विद्यालय संचालक दिनेश लाल दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूवात स्वागत गान के साथ किया गया। साथ ही शिक्षकों ने बच्चों के उजवल भविष्य की कामना की और सभी को डायरी, बुकव पेन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानध्यापक नन्द किशोर दांगी व संचालन शिक्षक विक्रांत कुमार सिंह ने किया। मौके पर श्रवण महतो, सुबोध पाठक, शिक्षिका विनीता कुमारी, सरिता सिन्हा, प्रमिला कुमारी, प्रभा शर्मा, अभिमन्यु राणा सहित अन्य शामिल थे।

# लोक अदालत में 17266 वादों का निपटान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वाधान में एवं राकेश कुमार सिंह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। जिसका संचालन सचिव प्रज्ञा बाजपाई ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पीडीजे, स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन मनोज कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 3 राकेश चंद्रा, अपर




जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम प्रेम शंकर एवं जिला बार एसोसिएशन के सचीव मुरली मनोहर मिश्रा द्वारा संयुक्त दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17266 वादों का निष्पादन करते हुए 11 करोड़ 15 लाख 9 सौ 60 रुपए का सरकारी राजस्व प्राप्त हुआ। मामलों के निष्पादन के लिए 7 बेंचों का गठन किया गया था। पहले बेंच में राकेश चंद्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, सदस्य इंदुभूषण कुमार एवं रामाशीष पाठक अधिवक्ता। दूसरे बेंच में प्रेम शंकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंचम, सदस्य अक्षय कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार सिन्हा पैनल अधिवक्ता। तीसरे बेंच में विनय कुमार लाल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अवर न्यायाधीश द्वितीय, सदस्य सुजीत कुमार घोष एवं शिशिर कुमार पांडेय, पैनल अधिवक्तागण, चौथे बेंच में मोहम्मद उमर, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह अवर न्यायाधीश प्रथम, सदस्य आशुतोष कुमार, राजीव कुमार श्रीवास्तव पैनल अधिवक्ता।

## सीसीटीवी से चतरा शहर क्षेत्र में रखी जाएगी निगरानी

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन के पहल पर चतरा शहरी इलाके में विभिन्न स्थानों पर 19 सीसीटीवी का अधिष्ठापन किया गया है। लगाए गए उपरोक्त सीसीटीवी के माध्यम से चतरा शहरी क्षेत्र में बड़े घटनाओं, अपराधकर्मियों असमाजिक तत्वों पर रखी जायेगी 24 घंटे निगरानी। पुलिस की माने तो इससे शहरी क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के अनुसंधान में पुलिस को मिलेगी मदद। ट्रैफिक नियमों के अनुपालन हेतु पुलिस के द्वारा लगातार चलाया जा रहा है वाहन चेकिंग अभियान।

# समारोह में बच्चों को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**
प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में शिक्षा का अलख जगा रहे प्रीमियर अकादमी में समारोह आयोजित कर दशम वर्ग के बच्चों को विदाई दी गई। विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सर्वेश कुमार सिंह एवं कृष्ण कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर शाहनवाज खान व संचालन प्राचार्य केके यादव एवं मृत्युंजय शर्मा ने संयुक्त रुप से किया। तत्पश्चात अकादमी की ओर से आमंत्रित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को बुके एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने संबोधित किया और बच्चों को मनोबल बढ़ाते हुए कहा की लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिनाइयां तो आती ही रहती है। लेकिन सफलता उन्हीं को मिलती है जो इससे घबराते नहीं। समारोह में बच्चों ने बड़े ही मनमोहक और कलापूर्ण रिकॉर्डिंग डांस किया। दशम वर्ग के तीस बच्चों को अतिथियों द्वारा मेमोंटो तथा मेडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई।

# टू हॉप मार्केटिंग सॉल्यूशन झारखंड में खोलेगा अस्पताल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची, 10 फरवरीः झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को देखते हुए टू हॉप मार्केटिंग सलूशन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाथ बढ़ायेगा। टू हॉप मार्केटिंग सलूशन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी ब्रिजेश तिवारी ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन पर झारखंड में अस्पताल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने स्थानीय होटल में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी टीम पिछले कई वर्षों से राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था के उपर रिसर्च कर रही थी। हमारी टीम ने अपने रिसर्च में पाया कि राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम करने की जरुरत है। इससे सरकार को भी मजबूती मिलेगी। हमारी टीम के लोग जब राज्य में हेल्थ पर रिसर्च कर रही थी, तो उनलोगों ने देखा कि राज्य के सुदरवर्ती गांवों में आज भी इलाज की घोर कमी है। आज भी लोग बेहतर इलाज के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर शहर की ओर जाना पड़ता है। कुछ लोगों को तो बेहतर इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी जान चली जाती है। इन्हीं सब चीजों को देखते हुए हमारी कंपनी टू हॉप मार्केटिंग सलूशन प्राइवेट लिमिटेड ने यह निर्णय लिया है कि राज्य के सुदरवर्ती गांव में रहने वाले लोगों के लिए उनके आस पास के इलाके में ही बेहतर स्वास्थ्य की व्यवस्था करेगी। यह सुविधा कम शुल्क पर लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा। सीएमडी ने बताया कि झारखंड के कई जिलों में कंपनी अस्पताल खोलने की योजना बना रही है। जिसमे गुमला, लातेहार, हजारीबाग समेत अन्य जिले भी शामिल हैं, जहां स्वास्थ्य व्यवस्था का घोर अभाव है। आगामी 2024 तक गुमला और लातेहार में अस्पताल का संचालन प्रारंभ हो जायेगा।

**श्रद्धांजलि** | भाजमो ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई, विधायक सरयू भी हुए शामिल

# व्यक्तिगत व्यवहार में शुचिता बनाए रखें : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर। भाजमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समारोह सह कार्यशाला का आयोजन बारीडीह विधानसभा कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। विधायक सरयू राय एवं पार्टी नेताओं ने दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पर्पित कर श्रद्धासुमन व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुभारंभ के प्रथम सत्र में विधायक सरयू राय ने अपने संबोधन में भाजमो कार्यकर्ताओं को दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी से रूबरू कराया. राय ने बताया की आजादी के बार राष्ट्रवादी विचारधारा के नेताओं ने मिलकर सन 1951 में जनसंघ का गठन किया। दीनदयाल उपाध्याय को जनसंघ का महामंत्री बनाया गया. धीरे धीरे जनसंघ एवं बड़ी पार्टी बन गई। दीनदयाल उपाध्याय एक सामान्य परिवार के साधारण व्यक्ति थे। उन्होंने संगठानिक कार्यों में व्यक्तिगत व्यवाहार में सुचिता बनाए रखने के बात कही थी। उन्होंने कहा थी आप अपने निजी जीवन में जो भी व्यवाहार करते है लेकिन जब संगठन की बात आती है तब पार्टी के नीति-सिद्धांत को अपनाकर ही कार्य करे। उन्होंने 'नित नुतन चिर पुरातन' का मंत्र



दिया था। नए संदर्भ में प्राचीन पद्दति को स्वरूप देंगे लेकिन पुरानी परम्परा के मूल तत्वों को अक्षुण्ण रखना होगा। उन्होंने कहा था की भ्रष्टाचार में किसी भी रूप में समझौता नहीं करेंगे। दीनदयाल जी के ही सिद्धांतों पर जयप्रकाश नारायण ने जनता पार्टी का गठन किया। उन्होंने कहा था की संगठन और व्यक्ती में समन्वय कैसे स्थापित हो इसपर विचार करना होगा। दीनदयाल जी के सिद्धांत आज भी पूर्ण रूप से प्रासंगिक प्रतीत होते है. उन्होनें सादगी और सुचिता पर विशेष ध्यान दिया थी। सुचिता की परिधी भी तय की थी। कम समय में ऐसे विचार रखे की आज दीनदयाल जी के उपदेशों पर देश दुनियाभर में शोध हो रहा है। उनके विचार और दर्शन हमेशा से जीवन को मार्गदर्शन करते हैं और उन्होंने जो भी कार्य करने के तरीके बताए वे दर्शन और सिद्धांत पर आधारित होते है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हमेशा यही कहा की व्यक्तिगत व्यवहार में सुचिता बनाए रखे। राय ने कार्यशाला में संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

# न्यूक्लियस हाइट्स मॉल में खुला द क्रेप कैफे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांके रोड स्थित न्यूक्लियस हाइट्स माल में द क्रेप कैफे का शुभारंभ शनिवार को हुआ। इसका उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। द क्रेप कैफे का रांची शहर में दूसरा ब्रांच है। पहला ब्रांच लालपुर स्थित न्यूक्लियस माल में है। मौके पर सांसद सेठ ने द क्रेप कैफे की सफलता की कामना करते हुए कहा कहा कि रांची शहर का तेजी से विकास कर रहा है। शहर के हर क्षेत्र में लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ इंजॉय कर सकते है। द क्रैप कैफे की संचिलका सुतापा नंदी ने बताया कि ब्रेकफॉस्ट, ऑमलेट, फ्रैंच टोस्ट, बर्गर, सैंडविच, क्रॉन क्रैप्स, स्वीट क्रैप्स, कॉफी, टी, बबल टी, आइसड कॉफी, आइसड टी, मिल्कसेक, कॉकटेल समेत अन्य वैराइटी को मैन्यू में शामिल किया गया।

# महायज्ञ के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखण्ड क्षेत्र के गोरहर में श्री श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित्र मानस ज्ञान महायज्ञ के आयोजन को लेकर ध्वजारोहन किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। तत्पश्चात श्री यादव बेडोकला पहुंचकर ईश्वर यादव की पत्नी द्वारा आहूत श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए। इस क्रम में श्री यादव ने कहा कि पूरा बरकट्ठा क्षेत्र महायज्ञ के आयोजन से भक्तिमय हो गया है ।महायज्ञ का आयोजन परमात्मा के प्रति लोगों का आस्था और विश्वास को प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम में यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सह झामुमो केंद्रीय सदस्य वासुदेव महतो, सचिव सरयू महतो ,कोषाध्यक्ष संतोष महतो, पंसस लखन कुमार, बालचंद महतो, गुलो महतों, गजाधर महतो ,शिवधन कुमार ,अर्जुन कुमार, रामटहल महतो समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।वहीं देवघर बाबा धाम से आए बाबा छोटे सरकार के साथ प्यारेलाल पाठक, रजनी पांडेय समेत पांच पंडितों ने पूजा-अर्चना कर पूरे गांव का भ्रमण किया तथा ध्वज स्थापित कर ध्वजारोहण कार्य को संपन्न कराया ।

# रामगढ़ उपचुनाव : ईवीएम का प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शनिवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पदाधिकारी निर्वाचन समन्वय कोषांग सह अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे, निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम का प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्रियों का किया वितरण

**बरही ।** धनवार पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया । जिसमे बतौर मुख्यातिथि मुखिया राजेंद्र प्रसाद सहित कई अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों को सरकार के द्वारा उपलब्ध पेंसिल, कट्टर, एरेजर, रंगीन, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स इत्यादि का वितरण किया गया । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं । इन्हे पढ़ाना और बेहतर बनाना हम सबों का नैतिक कर्तव्य है। इसका हर संभव ख्याल रखना चाहिए । उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित साफ सफाई के साथ विद्यालय भेजने का अपील किया। बच्चे भी पठन सामग्री पाकर काफी खुश और उत्सुक थे । इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सोनिया देवी, प्रधानाध्यापक मीना कुमारी, पंचायत सेवक समीर कांत रंजन आदि उपस्थित थे ।

# डीसी-एसपी ने किया क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत बनाए जाने वाले पुलिस क्लस्टर एवं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्लस्टर/मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनाव के मद्देनजर विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपचुनाव के दौरान पुलिस क्लस्टर में पुलिस बल के रुकने हेतु अलग-अलग कमरों एवं चुनाव के मद्देनजर क्लस्टर में की जाने वाली अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।

## रामगढ़ उपायुक्त ने दी उपचुनाव संबंधित कई जानकारियां

**रामगढ़।** 23 रामगढ़ विस उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे एवं निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विस क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता कर उपचुनाव संबंधित कई जानकारियां दी। प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि 31 जनवरी 2023 से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तहत नामांकन की अंतिम तिथि तक कुल 20 प्रत्याशियों ने 23 रामगढ़ विस उपचुनाव के तहत नामांकन किया। जिसके उपरांत 8 फरवरी को हुई स्क्रूटनी के दौरान नाम निर्देशन पत्र में त्रुटि के कारण 2 प्रत्याशी संजय कुमार एवं नितेश कुमार सिन्हा की उम्मीदवारी को रद्द किया गया ।

# कोडरमा : सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिले में शुक्रवार की रात हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी युवराज होटल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों में एक युवक की सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय चौधरी (25 ) के रूप में हुई। वहीं घायलों की पहचान विक्की शर्मा (22 ) और सुजीत कुमार यादव (19 ) के रूप में हुई है। दोनों निरो नवाडीह डोमचांच निवासी है। बताया जाता है कि बाइक से ये तीनों सवार होकर चाराडीह जा रहे थे। इसी दौरान युवराज होटल के समीप अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार तीन युवको में एक युवक की सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों को सदर अस्पताल लाया गया , जहां डॉक्टर ने अजय चौधरी को मृत घोषित कर दिया। इधर चंदवारा थाना अंतर्गत एसके वाई होटल के समीप कंटेनर की चपेट में आने से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। प्रयाग भुईयां ( 50 ) अपने साइकिल से सामान लाने के लिए बाजार जा रहा था। कंटेनर (एनएल 01 ए 1184) ने उसे चपेट में ले लिया ,जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। मौके पर कोडरमा एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचे और जाम को हटाया गया। शव को कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# बरही में याद किए गए पं. दीनदयाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भाजपा कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह संयुक्त बिहार के कबीना मंत्री मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष किसून यादव व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों ने पंडित दिनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि, मालतर्पण और दीप प्रज्वलन कर किया । उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा जनसंघ के संस्थापक और मार्गदर्शक पंडित जी एक आदर्शवादी समाजसेवी रहे। उनके आदर्शो को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इनकी पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है । कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, मो असलम, विपिन कुमार सिन्हा, अमित सिंह, बिरेंद्र रविदास आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह सांसद ने वैष्णों देवी मंदिर में टेका मत्था

**रामगढ़।** रामगढ़ के पूर्व विधायक व झारखंड सरकार के भूतपूर्व मंत्री एवं वर्तमान में गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने शनिवार को झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचकर मत्था टेका। जहां पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने माता की चुनरी, प्रतीक चिन्ह व गुलदस्ता देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा समर्थित आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में केला छाप पर मतदान करने की अपील की।

# एनएमओपीएस प्रांतीय सम्मेलन में बरही के शिक्षकों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन के प्रांतीय प्रथम महाधिवेशन में शामिल होने के लिए बरही से शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल रांची प्रस्थान किया । महाधिवेशन का आयोजन झारखंड प्रोद्योगिकी संस्थान नामकुम रांची में आयोजित किया गया । जिसमे मुख्यमंत्री सहित, झारखंड प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति विजय पांडेय ने सरकारी कर्मचारियों को संबोधित किया । जानकारी देते हुए जिला सहसंयोजक किशोरी मोहन ने बताया कि महाधिवेशन में पुरानी पेंशन पद्धति पर चर्चा होना है । जिसमे राज्य के विभिन्न जिलों से विभिन्न विभागों से लोग पधारे थे। बताया कि सरकारी कर्मचारियों का जो पैसा एनएसडीएल में जमा है उसको वापस लाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सरकारी कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवाज बुलंद करने की बात की गई ।

# कोडरमा : लापता सेवानिवृत्त शिक्षक का शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
जिला मुख्यालय स्थित दूधीमाटी से गायब सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद (69 ) का शव शनिवार की सुबह बरामद किया गया। वे 31 जनवरी को लापता हुए थे और कोडरमा थाना में उनके अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत डंगरा पहाड़ के आगे जंगल में नाला के पास से उनका शव बरामद किया गया। उधर से गुजरते हुए लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां शव के पास कुर्ता और चश्मा और थोड़ी दूर मोबाइल बरामद किया गया। घटनास्थल पर शव देखने से प्रतीत हो रहा है कि नन्दन प्रसाद की हत्या की गयी है। सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि एक सप्ताह पहले ही उनकी मौत हो चुकी है। गिरिजा नन्दन प्रसाद के लापता होने के बाद उनके पुत्र आनंद किशोर के आवेदन पर कोडरमा थाना में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। किशोर ने अपने आवेदन में कहा कि उनके पिता गिरिजा नंदन प्रसाद 31 जनवरी को 11 बजे दिन अपने आवास से बाजार जाने के लिए निकले और उसके बाद से वापस नहीं लौटे हैं। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण किया है। इस मामले को लेकर कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया और एसआई इकबाल हुसैन को इस मामले में अनुसंधानकर्ता बनाया गया था।

### शिव रात्रि को लेकर गुप्तेश्वर धाम में बैठक

# धूमधाम से मनेगा शिवरात्रि का त्योहार : रामखेलावन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठाडीह के कुंडिलवा घाट स्थित गुप्तेश्वर महादेव धाम में शिवरात्रि पर्व के सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। साथ ही पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष रामखेलावन यादव, सचिव मिथलेश कसेरा, कोषाध्यक्ष अर्जुन राणा को बनाया गया। साथ ही अशोक कसेरा, शंकर यादव, बासुदेव यादव, भोला नायक, बीरेंद्र रजक, राहुल गुप्ता और अनुप कुमार को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष रामखेलावन यादव ने कहा कि 18 फरवरी को होने वाला शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

# गायत्री महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

## झामुमो जिला अध्यक्ष ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर टेका मत्था



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के चेचकपी पंचायत अंतर्गत लारहो में आयोजित पंच दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसी निमित्त झामुमो जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर माथा टेक लोगों के लिए सुख समृद्धि और अमन चैन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रवचन से हमें अत्याधमिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। इसलिए लोगों को प्रवचन सुनने और उसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्म के प्रति आस्था जब तक जनमानस में गहराई से प्रवेश नहीं करेगा तब तक मानव जाति कि समस्यायों एवं कठिनाइयों का हल नहीं हो सकता है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव समेत अन्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासिन खान, संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी,पंसस प्रतिनिधि महेश मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रदीप पाण्डेय, राजाराम मुर्मू समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### सिंबल मिलने के बाद प्रत्याशी हुए रेस

# झापा प्रत्याशी संतोष कुमार ने मांगा समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सिंबल आवंटन के बाद सभी प्रत्याशी रेस हो गए हैं और वे घर घर जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। शनिवार को रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में झारखंड पार्टी के प्रत्याशी संतोष कुमार महतो ने दुलमी प्रखंड अंतर्गत उसरा, कोरचे, बहातु ,बांसाडीह का दौरा कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उसरा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब से झारखंड का निर्माण हुआ है तब से रामगढ़ के लोगों ने कई प्रतिनिधियों को मौका दिया। पर कोई भी प्रतिनिधि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सहित अन्य समस्याओं को दूर नही कर पाया। इसलिए लोगों ने इसबार मुझे समर्थन देने का मन बना लिया है। महतो ने कहा कि यदि मैं लोगों के समर्थन से चुनाव जीतने में सफल रहा तो शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सहित सभी समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता होगी। झारखंड पार्टी के प्रत्याशी ने कहा यहां के छात्र उच्च शिक्षा के लिए हजारीबाग, बोकारो एवं रांची जाने को विवश हैं। वहीं, छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए आज भी रामगढ़ विधानसड्डा क्षेत्र के लोग रिम्स पर निर्भर हैं। कहा कि मेरा लक्ष्य यहां शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध करना होगा। संतोष कुमार महतो ने लोगों से कहा कि आप मुझे विजय बनाकर विधानसभा भेजें मैं विधानसभा में रामगढ़ की जनता की आवाज बनकर यहां के लोगों के हक और अधिकार दिलाने का कार्य करूंगा।

## धनवार मुखिया ने किया लोगों से ओटीपी नहीं देने की अपील

**बरही ।** धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने पंचायत वासियों से सुखाड़ राहत के नाम पर पैसा डालने के नाम पर किसी को भी ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी संख्या या अन्य कोई गोपनीय कोड की जानकारी नही देने का अपील किया है । उन्होंने बताया कि इन दिनों कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा सुखाड़ राहत के पैसा ट्रांसफर करने के नाम पर खाता से पैसा निकालने की शिकायत मिली है । ऐसे में आम लोग सावधान और सतर्क रहें । साथ ही इस प्रकार के कोई भी जानकारी मिलने पर प्रशासन को अथवा उन्हें अवश्य खबर करें। उन्होंने कहा कि ओटीपी या पासवर्ड बिल्कुल ही गोपनीय जानकारी है, जो कोई भी सरकारी कर्मचारी अथवा पदाधिकारी नहीं पूछते हैं ।

**मार्गदर्शन** | डिवाइन स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पाठ्य सह क्रियाकलापों के अंतर्गत चित्रकला,पत्र लेखन ,कक्षा उपस्थिति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता वर्ग वार आयोजित की गई।विद्यालय के चित्रकला शिक्षक राजीव कुमार मोदी के निर्देशन में बच्चों ने कई सुन्दर पेंटिंग बनाया तथा सृजनात्मक शक्ति को कागज पर प्रदर्शित किया। वहीं विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने सफल छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि छात्र अपने अंदर की प्रतिभा को पहचाने और शिक्षक के मार्गदर्शन में उस प्रतिभा को निखारें। सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा छिपी रहती है उस प्रतिभा को बाहर निकाल कर उसे निखारना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।इसमें शिक्षक और अभिभावक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी अस्मिता कुमारी, कुंदन राणा, रेखा कुमारी, रितेश पंडित, नितिश कुमार, सिद्धार्थ पंडित, स्तुति कुमारी, शिवम कुमार, रिंकी कुमारी, सोनु कुमार, सूरज कुमार, कुलदीप कुमार, हसन रजा, बादल राज, आरुषि सुमन, कुंदन कुमार, द्रौपदी कुमारी, अनिश गुप्ता, प्रीति कुमारी, वर्षा कुमारी, राजन कुमार आदि शामिल हैं।प्रतियोगिता को सफल बनाने में काशीनाथ महतो,रामनन्दन कुमार, राधा देवी, रूबी खातून आदि शिक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# उत्पात : जंगली हाथियों ने 3 गावों में दर्जन घरों को किया क्षत्तिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड में इन दिनों लगातार जंगली हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है जंगली हाथियों का झुंड द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ-साथ घर में रखे अनाजों को भी पूरी तरह से नष्ट कर रहे हैं और इसके अलावा लोग रात भर जगने पर विवश हैं बीती रात जंगली हाथियों के द्वारा तीन गांव में दर्जनों घरों पर उत्पात मचाकर तोड़फोड़ की। मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथियों की संख्या लगभग 20 की संख्या बताई जा रही हैं एक बच्चा भी हैं। इधर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक हथिनी ने एक बच्चे को जन्म दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोय पंचायत के ग्राम





महाबुवांग विभिन्न टोला में बुका मुन्नी देवी, शंकर सिंह व लीलावती देवी, बिमला देवी, लछमन सिंह के घरों को क्षत्तिग्रस्त किया वही बानो प्रमुख सुधीर डांग ने गांव दौरा कर बताया कि कई घरों पूरी तरह नस्ट कर दिया। उधर चोरबान्दू विभिन्न तोला में घूम-घूम कर जंगली हाथियों ने पांच घरों को क्षतिग्रस्त किया।

चोरबान्दू के डंमबुवामुंडा, बुधनी उरांव, शंकर बड़ाईक, डिंडा तोपनो व जितव्हांन बड़ाईक के घर को तोड़ा बताया जा रहा है सभी हाथी रनिया प्रखंड के जंगलों से बानो प्रखंड रात्रि में आते ही तबाही मचाई लोगो में दहशत फैल गई है। कब किसका घर हाथियों का हमला हो जाय। इतने मन नही भरा हाथियों झुंड उकौली पंचायत के सिकोरदा में निरल समद, मनसुक समद व सुगढ़ समद के घरों को तोड़फोड़ की साथ ही रखे धान चावल को खा गया। बानो प्रमुख सुधीर डांग ने ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 20 हाथियों का झुंड चोरबान्दू सिकोरदा सीमन जंगल में दिन भर रहा। जानकारी के अनुसार हाथियों का दल रनिया क्षेत्र से बानो प्रखंड के ओलहान, बुरुइरगी, होते महाबुवांग पहुंचा। जहां पर विभिन्न टोला हाथियों ने भोजन की तलाश में घरों को निशाना बनाते गया। इधर जानकारी मिलने पर वन विभाग के कर्मचारियों बिभिन्न गावों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

# 30 डिसमिल में लगी अफीम की खेती नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बानो थाना इलाके के जमतई पंचायत के धोबीगढ़ा खटांगटोली में 30 डिसमिल जमीन में लगी अफीम का खेती को नष्ट किया गया। जमीन के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। इसके बाद पूरे खेत में ट्रैक्टर से अफीम की फसल को पूरी तरह से नष्ट किया गया। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है कि खेत मालिक के द्वारा स्वयं लगाया गया था या उसे किसी और ने लगाने के लिए कहा था।

## NEWS इन ब्रीफ

### भाजपा ने मनाया पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि


**कोलेबिरा।** भाजपा कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार के नेतृत्व में शक्ति केंद्र नवाटोली पंचायत के बुथ नम्बर 18 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम का शुरूवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तसवीर पर पुष्प अर्पित कर सरधासुमन अर्पित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मना रहें है दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के नेता और भारतीय राजनीतिज्ञ एंव आर्थिक चिंतन को वैचारिक दिशा देने वाले पुरोधा थे। वे भारतीय जनसंघ के उपाध्यक्ष भी रहें उन्होने भारत कि सनातन विचारधारा को युगानुकूल रुप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। समर्पण दिवस पर नवाटोली पंचायत मुखिया कल्पना देवी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जनेश्वर बिल्हौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर रमेश सिंह, उदय लोहरा, आकाश नायक, महिला मोर्चा महामंत्री आशा देवी, प्रिटी कुमारी, ललिता देवी, सुनिता देवी पुष्पा देवी, भारती कुमारी, उपस्थित हुए।

### कराटे प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




**कुडू।** युवा सद्भावना मंच कुडू द्वारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कराटे प्रशिक्षक सेंसई अमित कुमार सिंह द्वारा बच्चों को क्राटे के कई गुर सिखाए गए। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने बच्चों को खेल के महत्व के बारे बताया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है साथ ही समाज में आपसी प्रेम एवं सद्भावना बनाए रखने की बात कही। मौके पर युवा सद्भावना मंच सदस्य सलीम अमीर, चंदर महली आदि मौजूद थे।

### लोहरदगा चैम्बर आफ कार्मस ने कृषिमंत्री का पुतला जलाया



**लोहरदगा।** चैम्बर द्वारा झारखंड सरकार द्वारा पारित कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के खिलाफ लोहरदगा में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला दहन किया गया। लोहरदगा नगर क्षेत्र के बरवा टोली चौक में कृषि मंत्री का पुतला दहन किया गया। मौके पर लोहरदगा चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार ने बतलाया कि कृषि कानून के विरोध व सरकार द्वारा वापस लिये जाने का जोरदार दबाव बनाते हुए फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अगुवाई में झारखण्ड के सभी खद्यान व्यापारी अपना सम्पूर्ण ताकत झोंकने के लिये कटिबद्व है। अतः आगामी आनेवाले दिनों में विधायकों व मंत्री का घेराव, धरना प्रदर्शन, राज्य सरकार व केंद्र सरकार से पत्राचार से लेकर हर वह कदम उठायेगी जिससे झारखण्ड सरकार को यह काला कानून वापस लेने का दबाव बने। मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

# यूनिफाइड कमांड की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शनिवार को यूनिफाइड कमांड की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में संपन्न हुई. इसमें मुख्य रूप से पेशरार, किस्को, सेन्हा आदि प्रखंडों में पथ, विद्युत व पेयजल की स्थिति से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई और समस्याओं के निराकरण से संबंधित निर्देश दिये गये। बैठक में पेशरार-बुलबुल पथ प्रगति लाने, मूंगों से जवाल पथ को मूंगों से जवाल होते हुए तुरियाडीह तक पथ का प्रस्ताव पीएमजीएसवाई योजना में लेने का निर्देश दिया गया। सनई-हपात पथ, दुंदरू में पथ निर्माण और ओनगड़ा में पुल निर्माण की स्थिति पर चर्चा हुई व निर्देश दिये गये। अनुमंडल पदाधिकारी को भूमि हस्तांतरण से संबंधित निर्देश दिये गये। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता को पुलिस लाइन में डीप बोरिंग की योजना का कार्य किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## आत्मा गवर्निंग बोर्ड, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कार्यकारिणी समिति की बैठक



**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया जिसमें कुल 124 हेक्टेयर में गर्मा मूंग प्रत्यक्षण एवं कृषि यंत्र स्थानीय पहल पर कार्य करने का अनुमोदन दिया गया। उपायुक्त महोदय द्वारा टाना भगतों को 15 पम्पसेट और 15 पावर स्प्रेयर दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्योग महाप्रबंधक, सहायक कृषि पदाधिकारी, आत्मा परियोजना उप निदेशक समेत कार्यकारिणी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आयुष कार्यालय सिमडेगा में मनाया गया यूनानी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित आयुष कार्यालय में यूनानी दिवस के मौके पर शनिवार को हकीम अजमल खान की जयंती मनाई गई इस मौके पर जिला आयुष पदाधिकारी शिवदयाल के द्वारा हकीम अजमल खान की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं नमन किया इस मौके पर कार्यालय कर्मियों ने भी बारी-बारी से श्रद्धांजलि दी इसके अलावा एएनएम स्कूल सिमडेगा की प्राचार्य एवं छात्राएं शामिल हुई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला आयुष पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को आयुष मंत्रालय की ओर से यूनानी दिवस मनाया जाता है और इस दिन को मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि भारत के सबसे बड़े यूनानी विद्वान हकीम अजमल खान की जयंती को याद करना ।भारतीय चिकित्सा पद्धति में हकीम अजमल खान की बहुत बड़ी भूमिका रही है जिन्होंने यूनानी चिकित्सा के माध्यम से इस देश में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने का कार्य किया। यह एक किस्म की पर्शियन-अरबी पारंपरिक औषधि प्रणाली है। इसका उपयोग मुगलकालीन भारत में किया गया, इसके अतिरिक्त दक्षिण एशियाई तथा मध्य एशिया में भी यूनानी चिकित्सा पद्धति का उपयोग किया जाता है। इस चिकित्सा पद्धति का आरंभ यूनान में हुआ था। हिप्पोक्रेट्स को इस चिकित्सा पद्धति का जनक माना जाता है। भारत में इस चिकित्सा पद्धति की शुरूआत 13वीं शताब्दी में दिल्ली सल्तनत की स्थापना के साथ हुई थी। वही यूनानी चिकित्सा के जनक कहे जाने वाले हकीम अजमल खान, जो नई दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया के संस्थापकों में से एक थे, इसके साथ ही वह एक प्रसिद्ध भारतीय यूनानी चिकित्सक थे। वह एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी, एक महान विद्वान, एक समाज सुधारक, एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, एक यूनानी चिकित्सा शिक्षाविद् और यूनानी चिकित्सा पद्धति में वैज्ञानिक अनुसंधान के संस्थापक थे। आज पूरे देश में आयुष के पद्धतियों को लोग अपना रहे हैं और इसके उपचार से रोगी ठीक हो रहे हैं देश में आज सभी जगहों पर इसके चीजों को बारीकी से शोध करते हुए इसके बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही ताकि आने वाले दिनों में आयुर्वेद के माध्यम से बीमारियों को जड़ से समाप्त किया जा सके। मौके पर आयुष डॉक्टर शमशाद अहमद सहित कार्यालय कर्मी एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 2336 वादों का निष्पादन

# 16467973 रुपये अर्थदंड की हुई वसूली




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सिविल कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष -सह- उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छः बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या -1 में मोटर दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल, बेंच संख्या -2 में बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी,बेंच संख्या - 3 में सुलहनीय दांडिक वादों के लिए श्री चंदन सीजीएम, जबकि मोटर व्हीकल एवं सिविल वादों, 107,133,144 आदि मामले के निपटारे हेतु न्यायिक दंडाधिकारी -सह- निबंधक राज कल्याण के नेतृत्व में बेंच संख्या -4 एवं बैंक संबंधित वादों के निष्पादन के लिए न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के नेतृत्व में बेंच संख्या - 5 का तथा उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या - 6 का गठन नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2336 केसों का निष्पादन किया गया जबकि 1,64,67,973 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 103 वाद न्यायालय में लंबित थे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। राष्ट्रीय गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया।

# टीबी मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ चैनपुर प्रखंड

**बीडीओ ने बेहतर कार्य करने वाले एसटीएस रणधीर की सराहना करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में यक्ष्मा की रोकथाम के लिए बेहतर पहल हुई है**




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** टीबी के सभी मरीजों को समस्त निर्धारित सरकारी सुविधा देने वाला पहला प्रखंड बनने का गौरव गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड को प्राप्त हुआ है। इसपर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह ने प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मियों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि आगे भी को कायम रखने का आह्वान किया है। कौशल विकास केंद्र के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में बीडीओ ने बेहतर कार्य करने वाले एसटीएस रणधीर की सराहना करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में यक्ष्मा की रोकथाम के लिए बेहतर पहल हुई है। टीबी रोगियों को रोगमुक्त बनाने में सफल प्रयास के अलावा सरकारी योजना से जोड़ने में इनका प्रभावी योगदान रहा है।

मौके पर उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को मुख्यधारा में लाकर सामाजिक विकास में उनका योगदान सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाएं लागू की जा रही है। टीबी के मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें पीएम आवास ,मनरेगा से बागवानी, कुआं का लाभ दिलाने के साथ ही युवा मरीजों को रोजगार सृजन के लिए 50 हजार रुपये, महिला टीबी मरीज के लिए श्रम विभाग की ओर से निशुल्क सिलाई मशीन, कल्याण विभाग के द्वारा दी जाने वाली मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना का लाभ मुहैय्या कराने का काम चैनपुर प्रखंड में शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा कृषि कार्य के लिए केसीसी से जोड़ने की पहल की गई है। इधर प्रखंड प्रशासन का सहयोग के लिए सरकारी पदाधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड के टीबी मरीजों को अपने निजी खर्च पर गोद लिया है। उन्हें प्रत्येक माह पोषण किट निजी खर्चो पर देने में सहयोग कर रहे हैं। वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन के इस अभियान में जिला यक्ष्मा केंद्र का व्यापक सहयोग मिल रहा है जो निःसन्देह प्रशंसनीय है।

मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ गणेश राम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजमोहन खलखो, एसटीएलएस पवन कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग कर्मी, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# किस्को अंचल अमीन अजय कुमार पर गिरा गाज, निलंबित

### पूर्व में भी अमीन अजय पर जमीन मापी मामले में पैसे लेने का आरोप लगा था

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को** जिले के किस्को अंचल में पदस्थापित अंचल अमीन अजय कुमार को विभाग की ओर से कार्य के प्रति लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित कर दिया गया है। इसकी जानकारी अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू ने देते हुए बताया कि सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रतिकूल आचरण व सरकारी कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में अंचल अमीन अजय कुमार को निलंबित किया गया है। सीओ बुडाय़ं सारू ने बताया कि इन्हें तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय निर्धारित किया गया है। बता दें कि किस्को अंचल अमीन अजय कुमार पूर्व में भी जमीन मापी संबंधी मामले में पैसे लेन-देन को लेकर सुर्खियों में रहे थे। साथ ही अंचल अमीन अजय कुमार क्षेत्र के गरीब असहाय परिवार वालों की ओर से जमीन मापी हेतु बुलाये जाने पर मोटी रकम की वसूली किये जाने को लेकर भी चर्चा में रहते थे। इधर अंचल अमीन अजय कुमार को विभाग की ओर से निलंबित किये जाने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है। लोग ऐसे भ्रष्ट अमीन के विरुद्ध कार्रवाई होने से राहत की सांस ले रहे हैं।

### साइबर क्राइम से ठगी के शिकार हुए व्यक्ति से मिलने पहुंचे मजदूर नेता राजेश सिंह

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के कादोपानी छुरिचोखा गांव में साइबर क्राइम से ठगी के शिकार हुए व्यक्ति से मिलने पहुंचे मजदूर नेता राजेश सिंह इस मौके पर ठगी के शिकार हुए व्यक्ति इल्याजर कुल्लू ने बताया कि पिछले दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान योजना का लाभ हेतु एक आवेदन शिविर में दिया था। इसी का हवाला देते हुए कोई अधिकारी बनकर फोन किया। जिसमें कहा गया कि मैं कृषि विभाग रांची से बात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत अपने आवेदन दिया था जो कि आपका नाम चयन किया गया है। जिसमें आपको एक ट्रैक्टर और 286000 नगद अनुदान में मिलेगा। इस संबंध में बार-बार फोन आने पर इल्याजर कुल्लू ने 94000 अधिकारी के खाते में ट्रांसफर कर दिया। किंतु अब तक अनुदान का कुछ भी लाभ नहीं मिला। इस संबंध में इल्याजर कुल्लू ने बताया कि बोलबा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को भी मजदूर नेता राजेश सिंह के अगुवाई में एक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया गया है।

### शॉर्ट सर्किट से पुआल में लगी आग

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 10 के खिजरी गांव में शनिवार को शॉर्ट सर्किट की वजह से कैलाश रजक नामक किसान के घर के पास रखे पुआल में भीषण आग लगी आपकी लपेटे दूर-दूर तक उठने लगी तब इसकी सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा पूरे दलबल के साथ दो फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर पहुंचे और काफी देर तक मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक पूरा पुआल जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैलाश रजक के घर के ऊपर से बिजली की तार गुजरी है और पेड़ में किसी प्रकार से स्पार्क होने की वजह से दोनों तार आपस में सट गए और उससे निकलने वाली चिंगारी सीधे पुआल में पड़ी और उसके बाद आग लग गया। आग लगने की वजह से किसान की हजारों रुपए की पुआल जलकर राख हो गया किसान काफी चिंतित है उसने कहा कि वह अपने मवेशियों के लिए चारा के रूप में उसे इस्तेमाल करता था लेकिन अब आग से जलने की वजह से अब उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### कोरोंजो मेला का विधायक नमन बिक्सल ने की फीता काटकर किया उद्घाटन

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के कोरोंजो में 2 वर्षों के बाद 3 दिवसीय भव्य का उद्घाटन कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी के द्वारा रिबन काटकर की गई। बताया गया कि कोरोना काल में बंद के बाद इस बार मेला काफी जोश और उत्साह के साथ लगाया गया है जिसमे झूला, नाव, एवं बच्चों का एक से एक अलग-अलग झूला में मनोरंजन के साधन मिठाई कपड़े आदि की दुकानें सजे हुए हैं मौके पर कोलेबिरा विधायक ने अपने सहयोगियों के साथ मेला का भ्रमण करते हुए मेले का आनंद लिया एवं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अंग्रेजों के जमाने से यहां मेला लगते आ रहा है। कोरोना काल में केवल बंद हुआ था जो कि इस बार चालू किया गया जिससे कि यहां के ग्रामीण बहुत ही खुश नजर आए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीओ साहब, सुशील गोदरा, राजेश डुंग डुंगडुंग, प्रिंस कुमार, कारू, राजा अरसद,असजद, कयूम, आदि उपस्थित एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता** — अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

# अंग्रेजी सीखना जरूरी है : सुनीता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में अंग्रेजी बोलने, लिखने एवं दैनिक व्यवहार में अंग्रेजी भाषा को कैसे ला सकते हैं। फरवरी महीना अंग्रेजी महीना भाषा विकास महीने के रूप में चयनित किया गया है इस दृष्टि से भैया बहनों एवं आचार्यों के भाषिक दृष्टिकोण से प्रत्येक शनिवार को अंग्रेजी विषय में कविता पाठ तथा आज दिनांक 11-2-2023 को कक्षा उदय से लेकर पंचम तक अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी भैया बहन उत्साह पूर्वक भाग लिए जिसमें सभी कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले भैया बहनों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर



सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पढ़ाने वाले आचार्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस प्रतियोगिता में कक्षा पंचम से सृष्टि भगत कमलेश उरांव एवं विधाता उरांव को पुरस्कार दिया गया। कक्षा चतुर्थ से चंचल कुमारी आस्था पांडे एवं अमृता कुमारी को पुरस्कार दिया गया कक्षा तृतीय से पीहु जयसवाल दिव्या तथा दीक्षा कुमारी को पुरस्कार दिया गया। कक्षा द्वितीय से सिद्धि शर्मा आराधना मेहता एवं पायल कुमारी को पुरस्कार दिया गया। कक्षा प्रथम 'क' से संगम उरांव अंश कुमार लहरी एवं हर्ष उपाध्याय को पुरस्कार दिया गया। कक्षा प्रथम 'ख' से प्रनीत कुमार संतोषी कुमारी अर्पित मित्तल को पुरस्कार दिया गया। कक्षा उदय से खुशबू कुमारी अनन्या कुमारी एवं शिवांश जयसवाल को पुरस्कार दिया गया। कक्षा प्रभात से रौनक साहू निहारिका उरांव को पुरस्कार दिया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### नि:शुल्क कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू

**मेदिनीनगर।** पलामू में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सतीश कुमार दुबे के द्वारा स्थानीय माध्यमिक शिक्षक संघ भवन जेलहाता में मैट्रिक और इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक अनिल कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। इस कोचिंग का मुख्य उद्देश्य छात्रों में परीक्षा में होने वाली घबराहट को दूर करना है। साथ ही विद्यार्थियों के संशय को भी प्रमंडल के शिक्षको के द्वारा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा। अब इस नि:शुल्क कोचिंग में विद्यार्थियों का आना शुरू हो गया है और पढ़ाई भी शुरू कर दी गई है। विद्यार्थियों को उच्च स्तर के शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन शाम 3.30 से 5.30 तक शिक्षा दी जा रही है।

### सदर अस्पताल से बैग व मोबाइल की चोरी

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में एक महिला का बैग और मोबाइल चोरी हो गया। इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महूगांवा निवासी मनोज कुमार रवि ने दी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा और इलाज कराने के लिए पुर्जा कटवाने गया। इसी दौरान बैग से मोबाइल और पैसे की चोरी हो गई। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई । पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनी

**सिमडेगा।** जिले के भाजपा जिला कार्यालय सहित सभी मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया, कार्यकताओं द्वारा उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।जिला कार्यालय में समर्पण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी।

### आदिवासी अधिकार महारैली को लेकर किया विचार विमर्श

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का एस्टेडियम में शनिवार को आदिवासी अधिकार महारैली को लेकर आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा ने तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष रोशन डुंगडुंग की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने ने कहा कि महारैली जेएससीए स्टेडियम स्थित प्रभात तारास्कूल मैदान में होगी। जिसमें भारी संख्या में आदिवासी समुदाय को शामिल होने का तैयारी को लेकर गाँव के नेतृत्वकत्ताओं से चर्चा हुई। बैठक को आदिवासी छात्र संघ के संरक्षक प्रदीप टोप्पो ने अपने अधिकारों और हक की मांग को लेकर रैली में सम्मिलित होकर एकजुटता दिखाने के लिए सबको रैली में शामिल होने के लिए अपील किया।

### विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की हुई बैठक

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को देवराहा बाबा आश्रम में आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री रंगनाथ महतो, संगठन मंत्री कुलदीप सिंह जी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने की। प्रथम ओंकार ध्वनि के साथ बैठक की शुरूआत हुई और इस दौरान संगठन मजबूती एवं कई गंभीर बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी लोगों को अपने धर्म अपने समाज और सभ्यता संस्कृति के पुनरुत्थान और उसे बचाए रखने के लिए चर्चा किया गया।

# मनरेगा नियमों में उल्लंघन को लेकर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## थाने में संबंधितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में संचालित मनरेगा योजनाओं में मनरेगा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे गंभीर है। जिले में मनरेगा योजनाओं में अनियमितता बरतने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पांकी प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में जेसीबी से खुदाई होने का मामला प्रकाश में आते ही उपायुक्त ने पांकी बीडीओ को संबंधितों पर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया था। जिसके बाद पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह द्वारा पिपराटांड़ थाने में मनरेगा वेंडर निरंजन कुमार सिंह व अन्य पांच लाभुकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दरअसल,जिले के एक दैनिक अखबार में मनरेगा योजनाओं में नियमों का उल्लंघन,जेसीबी से हो रही खुदाई नामक शीर्षक से खबर छपी थी जिसका उपायुक्त श्री दोड्डे ने संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की। सूड़ी पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, मेट व अज्ञात जेसीबी ट्रैक्टर चालक व मालिक पर भी हुआ एफआईआर इसी तरह पांकी के सूड़ी पंचायत अंतर्गत नहर पुल से गोगाड सिवाना तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में जेसीबी से निर्माण कराये जाने का मामला उपायुक्त के संज्ञान में आया । जिसके बाद उपायुक्त ने बीडीओ से पूरे मामले की जांच करवाई। जिसमें जेसीबी से निर्माण कराये जाने की पुष्टि की गयी। जिसके पश्चात सूड़ी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव,रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता ,मेठ व अज्ञात जेसीबी ट्रैक्टर चालक व मालिक पर पांकी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर सभी संबंधितों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## पलामू शहर से पटना अब चार घंटे में जा सकेंगे यात्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य की राजधानी रांची से पटना की दूरी कम होने वाली है। गया शेरघाटी डालटनगंज रेल लाइन की मंजूरी मिल गई है। जहां इस रेल लाइन के सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 20 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। वही,रेल लाइन के बनने से डालटनगंज से गया और पटना की दूरी 70 किमी तक कम हो जायेगी। यह रेल लाइन गया रफीगंज भाया डालटनगंज तक जायेगी। पूर्व मध्य रेलवे का यह परियोजना लंबे वक्त से प्रस्तावित था। लेकिन पहली बार इसके लिए राशि जारी की गई है। फिलहाल, रांची से पटना जाने में 9 से 14 घंटे लगते हैं। पलामू से पटना जाने में ट्रेन से लगभग 7-8 घंटे लगते है। परियोजना पूरा होने के बाद रांची से पटना की दूरी करीब तीन घंटे कम हो जायेगी। जबकि पलामू से पटना की दूरी लगभग चार घंटे की रह जायेगी। परियोजना के पूरा होने से गया का शेरघाटी, इमामगंज, डुमरिया, पलामू का नौडीहा बाजार, छतरपुर, नावाबाजार समेत कई प्रखंड जुड़ जायेंगे। यह पूरा का पूरा इलाका नक्सल कॉरीडोर रहा है। इससे पहले बरवाडीह चिरमिरी रेल लाइन परियोजना के लिए भी सरकार ने करीब दो लाख करोड़ की राशि मंजूर की है। इस परियोजना के पूरा होने से कोलकाता से मुंबई की दूरी बेहद ही कम हो जायेगी। पलामू का इलाका रेलवे के सेंट्रल इंडस्ट्रियल के तहत आता है। पलामू का धनबाद और मुगलसराय रेल डिवीजन के अंतर्गत आता है। डालटनगंज गया रेल लाइन का सर्वे पूरा होने के बाद रेलवे इसका तैयार डीपीआर जारी कर वित्तीय अनुमति भी देगी। रेलवे अधिकारी के अनुसार दो से तीन महीने में सर्वे का काम पूरा हो जायेगा। रेलवे विकास निगम रेल लाइन परियोजना का सर्वे का काम करेगी। गया-डालटनगंज की रेल लाइन करीब 120 किलोमीटर की होगी। पलामू सांसद वीडी राम ने मामले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया था। डालटनगंज शेरघाटी रफीगंज गया रेल लाइन परियोजना पूरा होने के बाद पलामू के इलाके की करीब सात से आठ लाख की आबादी रेल से जुड़ जायेगी। पलामू से रेलवे का फ्रेट कॉरिडोर भी होकर गुजर रहा है। फ्रेट कॉरिडोर के बाद डालटनगंज गया रेल लाइन रेलवे की एक बड़ी परियोजना है।




### विभिन्न विभागों का लगा स्टॉल, सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

### नीलाम्बर- पीतांबर के वंशज सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेला में मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह- मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए मेला के इतिहास से अवगत कराया। साथ में ही वनों में रह रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराने, पलामू समाहरणालय परिसर में राजा मेदिनीराय की प्रतिमा स्थापित करने, रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर करने आदि से संबंधित मांग रखी। अतिथियों द्वारा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला परिसर में चेंजिंग रूम एवं स्टोर रूम का शिलान्यास तथा शौचालय एवं स्टेज का उद्घाटन किया गया। मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह चोरो ने किया। मौके पर कला दलों द्वारा आदिवासियों की भाषा संस्कृति एवं पहचान को प्रदर्शित आदिवासी नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। जहां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वहीं लोगों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसके अलावा बैनर, पोस्टर के माध्यम से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मेले में शहीद नीलांबर-पीतांबर के वंशज को मोमेंटो एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, गढ़वा जिला विससूत्री उपाध्यक्ष, पलामू जिला विससूत्री उपाध्यक्ष, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, अंचल अधिकारी झुनू मिश्रा के अलावा अन्य सरकारी पदाधिकारी-कर्मी, समाजसेवी राजेंद्र कुमार सिन्हा, तनवीर आलम सहित राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति के त्रिपुरारी सिंह, रामेश्वर सिंह चेरो, जेपी मिंज, भरदुल सिंह चेरो, हृदया सिंह, निर्मल सिंह, प्रमोद सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार सिंह, अजीत सिंह, सुनील उरांव, सुरेंद्र सिंह, प्रताप तिर्की, विपिन सिंह, लक्ष्मण सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।





## सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकर नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशन में शनिवार को जिला विधिक सेवा के प्राधिकार के तत्वधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा,एडीजे सिमडेगा आशा डी भट्ट, उपायुक्त आर. रॉनीटा, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, एनडीसी राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 6 बेचों का गठन किया गया उन्होंने वादीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को समझाते हुए आपसी सुलह समझौता कर इस आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की बात कही तथा गठित 6 बेंचों से अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित कराने की बात कही। उन्होंने बतलाया कि सुलह समझौते के आधार पर दीवानी एवं सुलहनीय फौजदारी मामलों का निष्पादन से पक्षकार सरल, सुलभ एवं सस्ता न्याय प्राप्त कर सकते हैं। न्यायालय पर मामलों का दबाव प्रतिदिन बढ़ता जाता है ऐसी स्थिति में लोक अदालत वैकल्पिक व्यवस्था है। इसके माध्यम से विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों जैसे मोटरयान दुर्घटना मुआवजा मामले, विद्युत प्रकरण, श्रम प्रकरण, चेक अनादरण के मामले, पारिवारिक विवाद मामले आपसी सुलह समझौता के माध्यम से निराकरण करने का प्रयास किया गया।

## गरीबी की भावना को दूर करती है ड्रेस- मीना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत अंतर्गत ग्राम पथरा बाजार के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पंचायत के मुखिया मीना देवी द्वारा स्वेटर का वितरण किया। मीना देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी से लेकर विद्यालयों तक सरकार बच्चों की सारी सुविधाएं- दोपहर का भोजन,स्कूली ड्रेस,शिक्षा किट, किताब,कॉपी जैसे सारी सुविधाएं सरकार निःशुल्क दे रही है। बच्चों के पढ़ाई से संबंधित अभिभावकों पर अब कोई बोझ नहीं रह गया। केवल अभिभावकों को जरूरत है- अपने बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र तथा विद्यालय में भेजने की। मुखिया मीना देवी ने कहा कि जब सरकार ड्रेस नहीं देती थी तो अमीर बच्चों को अच्छे कपड़े पहने देखकर गरीब घराने के बच्चों के अंदर गरीबी का एहसास होता था। उनका दिलो-दिमाग कुंठित हो जाता था। परंतु स्कूली स्वेटर ड्रेस मिलने से कुंठित एवं हीनता की भावना दूर हो गई। अमीरी-गरीबी की खाई को स्कूली ड्रेस ने पाट दिया। अब बच्चों में एकरूपता एवं समानता दिखती है। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चे 3 वर्ष से 6 वर्ष के होते हैं। इन बच्चों में बहुत सी प्रतिभाएं छिपी रहती है। उस प्रतिभा को निखारना आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं शिक्षकों का कर्तव्य है।

### किस्को में आठ दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन

**किस्को।** किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नारी धुर्वा मोड़ स्थित क्रिकेट मैदान में आठ दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन एनपीएल प्रीमियर लीग क्रिकेट क्लब नारी नवाडीह की ओर से आयोजित की गई है। जिसमें झारखंड की राजधानी रांची एवं राज्य के हजारीबाग, लोहरदगा, लातेहार, गुमला और सिमडेगा जिले की कुल 24 टीमें प्रतियोगिता में भाग ली है। उल्लेखनीय है कि नारी प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन प्रत्येक वर्ष आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों को बेहतर मंच देने को लेकर की जाती है। इसी निमित इस साल भी नारी प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू

### पलामू प्रमंडलवासियों की भावना से जुड़ा है मेले का आयोजन : मंत्री मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले इसके प्रयास हो रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर राजा मेदिनीराय के सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। मेला आदिवासियों सहित पूरे पलामू प्रमंडलवासियों की भावना जुड़ी है। मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। आमजन इसका लाभ उठाएं यही राजा मेदिनीराय की के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कही। वे शनिवार को पलामू जिले के दुबियाखांड़ में आयोजित राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में बोल रहे थे। मेला का आयोजन पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति की ओर से किया गया था। मेला का समापन 12 फरवरी को होगा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि योजनाओं का लाभ देने एवं लेने के लिए सभी की सहयोग जरूरी है। समाज के अग्रिम पंक्ति के लोग आगे आयें और सरकारी योजनाओं को बताने एवं लाभ लेने के लिए जन जागरूकता फैलाएं। आम लोग सरकार के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर चले और सरकार की योजना की जानकारी एवं लाभ लें। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने ऐसी- ऐसी योजनाएं लागू की है, जिसका सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का विकास एवं प्रचार-प्रसार झारखंड के साथ-साथ आसपास के राज्यों में भी होगा। इसकी भव्यता निरंतर बढ़ती जाएगी। उन्होंने मेला आयोजन कि बेहतर तैयारी एवं सफलता के लिए पलामू जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसकी व्यापार तैयारी में पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही है।




### मुफ्त कानूनी सहायता पाना लोगों का अधिकार : संतोष

**मेदिनीनगर।** मुफ्त कानूनी सहायता पाना लोगों का अधिकार है । उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे शनिवार को सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में आयोजित दो दिवसीय आदिवासी कुंभ मेला में जानकारी दे रहे थे। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तरफ से भी मेला में स्टाल लगाया गया था। उन्होंने कहा कि आदिवासी, हरिजन ,महिला, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित, दिव्यांग, कारा में बंद लोग व जिनकी बार्षिक आमदनी तीन लाख रुपये से कम है । मुफ्त कानूनी सहायता पाने के हकदार हैं। इसके लिए जिला में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की स्थापना की गई है। जिसके माध्यम से लोगों को केस में डिफेंस के लिए अधिवक्ता की सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब अब न्याय से वंचित नहीं रहेगा । उन्होंने कहा कि न्याय पाने में गरीबी बाधक नहीं बनेगा।

## विभाग की योजनाओं में फर्जी निकासी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा तालाब, परकोलेशन टैंक और डीप बोरिंग की योजनाओं में कनीय अभियंता और अधिकारी की मिली भगत से अभी कर्ता सरकारी राशि की अवैध रूप से निकासी कर बंदरबांट कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 से शुरू इस विभाग द्वारा तालाब, डीप बोर और परकोलेशन टैंक की योजनाओं में हर वर्ष विधायक की अनुशंसा कराकर उनके कार्यकर्ता योजनाओं की स्वीकृति करा लेते हैं। और पुरानी योजनाओं को दिखाकर कनीय अभियंता की मिलीभगत से सरकारी राशि की फर्जी रुप से निकासी कर ले रहे हैं। जिले में नब्बे प्रतिशत भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं में कहीं योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगा है। योजना का बोर्ड नहीं लगाने से पता नहीं चल पाता है कि योजना किस वित्तीय वर्ष में बनी और कितने लागत से बनी है। साथ ही इस योजना के अभिकर्ता कौन हैं? ताजूब की बात है कि बिना बोर्ड लगे योजना को फाइनल कर राशि की निकासी कर ली जा रही है। जिसमें अधिकारी और कनीय अभियंता की मिलीभगत स्पष्ट रूप से दिख रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल सुविधा जल्द उपलब्ध

पलामू जिले की सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं अन्य विद्यालय में आवश्यकता अनुसार वर्ग कक्ष, शौचालय एवं चाहारदीवारी का निर्माण जल्द ही करवाया जायेगा। जिला उपायुक्त सह दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने जिले की सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि इस सबंध में विद्यालय क्षेत्र के ग्राम सभा को प्रस्तावित कार्य पर अनुमोदन के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाये। सभी विद्यालयों में वर्ग कक्ष, चाहारदीवारी और शौचालय उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयवार सूची तैयार कर ली गई है।

**165 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में डिजिटल लर्निंग की सुविधा :** पलामू जिले में 165 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के सम्पूर्ण विकास हेतु फाउंडेशनल स्किल इंप्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत डिजिटल लर्निंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

**परेशानी** | सड़क पर ऑटो चालकों की चल रही मनमानी

# बिना परमिट व लाइसेंस के चल रहे ऑटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में ऑटो चालकों की मनमानी के कारण आये दिन जगह-जगह सड़कें जाम हो रही हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। पलामू में परमिट वाले ऑटो से ज्यादा बगैर परमिट वाले ऑटो चलते हैं। जबकि झारखंड हाईकोर्ट का सख्त आदेश है कि शहर हो या गांव परमिट वाले ऑटो को ही चलने दिया जाये। इसके बावजूद मेदिनीनगर शहर में धड़ल्ले से बगैर परमिट वाले ऑटो दौड़ रहे हैं। वहीं पुलिस-प्रशासन ने भी इसे लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी है। उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में लगभग ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण बिना लाइसेंस और परमिट के ऑटो सड़क पर सरपट घूम रहे हैं। जिस कारण शहर में ऑटो की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। जरूरत से ज्यादा ऑटो होने के कारण शहर में हर जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा यात्री भी रास्ते में ही ऑटो को हाथ दिखा कर रोक देते हैं। वहीं दूसरी ओर ऑटो चालकों का कहना है कि उनके लिए स्टैंड तो बना हैं। लेकिंग वहां लोकल पैसेंजर नही रहते है। ऐसे में उन्हें यात्री बैठाने के लिए मजबूरन जहां-तहां ऑटो रोकना पड़ता है। बताते चलें कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी बाधा बन गयी है। ट्रैफिक पुलिस के द्वारा इन ऑटो चालकों पर सही तरीके से कार्रवाई नहीं की जा रही है । अपनी मर्जी के मुताबिक ऑटो चालक कहीं भी पैसेंजर को बैठाने के लिए ऑटो रोक देते हैं। ऐसा लगता है कि इन मामलों में ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन ने अपनी आंखे बंद कर रखी है। छह मुहान चौक पर एक पुलिस कर्मी ने बताया कि ऑटो चालकों की मनमानी पर प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है और ना ही कोई सख्त कानून बना है। जिसकी वजह से पुलिसकर्मी भी कुछ नहीं कर पाते हैं। ऑटो चालकों को रूट पास और परमिट निर्धारित किया गया है फिर भी कुछ ऑटो चालक अवैध रूप से ऑटो चला रहे हैं।



### क्या कहते हैं ट्रैफिक प्रभारी

वहीं ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिह का कहना है कि बिना परमिट वाले ऑटो के लिए समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। फिर भी अगर ऐसे ऑटो चल रही है तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

### लोक अदालत में 5103 मामले का निस्तारण

## पांच करोड़ 91 लाख 14 हजार 792 रुपये का मामला सेटल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के देखरेख में आयोजित इस वर्ष के प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में 5103 मामले का निस्तारण किया गया । वही पांच करोड़ 91 लाख 14 हजार 792 रुपए का मामला सेटल हुआ। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 15 पीठ का गठन किया गया था। जिसमें जी आर के 317 मामले का निस्तारण किया गया। उत्पाद विभाग 20, एनआई एक्ट के 26, विद्युत विभाग के 42, वन विभाग के 23, मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम के 15, सिविल के एक, रेलवे के 530 ,वाटर बिल के 470 ,बैंक रिकवरी के 581 मामले का निस्तारण किया गया। वही अन्य प्रकार के 3078 मामले का निस्तारण किया गया। विभिन्न बैंक के दो करोड़ 28 लाख 48 हजार 972 रुपये के मामले सेटल हुए।

## एक नजर इधर भी

# गैंग्स ऑफ बायकॉट



■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

***गैंग्स*** ऑफ बायकॉट ने जो रहम और करम खान पर दिखाई है उससे मुझ जैसे दो कौड़ी के निकम्मे को भी फिल्म बनाने का हौंसला मिला है। आपने बायकॉट करने के नाम पर सफलता के नये सूत्र प्रतिपादित किये हैं। इन सूत्रों को ध्यान में रखते हुए आने वाले समय में सभी फिल्म निर्माताओं को एक से बढ़कर एक वाहियात फिल्में बनानी चाहिए। मुझे तो उस समय बड़ी खुशी हुई जब आपने फिल्म का नाम बदले बिना, निर्माता-निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री से हाथापाई किए बिना, मुँह पर लीपा-पोती किये बिना, फिल्म का कोई सीन कट किये बिना या बदले बिना आपने उसे अपनी पब्लिसिटी दे दी। मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि आप लोग गीदड़-सियार तो कतई नहीं हो सकते। हाँ मच्छरों और मक्खियों से गये गुजरे जरूर हो। गीदड़ भभकियों के नाम पर आप डराते तो हो लेकिन एक्शन की बारी आते ही टॉय-टॉय फिस्स हो जाते हो। मैं आपको पूरा विश्वास दिलाता हूँ कि मैं ऐसी फिल्म बनाऊँगा जिससे आप लोगों को ऐसी-ऐसी जगह पर मिर्ची लगेगी न बताने लायक रहेंगे और न दिखाने लायक। मैं इस बात का पूरा ध्यान रखूँगा कि अभिनेत्री तुम्हारी भावनाओं को आहत करने वाली हर अदा धड़ल्ले से करे। अभिनेता अपनी बीच वाली अंगुली उठाकर आपको भड़काने की पूरी कोशिश करेगा। मैं ऐसे-ऐसे गाने रखूँगा कि न उसे तुम सुन पाओगे और न तुम्हारे घर वाले। इतना जरूर कहना चाहूँगा कि आपके पैर क्लब या बार में जाने पर अवश्य थिरक उठेंगे। मैं तुम्हारी संस्कृति, परंपरा, आस्थाओं, भावनाओं सबकी ऐसी बैंड बजाऊँगा कि आप सोच में पड़ जायेंगे कि कौनसा सीन सबसे ज्यादा शर्मींदा करने वाला है। मैं आपको भड़काने, बहकाने, लड़ने-झगडने, हिलन-डुलने के सभी अवसर उपलब्ध कराऊँगा, लेकिन मेरी आपसे केवल एक प्रार्थना है कि आप मुझ पर इतने केस कर दें कि लोग गूगल करने पर मजबूर कर दें कि यह बंदा आखिर कौन हैं। अपने आकाओं वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, गृहमंत्रियों या बिन सिर-पैर के बात करने वाले पहुँचे हुए तीसमारखानों से मेरी फिल्म के खिलाफ फतवा जारी करवा दें। इससे मीडिया के केंद्र में पहुँचने में आसानी होगी। मैं अपनी हरकतों के लिए चुल्लू भर पानी में डूब मरूँगा या नहीं लेकिन आपको मरने नहीं दूंगा। आप हैं तो पब्लिसिटी है। पब्लिसिटी है तो वाहियात फिल्मों का बोलबाला है। वाहियात फिल्में हैं इसलिए देश विकास कर रहा है। देश विकास कर रहा है इसीलिए हम बेरोजगारों को ठिकाने पर लगा पा रहे हैं। कुल मिलाकर आपका बायकॉट सभी मर्ज की एक दवा है।

# अडानी मामले पर विपक्ष का दोहरा रवैया

***विपक्षी*** दलों को लग रहा है कि जिस पल का इंतजार उन्हें पिछले 9 साल से था, आखिरकार वो घड़ी आ ही गई। घोटाला, स्कैंडल, विवाद- जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनकी साफ-सुथरी छवि को धूमिल कर सकते हैं। गुजरात दंगा, सहारा-बिड़ला डायरी, राफेल सौदा सरीखे मुद्दों पर असफल प्रयासों के बाद विपक्ष को लगता है कि अडानी-हिंडनबर्ग मामला उन्हें पुनर्जीवित कर सकता है। इस विश्वास ने कांग्रेस जैसी पार्टियों को उम्मीद की एक किरण दे दी है। हालांकि, इस पूरे प्रकरण में भी एक बड़ी विडंबना है। यदि अडानी द्वारा हाल ही में लिए गये तमाम प्रोजेक्ट्स और डील को देखेंगे तो आपको विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों - अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, पिनराई विजयन और ममता बनर्जी की तस्वीरें दिखाई देंगी। ये सभी गौतम अडानी के साथ निवेश सौदों पर साइन करते नजर आ रहे हैं। ममता बनर्जी ने 4 जुलाई, 2022 को अपनी सरकार द्वारा आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में साफ तौर पर कहा, राजनीति अलग है और उद्योग अलग है। यदि आप आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपको सभी को शामिल करना होगा। आपको फल सभी में बांटने होंगे। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन अ है, कौन इ है, कौन उ है और कौन ऊ है। अडानी ग्रुप ने एक दशक में पश्चिम बंगाल में पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर और अंडर-सी केबल, डिजिटल इनोवेशन, फुलफिलमेंट सेंटर, वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का निवेश का वादा किया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने हाल ही में अडानी एंटरप्राइजेज को कोलकाता के बाहरी इलाके के न्यू टाउन क्षेत्र में बंगाल सिलिकॉन वैली स्थित 51 एकड़ भूमि पर एक हाइपर-स्केल डेटा सेंटर स्थापित करने की मंजूरी दी है। मार्च 2022 में, अडानी पोर्ट्स और रऐ (अढरऐ) ने ताजपुर में पश्चिम बंगाल सरकार की ग्रीनफील्ड डीप-सी पोर्ट परियोजना के लिए बोली जीती थी। अडानी ने राज्य सरकार को सकल राजस्व का 0.25 प्रतिशत हिस्सा देने की पेशकश की है, जिसे ममता बनर्जी की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। समूह की एक अन्य कंपनी अडानी विल्मर ने हाल ही में बर्धमान में एक चावल मिल का अधिग्रहण किया है। समूह ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी में राज्य में गैस वितरण लाइसेंस भी हासिल कर लिया है। अडानी समूह क्लीन एनर्जी में 70 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है। गौतम अडानी का विजन जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करना और देश को क्लीन एनर्जी का निर्यातक बनाना है। अडानी के अधिकांश ग्रीन एनर्जी इन्वेस्टमेंट विपक्ष शासित राज्यों में हैं।

**क्या अडानी के प्रोजेक्ट सिर्फ बीजेपी शासित राज्यों में हैं?**

अडानी के राजस्थान में 5 सोलर पावर प्रोजेक्ट्स हैं। दिलचस्प बात यह है कि गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले इन सभी पांच प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। कांग्रेस के रुख में विडंबना यह है कि राजस्थान में उसकी पार्टी की सरकार ने सोलर पार्कों के निर्माण के लिए अडानी समूह को भूमि आवंटित किया। गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने 'अडानी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फॉर लिमिटेड' को 1000 मेगावॉट का सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए 9479.15 बीघा (2397.54 हेक्टेयर) सरकारी जमीन आवंटित की है। 'इन्वेस्ट राजस्थान' आउटरीच कार्यक्रम के तहत, राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गौतम अडानी और मुकेश अंबानी से सबसे बड़ा निवेश का आश्वासन मिला। राजस्थान सरकार के पास उपलब्ध लेटर ऑफ इंटेंट और मेमोरंडा ऑफ अंडरस्टैंडिंग में दिसंबर 2021 और मार्च 2022 के बीच दोनों अ (राहुल गांधी इस फ्रेज के जरिए अडानी और अंबानी का जिक्र करते हैं) ने मिलकर 1.68 ट्रिलियन रुपये से अधिक का वादा किया। रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड ने 1 ट्रिलियन रुपये, अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 60,000 करोड़ रुपये, इसके बाद अडानी इंफ्रा लिमिटेड, अडानी टोटल गैस लिमिटेड और अडानी विल्मर लिमिटेड ने 5,000 करोड़ रुपये, 3,000 करोड़ रुपये और 246.08 करोड़ रुपये का निवेश किया। इतने इन्वेस्टमेंट को देखने के बाद सवाल उठता है- क्या अडानी की जेब में हैं अशोक गहलोत सरकार? या अडानी की सोलर एनर्जी परियोजना के लिए भूमि का आवंटन पारदर्शी बोली प्रक्रिया के तहत हुआ है? अडानी समूह ने दावा किया है कि चाहे वह कांग्रेस द्वारा शासित राज्यों में बिजली परियोजनाओं को हासिल करना हो या भाजपा शासित राज्यों में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े टेंडर हासिल करने होंङ्ग अडानी ग्रुप इसलिए टेंडर हासिल कर रहा है, क्योंकि वह सरकारी खजाने के अनुकूल बोली लगा रहा है।

**अगर गौतम अडानी इतने ही खराब हैं तो अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, पिनराई विजयन और ममता बनर्जी ने उनके साथ अरबों डॉलर के निवेश की डील क्यों की? राजस्थान में गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।**

इन दिनों



उपेंद्र राय

**यूपीए ने भी अडानी की परियोजनाओं का समर्थन किया :** 13 मार्च 2014 को केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्री एम वीरप्पा मोइली ने 7,020 करोड़ रुपये की अडानी पावर राजस्थान लिमिटेड परियोजना और 6,560 करोड़ रुपये की अडानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड परियोजना के लिए 'अमेंडमेंट टू एनवायरमेंटल क्लियरेंस' को मंजूरी दी। दो थर्मल पावर प्रोजेक्ट, अडानी का महाराष्ट्र के तिरोडा में 3300टह का प्लांट और राजस्थान के कवई में 1330टह का प्लांट पर्यावरण संबंधी क्लियरेंस के लिए 22 जुलाई, 2013 को एमओईएफ के पास आया था। राजस्थान और महाराष्ट्र में बिजली परियोजनाओं को क्रमशः मई 2011 और अप्रैल 2010 में पर्यावरणीय मंजूरी मिली थी। अडानी के ज्यादातर कारोबारों की नींव वढअ के दौर में रखी गई। जिनमें बंदरगाहों से लेकर बिजली उत्पादन और ट्रांसमिशन, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, लॉजिस्टिक्स और साइलो बिजनेस शामिल हैं। आज अडानी के पास एक दर्जन से अधिक भारतीय राज्यों में संपत्ति और उनका संचालन है। उनमें से कुछ पर बीजेपी का और कुछ पर गैर-बीजेपी राजनीतिक दलों का शासन है

**केरल की उढट सरकार अडानी का पूरा समर्थन :** विझिंजम पोर्ट को उच्च स्तर पर विकसित करने के लिए भारत सरकार ने कुछ साल पहले एक पारदर्शी टेंडर पास किया था जिसके लिए सिर्फ अडानी ग्रुप ही आगे आया। विझिंजम विशिष्ट रूप से एशिया और यूरोप के बीच शिपिंग मार्गों के करीब स्थित है। भारत को 'डीप वॉटर पोर्ट' की सख्त जरूरत है। अडानी का विझिंजम पोर्ट उस जरूरत को पूरा कर सकता है। यह भारत का सबसे गहरा बंदरगाह और पूरे दक्षिण भारत के लिए ट्रांस-शिपमेंट हब हो सकता है। केरल की वर्तमान कम्युनिस्ट सरकार अडानी समूह को पूरी तरह से समर्थन दे रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता अडानी समूह के समर्थन में संयुक्त जुलूस निकालते रहे हैं। दो विपरीत विचारधाराओं के लोगों का राष्ट्रहित में एक साथ आना बेवजह नहीं है। केरल से लोकसभा सांसद और अनुभवी कांग्रेस नेता शशि थरूर, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भी शीर्ष पदों पर काम किया है, उन्होंने इस परियोजना का समर्थन किया है। थरूर ने संसद में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया। केरल उच्च न्यायालय ने भी निर्देश दिया है कि विझिंजम बंदरगाह का निर्माण कार्य जारी रहना चाहिए।

# फिजी में हिंदी की पताका फहरायेंगे डॉ. विपिन

***इस*** महीने फिजी में तीन दिन तक हिंदी की गूंज होगी। फिजी 12वें विश्व हिंदी सम्मेलन का साक्षी बनेगा। सम्मेलन का आयोजन स्थल देनाराऊ आइलैंड कन्वेंशन सेंटर, नांदी है। यहां 15, 16 और 17 फरवरी को दुनिया भर के विद्वान हिंदी के महत्व पर विचार-विमर्श करेंगे। इस सम्मेलन में विश्व हिंदी परिषद के महासचिव डॉ. विपिन कुमार को केंद्र सरकार के प्रतिनिधि मंडल में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। वैसे तो दुनिया के हर देश में भारतीय मौजूद हैं, लेकिन फिजी को लघु भारत कहकर पुकारा जाता है। ईसाई बहुल इस देश में करीब 37 फीसदी भारतीय रहते हैं। डॉ. विपिन का कहना है कि उनका ध्येय भाषा के रूप में हिंदी को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाना है। डॉ. विपिन कुमार कहते हैं कि 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन के आयोजक विदेश मंत्रालय और फिजी सरकार हैं। सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक' है। पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 1975 में नागपुर में आयोजित किया गया था। तब से विश्व के अलग-अलग हिस्सों में 11 सम्मेलन हो चुके हैं। फिजी सम्मेलन में डॉ. विपिन कुमार के संबोधन का विषय 'मीडिया और हिंदी का विश्व बोध' है। वह कहते हैं सम्मेलन स्थल पर हिंदी भाषा के विकास से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जायेगी। शाम को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नई दिल्ली के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कविताओं की पाठ होगा। इस दौरान हुई चर्चाऔर सुझावों पर केंद्रित रिपोर्ट जारी की जायेगी। परंपरा के अनुरूप सम्मेलन में दुनियाभर से पहुंचे प्रमुख हिंदी विद्वानों को विशेष योगदान के लिए विश्व हिंदी सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। महत्वपूर्ण यह है कि डॉ. विपिन के नेतृत्व में विश्व हिंदी परिषद नई दिल्ली हिंदी के संवर्द्धन के लिए पिछले कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में संवाद, समन्वय और सामांजस्य स्थापित कर अलख जगा रही है। कार्यशालाओं और गोष्ठियों में राष्ट्रवादी हिंदी विद्वानों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित और पुरस्कृत किया जाता है। विश्व हिंदी परिषद हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस और 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस पर सशक्त एवं व्यवस्थित तरीके से हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम आयोजित करती है। डॉ. विपिन कुमार करीब दो दशक से हिंदी के संवर्धन के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। डॉ. विपिन कुमार ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न आनुषांगिक संगठनों में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं भारतीय कला संस्कृति संगम जैसे सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। डॉ. विपिन कुमार की पुस्तक 'हिंदी और समाज' सब का साथ, सबका विकास सुर्खियां बटोर चुकी है। बिहार के माध्यमिक विद्यालयों के लिए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पांच पुस्तकों के साथ डॉ. विपिन कुमार की पुस्तक माइंड पॉवर मेमोरी की अनुशंसा हुई है। वो कई पुरस्कारों से सम्मान से अलंकृत किये जा चुके हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार का कहना है कि सम्मेलन का उद्घाटन 15 फरवरी को भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर करेंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत और फिजी गणराज्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को साझा करते हैं। 14 मई, 1879 को भारत के पहले गिरमिटिया कामगारों का जहाज फिजी के तट पर पहुंचा था। इन कामगारों के वंशज अब अपनी पांचवीं पीढ़ी में हैं। फिजी के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक ताने-बाने में उनका हिस्सा हैं। यह 1972 से भारतीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित है। यहां कर्नाटक वोकल म्यूजिक, कथक, भरतनाट्यम, भारतीय शास्त्रीय वाद्य-तबला, गायन सहित हारमोनियम, योग और हिंदी में पाठ्यक्रम की सुविधा है। बड़ी बात यह है कि इनकी सभी कक्षाएं निशुल्क हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन के शुभंकर का चयन विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा के माध्यम से किया जाता है। फिजी सम्मेलन के शुभंकर के लिए 1436 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

**डॉ. विपिन का कहना है कि उनका ध्येय भाषा के रूप में हिंदी को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाना है। डॉ. विपिन कुमार कहते हैं कि 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन के आयोजक विदेश मंत्रालय और फिजी सरकार हैं। सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिंदी-पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक' है। पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 1975 में नागपुर में आयोजित किया गया था। तब से विश्व के अलग-अलग हिस्सों में 11 सम्मेलन हो चुके हैं।**

■ मुकुंद

## है न विचित्र बात !

# उछलता कीचड़

इन दिनों



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

***मोदी*** ने राष्ट्रपति के भाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए हमेशा की तरह काफी आक्रामक भाषण दिया और कांग्रेस की लगभग मिट्टी पलीत कर दी लेकिन अडानी-समूह के बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। यही बात शक पैदा करती है कि कहीं दाल में कुछ काला तो नहीं है? अडानी समूह के तथाकथित भांडाफोड़ पर हमारी संसद का पूरा पिछला हफ्ता खप गया लेकिन अभी तक देश के लोगों को सारे घपले के बारे में कुछ भी ठोस जानकारी नहीं मिली है। हालांकि अडानी समूह ने सैंकड़ों पृष्ठों का खंडन जारी करके दावा किया है कि उसने कोई गलत काम नहीं किया है। उसका सारा हिसाब-किताब एकदम साफ-सुथरा है। भारत के रिजर्व बैंक ने भी नाम लिये बिना अपने सारे लेन-देन को प्रामाणिक बताया है लेकिन आश्चर्य है कि भारत सरकार से अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के भाषण पर हुई बहस का जवाब देते हुए हमेशा की तरह काफी आक्रामक भाषण दिया और कांग्रेस की लगभग मिट्टी पलीत कर दी लेकिन अडानी-समूह के बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। यही बात शक पैदा करती है कि कहीं दाल में कुछ काला तो नहीं है? राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने मोदी पर कई गंभीर आरोप लगाए और मोदी-अडानी सांठ-गांठ के कई उदाहरण भी दिए लेकिन एक मूल बात पर ध्यान देना जरूरी है। वह यह कि भारत-जैसे देश में क्या आर्थिक उन्नति के लिए यह जरूरी नहीं है कि सरकार और उद्योगपतियों के बीच घनिष्ठ सामंजस्य बना रहे। पं. नेहरु की समाजवादी सरकार के दौरान भी टाटा, बिड़ला, डालमिया आदि समूहों की नजदीकी का पता किसे नहीं था? अडानी और अंबानी समूह कांग्रेस-राज के दौरान ही आगे बढ़े और मोदी-राज में अब वे दौड़ने भी लगे। दोनों समूह गुजराती हैं और हमारे दोनों भाई- नरेंद्र मोदी और अमित शाह-भी गुजराती ही हैं। इनका संबंध परस्पर थोड़ा घनिष्ठ और अनौपचारिक भी रहा हो सकता है लेकिन यह देखना बेहद जरूरी है कि इन उद्योगपतियों को आगे बढ़ाने में कहीं गैर-कानूनी हथकंडों का सहारा तो नहीं लिया गया है? ये गैर-कानूनी हथकंडे इसलिए भी आसान बन जाते हैं कि हमारी भ्रष्ट नौकरशाही को संबंधों की फुलझड़ी दिखाकर पटाना कहीं अधिक आसान होता है। अडानी-समूह को अरबों रु. का धक्का लगभग रोज ही लगता जा रहा है। यदि लाखों शेयरधारकों की गाढ़ी कमाई बहने लगी तो वह गुस्सा मोदी सरकार पर ही फूट पड़ेगा। विदेशी उद्योगपति और पूंजीपति भी प्रकंपित हो जायेंगे। इसीलिए बेहतर होगा कि सरकार पर जो कीचड़ उछल रहा है, वह उसकी उपेक्षा न करे।

# आनंद बक्शी के लिए 'भला आदमी'

***सत्तर*** और अस्सी के दशक में आनंद बक्शी हिंदी सिनेमा के सबसे लोकप्रिय गीतकार थे। राजेश खन्ना से लेकर अमिताभ बच्चन तक उनके लिखे गाने परदे पर गुनगुना रहे होते। इनके अलावा भी उस समय की लगभग सभी हिट फिल्मों के गीत उनके द्वारा ही लिखे जा रहे थे। मनमोहन देसाई की सभी फिल्मों के गीत भी वही लिख रहे थे। लेकिन इससे पहले फौज की नौकरी छोड़कर उन्होंने बंबई (अब मुंबई) में एक लंबा संघर्ष किया। उनका जन्म 21 जुलाई 1930 को रावलपिंडी (अब पाकिस्तान) में हुआ था। मां की मृत्यु जब वे छह वर्ष के थे तभी हो गई थी। उनके खानदान में सारे लोग पुलिस में थे या फौज में या जमींदार थे। 1944 में वे रॉयल इंडियन नेवी में कराची बंदरगाह पर बॉय 1 के रूप में भर्ती हुए और 5 अप्रैल 1946 तक वहां रहे। इस बीच विभाजन के समय उनका परिवार 2 अक्टूबर, 1947 को दिल्ली पहुंचा। 15 नवंबर, 1947 से 1950 के बीच फौज में नौकरी करते हुए आनंद बक्शी ने पहली बार कविताएं लिखनी शुरू की। कविताओं के नीचे दस्तखत में उनका पूरा नाम होता आनंद प्रकाश बख्शी। 1956 मैं फौज की नौकरी छोड़ कर वो मुंबई गीतकार बनने के पक्के इरादे से पहुंचे। यह बंबई में किस्मत आजमाने की उनकी दूसरी कोशिश थी। उस समय उनके पास करीब 60 कविताओं का खजाना था। वे अकेले आए थे। उनकी पत्नी दिल्ली में ही थी । उनको पहली फिल्म जो मिली वह भगवान दादा द्वारा निर्देशित फिल्म थी जिसका टाइटल था 'भला आदमी'। भगवान दादा उनके लिए वाकई में भला आदमी साबित हुए । उनकी एक यही फिल्म थी जिसके कारण वे बंबई में टिक सके और आगे का अपना संघर्ष जारी रख सके। यह सब अर्थपूर्ण और रोचक जानकारियां हाल ही में आनंद बक्शी के बेटे राकेश आनंद बक्शी द्वारा लिखी पुस्तक 'नग्मे किस्से बातें यादें' में मिलती हैं। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी इस किताब का यूनुस खान द्वारा किया गया हिंदी अनुवाद अद्विक प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। पहली फिल्म भला आदमी जिसे बक्शी साहब अपनी सबसे बड़ी फिल्म कहते थे के बारे में इस किताब में लिखा गया है कि संघर्ष के दिनों में एक बार वो अभिनेता भगवान दादा का रणजीत स्टूडियो में उनके ऑफिस में इंतजार कर रहे थे। उस जमाने में भगवान दादा बहुत बड़े स्टार थे और वो पहली बार एक फिल्म निर्देशित कर रहे थे जिसका नाम था-'भला आदमी'। बृज मोहन इसके प्रोड्यूसर थे। बक्शी जी ने ऑफिस के चपरासी से दोस्ती कर ली थी और इस तरह उन्हें पता चला कि भगवान दादा काफी परेशान हैं क्योंकि गीतकार गाना लेकर सिटिंग पर नहीं आया है और भगवान दादा को गाना हर हालत में चाहिए। बक्शी साहब ने फौरन मौके का फायदा उठाया और सीधे भगवान दादा के कमरे में घुस गये। उन्होंने पूछा-'क्या चाहिए तुम्हें?' बक्शी जी ने कहा कि वो एक गीतकार हैं और काम की तलाश में हैं। भगवान दादा बोले- 'ठीक है, देखते हैं कि तुम गाना लिख पाते हो या नहीं।' उन्होंने बक्शी साहब को फिल्म की कहानी सुनाई और उन्हें गाने लिखने के लिए पंद्रह दिन का वक्त दिया। पंद्रह दिन के अंदर बक्शी जी ने चार गाने लिख डाले। भगवान दादा को चारों गाने पसंद आ गये और उन्होंने आनंद बक्शी को फिल्म के दूसरे गीतकार के रूप में साइन कर लिया। उन्हें उन चार गानों के लिए डेढ़ सौ रुपये मिले। पहला गाना था- 'धरती के लाल, ना कर इतना मलाल, धरती तेरे लिए, तू धरती के लिए।' ये गाना 9 नवंबर 1956 को रिकॉर्ड किया गया था। संगीतकार थे निसार बज्मी-जो कुछ साल बाद पाकिस्तान चले गए थे। दूसरी बार बंबई आने के दो महीने के अंदर आखिरकार गीतकार के रूप में आनंद बक्शी की शुरूआत हो गई। इस फिल्म को बनने में दो साल लग गये यह 1958 में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर नाकाम हो गई। गीतकार आनंद बक्शी पर भी किसी का ध्यान नहीं गया। बक्शी साहब के शब्दों में-'जब मैंने परदे पर अपना नाम देखा तो खुशी के मारे मैं रो पड़ा। आज अगर मैं एक कामयाब गीतकार माना जाता हूं तो वो भगवान दादा की वजह से है। एक स्टार, अभिनेता और प्रोड्यूसर जिसने मुझे काम दिया, मेरे सपनों, प्रार्थनाओं और उम्मीदों को एक राह दिखाई। मेरे करियर को इस फिल्म से कोई फायदा नहीं पहुंचा लेकिन फिर भी मेरे लिए वो सबसे बड़ी फिल्म है और हमेशा रहेगी, क्योंकि उसने ही तो मुझे एक गीतकार के रूप में इस दुनिया में जन्म दिया।' फिल्म के अखबार में छपे पोस्टर में आनंद बक्शी ने लाल स्याही से अपना नाम अंडरलाइन कर दिया था। वो कितने खुश थे ! इस पोस्टर पर उनके नाम की स्पेलिंग थी 'बक्शी', जबकि होनी चाहिए थी 'बख्शी।' स्पेलिंग की ये गलती उनके साथ चिपक गई पर उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया क्योंकि उनकी प्राथमिकताएं अलग थीं।

**चलते-चलते :** राकेश आनंद बक्शी ने इस किताब में इस बात का भी जिक्र किया है जब उनके डैडी को एक फिल्म देखकर ऐसा लगा था कि एक गीतकार के तौर पर उन्होंने ठीक काम नहीं किया है, वो फिल्म थी- 'अंधा कानून'। इस फिल्म का हीरो गाता है-'रोते-रोते हंसना सीखो, हंसते-हंसते रोना, जितनी चाबी भरी राम ने, उतना चले खिलौना।' हीरो हिंदू नहीं है और वो हिंदू देवता का नाम लेता है। डैडी ने उन्हें बताया था- 'मुझसे गलती हो गई थी कि गाना लिखने से पहले मैंने निर्देशक से हीरो के किरदार का नाम और उसका मजहब नहीं पूछा था। निर्देशक जब मुझे कहानी सुना रहा था तो वो अमिताभ बच्चन के नाम से सुना रहा था। मुझे अगर पता होता कि अमिताभ बच्चन फिल्म में एक मुस्लिम किरदार निभा रहे हैं तो मैं उस किरदार की तहजीब और उसके मजहब के मुताबिक गाना लिखता ।' वैसे भारतीय संस्कृति में सदियों से एक धर्म-निरपेक्षता चली आ रही है, वो हमारे अवचेतन मन में समाई है। बक्शी साहब का कहना था कि अगर निर्देशक उन्हें बताता कि फिल्म का हीरो धर्मनिरपेक्ष है तब जरूर वो गाने में ये जुमला लिखते, क्योंकि तब ये किरदार की मांग होती।

**राकेश आनंद बक्शी ने इस किताब में इस बात का भी जिक्र किया है जब उनके डैडी को एक फिल्म देखकर ऐसा लगा था कि एक गीतकार के तौर पर उन्होंने ठीक काम नहीं किया है, वो फिल्म थी- 'अंधा कानून'। इस फिल्म का हीरो गाता है-'रोते-रोते हंसना सीखो, हंसते-हंसते रोना, जितनी चाबी भरी राम ने, उतना चले खिलौना।' हीरो हिंदू नहीं है और वो हिंदू देवता का नाम लेता है।**

■ अजय कुमार शर्मा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# मोटे अनाज की बढ़ी मांग, केन्द्र सरकार का दे रही खेती पर जोर



**एजेंसी। मोतिहारी**
देश के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को मोटे अनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है। इसके बाद मोटे अनाज की खेती के बढ़ावा देने के लिए इस साल केन्द्रीय बजट में श्री अनाज के नाम से काफी जोर दिया गया है। प्राचीन काल में बिहार के ज्यादातर हिस्सो में मोटे अनाज की खेती काफी तादाद में की जाती रही है, हालांकि कालांतर में यह परंपरा लगभग विलुप्त सा हो गया था लेकिन मोदी सरकार इस साल कृषि के लिए किये बजटीय प्रावधान में मोटे अनाज के उत्पादन पर काफी जोर दिया है। लिहाजा मोटे अनाज में शामिल बाजरा, रागी, ज्वार, कोदो मडुआ, कंगनी, काकुन, चीना सावा, झंगोरा, कुटकी, लघु मिलेट और प्रोसो मिलेट के उत्पादन के लिए कई योजना पर कार्य शुरू किया जा रहा है। दरअसल मोटे अनाज बीजों वाली वार्षिक घासों की एक प्रजाति है। जो मानव स्वास्थ के लिए सबसे उपयुक्त माना जा रहा है। इस अनाज का उत्पादन उष्णकटिबंधीय, उपोष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण क्षेत्रों के शुष्क क्षेत्रों या सीमांत भूमि पर उगाई जा सकती है, साथ ही यह सिंचित और गैर सिंचित दोनो भूमी में समान रूप से उगाये जा सकते है। बताया जा रहा है, कि स्वास्थ्य के दृष्टि मोटे अनाज को बेहतर माने जाने के कारण दुनिया 131 देशों में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार एशिया का सबसे बड़े मोटे अनाजों का उत्पादक भारत है, जो एशिया में उत्पादन का लगभग 80% और दुनिया के उत्पादन का लगभग 20% उत्पादित करता है। भारत में विश्व के औसत (1229 किग्रा/हेक्टेयर) की तुलना में अधिक (1239 किग्रा/हेक्टेयर) उपज होती है। ऐसे तो मोटे अनाज मुख्य रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में उगाया जाता है। मोटे अनाज मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उगाया जाता है। जिसका प्रसार बिहार और यूपी जैसे राज्यो में बढ़ाने पर सरकार जोर देने की योजना बना रही है। पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर प्रखंड स्थित परसौनी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको ने मोटे अनाज के विभिन्न प्रजातियो का प्रत्यक्षण शुरू कर दिया है। केन्द्र के वैज्ञानिको ने बताया कि मोटे अनाज को दुनिया भर में स्वास्थ अनुकुल होने का प्रमाण मिला है। जिससे इसकी मांग काफी बढ गई है। इसमे कॉपर, मैंग्नीशियम फास्फोरस और मैंग्नीज जैसे पोषक तत्वों की प्रचुरता होने के साथ ही इसे ग्लूटिन फ्री माना गया है, वही मोटे अनाजों में नियोसिन भी प्रचुर मात्रा में होता है, जो मानव शरीर के लगभग 400 से अधिक एंजाइम प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करता है। वही मोटे अनाज के कुछ प्रजाति बीटा-कैरोटीन के अच्छे स्त्रोत है। जो मानव आंखों के लिए अच्छा माना गया है। वैज्ञानिको के अनुसार मोटे अनाज एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन "ए" के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है, जो मानव शरीर को मुक्त कणों से लड़ने में सहायता करता है। वही मनुष्यों के अलावा जानवरों और पक्षियों के भोजन का भी एक प्रमुख स्त्रोत है। ऊर्जा और पोषण दोनों के मामले में मोटे अनाज बेजोड़ हैं। ऐसे में परसौनी कृषि वैज्ञानिको ने किसान भाईयों को मोटे अनाज खेती पर जोर देते हुए कहा है, कि कम खर्च में बेहतर उत्पादन व लाभ के लिए यह सबसे उपयुक्त है।

# गया में जदयू नेता की गोली मार कर हत्या

**एजेंसी। गया**
बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रही है। अपराधी भी लगातार अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे। इस बीच, गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की रात जदयू जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर गोली मार दी। सुनील कुमार सिंह अपने एक मित्र के साथ किसी जन्मदिन की पार्टी में गए थे, वापस जब सलेमपुर गांव स्थित घर लौटे, तो घर के बाहर ही अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। घायल सुनील कुमार सिंह को आनन फानन में इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को देखा। गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की प्रभु श्रीलिंगराज का पूजन-दर्शन



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर स्थित श्रीलिंगराज मंदिर जाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका दर्शन कर पूजा-अर्चना की। वे शनिवार सुबह राजभवन से निकलकर सीधे श्रीलिंगराज मंदिर पहुंचीं। बिंदुसागर पुष्करिणी से नंगे पांव श्रीलिंगराज मंदिर पहुंचीं। मंदिर परिसर में उन्होंने सबसे पहले सिद्धि बिनायक मंदिर में पूजा की। इसके बाद महाप्रभु श्रीलिंगराज मंदिर के गर्भगृह में जलाभिषेक किया। उन्होंने माता पार्वती के दर्शन किये। इसके बाद राष्ट्रपति ने मंदिर की परिक्रमा की। अंत में राष्ट्रपति नंदी भृंगी के दर्शन कर मंदिर से निकलीं। मंदिर के समक्ष उनके स्वागत के लिए लोग गाजे-बाजे के साथ जनजातीय नृत्य करते दिखे। राष्ट्रपति कुछ समय के लिए उनके निकट रुकीं, फिर आगे बढ़ीं। इस दौरान उनकी पुत्री भी साथ दिखीं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर कार्यालय व जिला प्रशासन की ओर से बडु नियोग के सचिव कमलाकांत बडु ने राष्ट्रपति के जलाभिषेक व पूजा में सहायता की। सेवायतों की ओर से उन्हें श्रीलिंगराज जी के प्रिय प्रसाद दिये गए।

### नालंदा में युवक की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ।** बिंद थानाक्षेत्र के बस्ती पर गांव निवासी कमलेश यादव को अपराधियों ने शनिवार की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। घटनाक्रम की जानकारी में बताया गया है कि कमलेश यादव अपनी पूत्री की परीक्षा दिखी परीक्षा दिलवाने बाढ़ कालेज गया था वहीं वापस लौटने के क्रम में पूर्व से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने कमलेश यादव की पूत्री को गाड़ी पर से उतार कर ले जाने लगा जिसका उसने विरोध किया तो आक्रोश में अपराधियों ने गोली मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए स्थानीय क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सक ने उसकी बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### जेपी नड्डा बस्तर प्रवास पर पहुंचे, किए मां दंतेश्वरी के दर्शन

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा लगभग ढेड़ बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंच गए। उनके तय कार्यक्रम के अनुसार वे एयरपोर्ट से सीधे मां दंतेश्वरी के दर्शन करने के बाद वे भाजपा कोर कमेटी की बैठक के लिए रवाना हो गये। इसके साथ ही लाल बाग मैदान में आयोजित आम सभा को संबोधित करने के लिए कुछ देर में पहुंचने की बात कही जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, समेत केंद्र से लेकर राज्य के कई दिग्गज भाजपा नेता मौजूद हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का बस्तर प्रवास भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जीआईएस के दधीचि सभागार में जापानी कम्पनी ने किया 7200 करोड़ के निवेश का समझौता

# जापान यूपी के 30 प्रमुख शहरों में होटल खोलेगा

### उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास की संभावनाएं होटल इंडस्ट्री के लिए अनुकूल : टाकामोटो योकोयामा

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023 New India's Growth Engine

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**
मुख्यमंत्री की पर्यटन विकास की कोशिशों और यूपी के औद्योगिक माहौल से प्रभावित जापान के प्रसिद्ध होटल समूह होटल मैनेजमेंट इंटरनेशनल कम्पनी लिमिटेड (एचएमआई) यूपी में 30 नए होटल स्थापित करने जा रही है। लखनऊ में चल रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन जापानी कंपनी ने प्रदेश सरकार के साथ इस संबंध में 7200 करोड़ के निवेश का समझौता किया। जापान के प्रमुख शहरों में 60 से अधिक होटल संचालित कर रहे एचएमआई ग्रुप के निदेशक, पब्लिक रिलेशन टाकामोटो योकोयामा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं को जमीन पर उतारने के प्रयासों से होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाएं बनी हैं। वाराणसी में श्रीकाशीविश्वनाथ धाम कॉरीडोर के विकास के बाद वहां बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। यह हमारे लिए अनुकूल अवसर है। यूपी की औद्योगिक नीतियां एचएमआई समूह को प्रोत्साहित करने वाली हैं। ऐसे में एचएमआई समूह आगरा, वाराणसी और अयोध्या सहित 30 प्रमुख स्थानों पर अपने होटल चेन का विस्तार करेगी। इससे यहां के 10 हजार से अधिक लोगों के लिए नौकरी के प्रत्यक्ष मौके भी बनेंगे।

इससे पहले, दधीचि सभागार में 'उत्तर प्रदेश में जापान और भारत के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी का क्रियान्वयन' विषयक महत्वपूर्ण सत्र में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में सलाहकार (जापान) प्रो. अशोक चावला ने वर्ष 2000 से 2014 और 2014 से 2022 के अलग-अलग कालखंड में भारत और जापान के राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों की तुलनात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में तत्कालीन जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे का भारत दौरा हुआ तो 2016 में प्रधानमंत्री मोदी जापान गए। 2017 में शिंजो आबे अहमदाबाद आए और हाईस्पीड रेल के बारे में कार्ययोजना बनी तो 2018 में प्रधानमंत्री मोदी पुनः जापान गए। लगातार होने वाले इन शीर्ष नेताओं के दौरे से दोनों देशों के बीच गहरा विश्वास पैदा हुआ है, जिसका सकारात्मक असर द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों पर भी देखने को मिला है। स्वास्थ्य, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, होटल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, टेक्सटाइल, स्टील, रियल एस्टेट, लेदर आदि सेक्टर में निवेश में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। ग्रेटरउत्तर प्रदेश भी इससे लाभान्वित हो रहा है। ग्रेटर नोएडा में जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप का विकास हो रहा है। यूपी जीआईएस के मौके पर आए जापानी दल का स्वागत करते हुए उन्होंने जापानी उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश अनुकूल माहौल मिलने का भरोसा भी दिया, साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार को जापान सरकार अथवा जापानी व्यापारिक समुदाय से संपर्क-संवाद में विदेश मंत्रालय की ओर से हर सम्भव सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया। यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी के चेयरपर्सन यामानाशी शिमिजू ने भारत और जापान के प्राचीन लोकतांत्रिक मूल्यों के हवाले से दोनों देशों के मजबूत बीच सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित किया। वहीं दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने में अपनी कंपनी की ओर से प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियों की यह विशेषता है कि वह बगैर गहन अध्ययन के व्यापारिक समझौते नहीं करती और अगर एक बार निवेश के लिए कदम बढ़ा दिया तो उसे समय सीमा के अनुसार जरूर पूरा करती हैं। उनकी कंपनी हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में काम करती है और यहां यूपी में बड़े प्रोजेक्ट की लिए तैयारी कर रही है। वहीं निमाणार्धीन जेवर एयरपोर्ट को वैश्विक व्यापार की दृष्टि से बेहद उपयोगी करार दिया। पार्टनर कंट्री जापान के इस खास सत्र में उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे जापानी निवेशकों ने अपने अनुभव भी साझा किए।

इनमें वेस्ट मैनेजमेंट सेक्टर में काम रहे वन वर्ल्ड कॉर्पोरेशन के सीईओ (रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर) टोमोकी आईटो, नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर की कंपनी ओएमसी पॉवर के सीईओ अजय कुमार, एनपीआई कम्पनी लिमिटेड, टोक्यो के प्रेसिडेंट नरेंद्र उपाध्याय, सोलर एनर्जी सेक्टर की कंपनी वीणा इंटरप्राइजेज की डायरेक्टर दीपशिखा महाजन प्रमुख रहे। निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में अपनी कंपनी के निवेश, क्रियाशील प्लांट, अपने क्लाइंट्स, टर्नओवर कार्यप्रणाली और भावी रणनीति के बारे में भी जानकारी दी।

## यूएई-यूपी के संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा जीआईएस




**लुलु मॉल और एलाना ग्रुप के साथ यूपी ने किया हजारों करोड़ का एमओयू**

**सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) के बने प्रोडक्ट्स भी मिलेंगे लुलु मॉल में**

**एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने की अपील, आइए और यूपी में कीजिए निवेश**

**यूएई के मंत्रियों ने दिया आश्वासन, 5 साल में भारत के साथ 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाएंगे व्यापार**

भारत और यूएई के बीच में जो पारंपरिक और आर्थिक संबंध वर्षों से चले आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उनमें और प्रगाढ़ता आएगी। खासतौर पर उत्तर प्रदेश और यूएई के लिए यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। ये बातें शनिवार को यूपीजीआईएस के मंच से उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और यूएई के मंत्री एचई अहमद बिन अली अल सेझ व मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर फॉरेन ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनमी एचई डॉ. थानी बिन अहमद अल जायोदी ने एक सुर में कहीं। यूएई के मंत्रियों ने साफतौर पर कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है, आने वाले समय में हमारे बहुत सारे इन्वेस्टर्स यूपी का रुख करेंगे और योगी सरकार द्वारा यूपी में लाए गए बदलाव व निवेश के अनुकूल माहौल का लाभ उठाएंगे।

### पूरा होगा हर हाथ को काम और हर चेहरे पर मुस्कान का सपना : राकेश सचान

उत्तर प्रदेश सरकार में एमएसएमई, खादी और विलेज इंडस्ट्री राकेश सचान ने कहा कि 23 सितंबर 2021 को भारत सरकार और यूएई के बीच आर्थिक सहयोग को लेकर साझेदारी हुई थी। उसके बहुत सकारात्मक परिणाण देखने को मिले हैं। इस साझेदारी के चलते यूएई और भारत के बीच व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। यूएई से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट 50 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। हमें यूपी में यूएई के साथ अच्छे संबंधों की आशा है। बीते माह हमारी टीम ने यूएई का दौरा किया, जहां डॉ. थानी ने हमारा गर्मजोशी से स्वागत किया। अबुधाबी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने भी काफी सहयोग किया। वहां लुलु मॉल ने हमारे साथ 3300 करोड़ रुपए का एमओयू किया है, जिसके तहत वो अयोध्या और वाराणसी समेत कुछ अन्य जगह भी अपने मॉल खोलेगा। वहीं, एलाना ग्रुप ने भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश का ऐलान किया है। लुलु मॉल के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए भी करार हुआ है, ताकि एसएचजी की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा प्रोडक्ट्स भी इन मॉल्स के माध्यम से लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री योगी जी ने ह्यहर हाथ को काम, हर चेहरे पर मुस्कानह्न का जो मंत्र दिया है, उसे हर हाल में सफल बनाना है। मेरी यूएई के निवेशकों से अपील है कि यूपी में आइए और निवेश कीजिए। योगी सरकार हर तरह से आपका समर्थन करती है।

### 5 साल में 100 बिलियन के व्यापार का लक्ष्य : यूएई मंत्री

यूएई के मिनिस्टर ऑफ स्टेट एचई अहमद बिन अली अल सेझ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ हमारे म्यूचुअल रिलेशन हैं। हमने हाल ही में एक-दूसरे के साथ गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट सहयोग को आगे बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि यह सहयोग नई ऊंचाइयों को छुएगा। हम उत्तर प्रदेश में परंपरागत निवेश के अलावा नए और उभरते क्षेत्रों पर भी फोकस कर रहे हैं। इनमें डिफेंस, स्पेस, फूड प्रोसेसिंग, एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग, क्लाइमेट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक समेत कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसी कड़ी में यूएई की कुछ कंपनियां उत्तर प्रदेश में फूड पार्क्स बनाने जा रही हैं। हमने लक्ष्य तय किया है कि अगले 5 वर्षों में यूएई का भारत के साथ कुल व्यापार 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा। पिछले साल भारत-यूएई आर्थिक संबंधों को मजबूती देने के लिए हमने 'आई टू, यू टू' की शुरूआत की थी। यह काफी सफल रही थी।

# छत्तीसगढ़ : भाजपा नेता की हत्या

**एजेंसी। जगदलपुर**
छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता की नक्सलियो ने हत्या कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने आज बताया कि नारायणपुर में जिला उपाध्यक्ष सागर साहू की नक्सलियो ने कल रात गोली सिर में मारकर मौत के घाट उतार दिया हैं। घटना को अंजाम देने के लिए नक्सली बाइक में सवार होकर आए थे। सागर साहू भाजपा के कद्दावर नेता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से 43 किलोमीटर दूर छोटेडोंगर में 10 फरवरी को पुलिस थाना में भूमकाल दिवस मनाया गया। इस दौरान सागर साहू भी पुलिस थाना जाकर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। नक्सलियों के हिट लिस्ट में शामिल श्री साहू को जान से मारने की धमकी नक्सली पहले दे चुके थे। छोटेडोंगर के निक्को आयरन और खदान को लेकर नक्सली सागर साहू से नाराज चल रहे थे। इधर भाजपा ने घटना की निंदा करते हुए घटना की जांच की मांग किया हैं।

### शिक्षिका के ऊपर से गुजर गई मालगाड़ी

**गया।** बिहार के गया जिले के टनकुप्पा रेलवे स्टेशन पर एक हैरान कर देने वाला घटना सामने आई है। एक शिक्षिका के ऊपर से पूरी मालगाड़ी गुजर गई, फिर भी वह सुरक्षित बच निकली। टनकुप्पा पंचायत की बादिलगिहा गांव स्थित मिडिल स्कूल की शिक्षिका विनीता कुमारी अपने घर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए शुक्रवार की दोपहर टनकुप्पा स्टेशन पहुंची। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली विनीता जब स्टेशन पहुंचीं, तो अप मेन लाइन पर वाराणसी-आसनसोल पैंसेजर ट्रेन खड़ी थी। जल्दबाजी में ट्रेन पकड़ने को लेकर वह अप लूप लाइन पर पहले से खड़ी मालगाड़ी के नीचे से पार करने लगी। इसी दौरान मालगाड़ी खुल गई और शिक्षिका ट्रैक पर फंसी रह गई। इस दौरान आसपास के लोगों ने उसे दोनो पटरियों के बीच लेट जाने की सलाह दी।

# सुंदरबन में पक्षियों की दो दुर्लभ प्रजातियां दिखीं



**एजेंसी। कोलकाता**
यह सर्दी प्रकृति और पक्षी देखने वालों के लिए दोहरी खुशखबरी लेकर आई है। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पहले सुंदरबन पक्षी महोत्सव के दौरान पक्षियों की 145 प्रजातियों को देखा गया। शुक्रवार को समाप्त हुआ दो दिवसीय पक्षी उत्सव पश्चिम बंगाल वन विभाग के सुंदरबन टाइगर रिजर्व द्वारा आयोजित किया गया था। सुंदरबन क्षेत्र पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों में फैला हुआ है।

वन अधिकारियों ने सुंदरबन क्षेत्र में मौजूदा सर्दियों के मौसम में पक्षियों की 145 विभिन्न प्रजातियों को देखा है, जिनमें से दो अत्यंत दुर्लभ और लगभग विलुप्त प्रजातियों में से थीं। सुंदरबन टाइगर रिजर्व के डिप्टी फील्ड डायरेक्टर एस. जस्टिन जोन्स ने कहा कि पक्षियों की दो प्रजातियां लेसर सैंड प्लोवर और यूरेशियन कर्ल्यू हैं।

यूरेशियन कर्ल्यू पक्षी प्रजातियों की एक प्रवासी श्रेणी है, जो मुख्य रूप से दक्षिण एशिया, दक्षिण यूरोप और अफ्रीका में सर्दियों में रहती है और लेसर सैंड प्लोवर मुख्य रूप से हिमालय में वृक्ष-रेखा के ऊपर और कभी-कभी उत्तर-पूर्वी साइबेरिया के तटीय मैदानों में होती है। जोन्स ने कहा कि वन विभाग ने शुरू में अनुमान लगाया था कि इस क्षेत्र में पक्षियों की लगभग 100 प्रजातियां देखी जाएंगी, लेकिन यह 145 का आंकड़ा भी पार कर गया।

उन्होंने कहा, पक्षियों की प्रजातियों में से 128 को बफर जोन में देखा गया, कलस-2 क्षेत्र में प्रजातियों की अधिकतम संख्या देखी गई। इस बीच, राज्य के वन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि वे अगले सर्दियों के मौसम से सुंदरबन में पक्षियों की अधिक प्रवासी प्रजातियों को आकर्षित करने के लिए कुछ कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, बफर जोन में प्रजातियों की अधिकतम संख्या का पता लगाना भी चिंता का कारण है। इसलिए, हमने प्रवासी प्रजातियों के पसंदीदा द्वीपों के पास रहने वाले ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला किया है। हम ग्रामीणों को जागरूक करेंगे कि कैसे इन द्वीपों को पक्षियों की इन प्रवासी प्रजातियों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाया जाए।

## विकास यात्रा — समाधान यात्रा को लेकर भागलपुर पहुंचे नीतीश कुमार

# बिहार बनेगा सुखी और विकसित



**एजेंसी। भागलपुर**
समाधान यात्रा को लेकर शनिवार को भागलपुर पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि समाधान यात्रा बिहार के विकास और उन्नति के लिए है। हर जिले में जाकर लोगों की परेशानियों को समझ रहा हूं और उसे दूर करने पर काम किया जा रहा है। आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का तुरंत समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अपना बिहार स्वस्थ, सुखी और विकसित बिहार बनेगा। गंगा में पानी बढ़ जाने से यहां बाढ़ की त्रासदी लोगों को झेलनी पड़ती है। मैं इसे देखने और हल करने हर वर्ष आता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भागलपुर से उनका पौराणिक संबंध है। भागलपुर से मेरा काफी लगाव भी रहा है। क्योंकि जब मैं जेपी आंदोलन में जेल गया था तो मैं भागलपुर जेल में ही था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समाधान यात्रा से जल्द बिहार सुदृढ़ होगा। इसके पूर्व मुख्यमंत्री नीतिश कुमार तकरीबन 11:20 बजे भागलपुर पहुंचे। उसके बाद मुख्यमंत्री अपने समाधान यात्रा के तहत बिहार स्पिनिंग मिल अलीगंज पहुंचे जहां लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत फूल माला और पुष्पगुच्छ देकर किया। उसके बाद मुख्यमंत्री वृद्ध आश्रम स्थल पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने वृद्धाश्रम स्थान, सिपेट प्रशासनिक भवन, नवनिर्मित जिला अतिथिगृह, खेल भवन और ब्रेडा द्वारा आश्रय स्थल के छत पर बने ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री जगदीशपुर प्रखंड के खीरीबांध पंचायत के तीन पुलिया गणेशपुर गांव पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने गांव का भ्रमण किया। इस दौरान सीएम ने जीविका दीदियों के अलावा कई विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। जगदीशपुर के खीरीबांध तीनपुलिया गणेशपुर गांव के भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री समीक्षा भवन पहुंचे। जहां सातों विधानसभा के विधायक, सांसद एवं भागलपुर के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई बिंदुओं पर वार्ता की। कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, डी जी पी आर एस भट्टी, क्षेत्र के सभी विधायक, सांसद, जिलाधिकारी, डीआईजी, वरीय पुलिस अधीक्षक, डीडीसी, एसडीओ, नगर आयुक्त, मेयर, डिप्टी मेयर के अलावा कई अधिकारी मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम ने एथलीटों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जम्मू और कश्मीर में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल विंटर गेम्स के तीसरे संस्करण में भाग लेनेवाले एथलीटों को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने ट्वीट किया : तीसरे खेलो इंडिया नेशनल विंटर गेम्स में हिस्सा लेने वाले सभी एथलीटों को शुभकामनाएं। ये गेम्स गुलमर्ग के सुरम्य परिवेश में आयोजित किए जा रहे हैं। इससे जम्मू-कश्मीर में खेल संस्कृति को भी बढ़ावा मिलेगा।

### एसी मिलान ने टोरिनो को 1-0 से हराया



**रोम/इटली।** ओलिवियर गिरौ की मदद से एसी मिलान ने सीरी ए में टोरिनो पर 1-0 से जीत दर्ज की। रोसोनेरी नए साल से खराब फॉर्म के साथ आगे बढ़े, उन्हें कोप्पा इटालिया में बाहर निकलना पड़ा और इंटर मिलान को सुपरकोपा में झटका लगा। मिलान 41 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वे मंगलवार को यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम-16 मुकाबले के पहले चरण में टोटेनहम हॉटस्पर की मेजबानी करेंगे।

### रोहित को रन बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी : राठौर

**नागपुर।** भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने शुक्रवार को मजबूत ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण के खिलाफ टर्निंग पिच पर शानदार शतक लगाने और टीम को शीर्ष पर पहुंचाने के लिए कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा की। रोहित ने नाथन लियोन और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों के शानदार आक्रमण के खिलाफ धीमी, टर्निंग पिच पर 345 मिनट तक बल्लेबाजी की और शानदार 120 रन बनाए। रोहित के शतक, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल के बीच आठवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी ने भारत को बढ़त लेने में मदद की।

### दिल्ली कैपिटल्स ने की कोचिंग स्टाफ की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई में 4-26 मार्च के बीच होनेवाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन संस्करण से पहले अपने कोचिंग स्टाफ की घोषणा की है। जोनाथन बैटी, जिन्होंने 2021 और 2022 में द हंड्रेड टाइटल के लिए ओवल इनविजबल महिला टीम को कोचिंग दी थी, को टीम का मुख्य कोच नामित किया गया है। बैटी ने महिला बिग बैश लीग टीम मेलबर्न स्टार्स और सरे महिला टीम को भी प्रशिक्षित किया है। कोच नियुक्त किये जाने पर 48 वर्षीय बैटी ने कहा : मैं डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन के लिए हेड कोच के रूप में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होने के लिए रोमांचित हूं।

# जडेजा पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**एजेंसी। नागपुर**

भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा पर गुरुवार को नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। जडेजा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करते पाया गया है, जो खेल की भावना के विपरीत आचरण प्रदर्शित करने से संबंधित है। इसके अलावा, जडेजा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिनके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 46वें ओवर में घटी, जब जडेजा ने मैदानी अंपायरों से अनुमति लिए बिना ही अपने गेंदबाजी हाथ की तर्जनी ऊंगली पर क्रीम लगाई। जडेजा ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी।

# पाक के खिलाफ शुरुआत करेगा भारत

### महिला टी-20 विश्व कप का मुकाबला आज से

### चिर प्रतिद्वंदी भारत व पाकिस्तान होंगे आमने-सामने



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका में चल रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय टीम के पास स्मृति मंधाना का अनुभव और देश को अंडर-19 विश्व कप का खिताब दिलानेवाली शैफाली वर्मा व ऋचा घोष जैसी युवा खिलाड़ी हैं, जिनका आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। हरमनप्रीत कौर तेज रेणुका सिंह पर भी भरोसा करेंगी, जिनका गेंद के साथ प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ उनके अभियान की शुरुआत में महत्वपूर्ण होगा।

दूसरी तरफ, पाकिस्तान महिला राष्ट्रीय टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ प्रमुख टूर्नामेंटों में अपने देश के प्रदर्शन में सुधार करने और विश्व कप में टीम की किस्मत को बदलने की कोशिश कर रही हैं। मारूफ को हमवतन निदा डार और आयशा नसीम से ज्यादा उम्मीदें होंगी, जो टी-20 क्रिकेट की दो सबसे विस्फोटक क्रिकेटर हैं। भारतीय टीम टूर्नामेंट के ग्रुप ए चरण में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, आयरलैंड के साथ शामिल है।

#### स्मृति का खेलना संदिग्ध

**भारत** की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी-20 विश्व कप में टीम के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान मंधाना के उंगली में चोट लग गई थी और वह अभी पूरी तरह से चोट से उबर नहीं पाई हैं।

### महिला प्रीमियर लीग : कल से मुंबई में शुरू होगी नीलामी

# महिला नीलामीकर्ता नियुक्त

### बीसीसीआई ने नीलामी प्रक्रिया के संचालन के लिए महिला नीलामीकर्ता को किया है शामिल

**एजेंसी। मुंबई**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली नीलामी सोमवार को मुंबई में शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नीलामी प्रक्रिया के संचालन के लिए एक महिला नीलामीकर्ता को शामिल किया है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मल्लिका सागर, आधुनिक और समकालीन भारतीय कला के लिए मुंबई स्थित कला संग्राहक सलाहकार और आर्ट इंडिया कंसल्टेंट्स फर्म में भागीदार, नीलामी की निगरानी करेंगी।

संयोग से मुंबई में पुंडोले की नीलामी करने वाली मल्लिका ने 2021 प्रो कबड्डी लीग की नीलामी की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई ने पांच टीमों को यह भी सूचित किया है कि उन्हें टीम में कम से कम 15 खिलाड़ियों को लाना है जबकि न्यूनतम खर्च नौ करोड़ रुपए होना चाहिए। उनके पास पर्स में 12 करोड़ रुपए होंगे, जिसमें प्रत्येक पक्ष को केवल छह विदेशी खिलाड़ियों को खरीदने की अनुमति होगी।



#### ऑक्शन में 409 खिलाड़ियों की लगेगी बोली

**रिपोर्ट** में पांच टीमों को बीसीसीआई के संचार के हवाले से कहा गया है : फ्रेंचाइजी को न्यूनतम (15) और अधिकतम (18) स्क्वाड आकार, न्यूनतम स्क्वाड खर्च (9 करोड़) और स्क्वाड में विदेशी खिलाड़ियों की अधिकतम संख्या (6) के संबंध में डब्ल्यूपीएल स्क्वाड नियमों की याद दिलाई गई। डब्ल्यूपीएल प्लेयर ऑक्शन में कुल 409 खिलाड़ियों की बोली लगेगी, जिनमें से 246 भारतीय क्रिकेटर और 163 विदेशी खिलाड़ी हैं, जिनमें से आठ खिलाड़ी सहयोगी देशों से हैं। खिलाड़ियों को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर सेट में प्रस्तुत किया जाएगा।

#### डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट से था गायब

भारत की बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) ही एक ऐसी चीज है, जो देश में महिला क्रिकेट से गायब थी। डब्ल्यूपीएल का उद्घाटन सीजन 4 से 26 मार्च तक मुंबई में खेला जाएगा। कुल 22 मैच ब्रेबोन स्टेडियम और डी.वाई. पाटिल स्टेडियम गुजरात जायंट्स, लखनऊ वारियर्स के साथ-साथ दिल्ली, मुंबई और बैंगलोर फ्रेंचाइजी वाले मार्की टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।

खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में होगी। मैं पहली बार महिला प्रीमियर लीग को लेकर उत्साहित हूं। हम लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि बिल्ड-अप अद्भुत रहा है और मैं उत्साहित हूं कि चीजें कैसे बदली हैं।

### महिला फुटबॉल के पूर्व कोच के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल के पूर्व कोच एलेक्स मारियो एम्ब्रोस के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। उन पर जून 2022 में एक महिला एथलीट का यौन शोषण करने का आरोप है, जब टीम नॉर्वे में प्रशिक्षण ले रही थी। द्वारका अदालत ने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 70 (किसी भी व्यक्ति की उपस्थिति या गिरफ्तारी के लिए मजबूर करना या किसी भी स्थान की तलाशी लेना) के तहत वारंट जारी किया। यह मामला यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज किया गया है। सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश ने जमानत के लिए लगाई गई शर्तों का पालन नहीं करने पर जमानतदार को नोटिस भी जारी किया। अदालत ने मामले को 25 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। एम्ब्रोस को पिछले साल जून में यूरोप के एक प्रशिक्षण दौरे के दौरान एक नाबालिग खिलाड़ी के साथ कथित दुराचार के लिए निलंबित कर दिया गया है और नॉर्वे से वापस बुला लिया गया है।

# राहुल का प्रदर्शन औसत से काफी नीचे : वेंकटेश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान केएल. राहुल को टेस्ट टीम में ज्यादा रन दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन औसत से काफी नीचे रहा है। राहुल नागपुर के वीसीए स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट की पहली पारी में 71 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आखिरी बार जनवरी 2022 में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अर्धशतक लगाया था और तब से उनकी पिछली आठ टेस्ट पारियों में उच्चतम स्कोर 23 है। उन्होंने आगे कहाः केएल राहुल की प्रतिभा और क्षमता के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है, लेकिन दुख की बात है कि उनका प्रदर्शन बराबरी से नीचे रहा है। 46 टेस्ट के बाद 34 का टेस्ट औसत और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 8 साल से अधिक का औसत सामान्य है। बहुत से ऐसे लोगों के बारे में नहीं सोच सकते जो इतने मौके दिए गए हैं। प्रसाद ने स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को राहुल की जगह टीम का उप-कप्तान बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने आगे कहा : राहुल नामित उप-कप्तान हैं। अश्विन के पास एक महान क्रिकेटिंग दिमाग है और उन्हें टेस्ट प्रारूप में उप-कप्तान होना चाहिए। अगर नहीं तो उनकी जगह पुजारा या जडेजा को होना चाहिए। मयंक अग्रवाल का टेस्ट में राहुल से कहीं बेहतर प्रभाव है। दूसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कहा कि उन्होंने टेस्ट टीम में राहुल की जगह पर सवाल उठाने के बारे में नहीं सोचा है। उन्होंने यह हुए अपनी बात समाप्त की कि, मैं राहुल पर टिप्पणी नहीं कर पाऊंगा। पिछले 10 टेस्ट में जो राहुल खेले हैं, उसने कुछ शतक और कुछ अर्धशतक बनाए हैं। उनके पास दक्षिण अफ्रीका में एक शतक है, उनके पास इंग्लैंड में एक शतक है, इसमें कुछ अर्धशतक भी शामिल हैं।

# धर्मशाला में तीसरे टेस्ट की मेजबानी पर संदेह : रिपोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में एक से पांच मार्च तक होनेवाले तीसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट की मेजबानी को लेकर संशय पैदा हो गया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तीसरे टेस्ट को धर्मशाला से बाहर स्थानांतरित किया जा सकता है, क्योंकि मैदान हाल ही में नवीनीकरण के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी के लिए तैयार नहीं हो सकता, जबकि यह कहते हुए कि बीसीसीआई अगले कुछ दिनों में अंतिम कॉल करेगा, जिसके आधार पर बोर्ड की विशेषज्ञों की टीम द्वारा किए जानेवाले मैदान के निरीक्षण से नतीजा निकलेगा।

तीसरे टेस्ट को विशाखापत्तनम, राजकोट, पुणे और इंदौर में स्थानांतरित किया जा सकता है। धर्मशाला ने पहले एक टेस्ट की मेजबानी की थी, जो 2017 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा और अंतिम मैच था, जिसे भारत ने स्टैंड-इन कप्तान अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में आठ विकेट से जीतकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, निरीक्षण दल यह निर्धारित करेगा कि क्या आउटफील्ड फिट है या नहीं। यह भी पाया गया है कि आउटफील्ड रेत-आधारित है, जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि घने घास की आवश्यकता है।

### मिताली को टी-20 विश्व कप से है काफी उम्मीदें

**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज और पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि देश में महिला टी-20 विश्व कप को लेकर बहुत अधिक उम्मीदें हैं। साथ कहा कि किसी विशेष दिन पर अच्छा प्रदर्शन करना सबसे ज्यादा मायने रखता है। महिला टी-20 विश्व कप का आठवां सीजन दक्षिण अफ्रीका में 10 से 26 फरवरी तक होगा। भारत, 2020 महिला टी-20 विश्व कप का उपविजेता है। भारतीय टीम 12 फरवरी को केप टाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट का आगाज करेगी। पाकिस्तान के अलावा, वे प्रतियोगिता के ग्रुप चरण में 2009 के चैम्पियन इंग्लैंड, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और आयरलैंड से भी भिड़ेंगे। ग्रुप ए में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और आयरलैंड जैसी टीमें हैं।

# मेसी, एम्बाप्पे व बेंजेमा 2022 फीफा बेस्ट मेन्स प्लेयर के लिए नॉमिनेट



**एजेंसी। जिनेवा**

लियोनेल मेस्सी, किलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को 2022 में फीफा सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट के रूप में नामित किया गया है। यह घोषणा फुटबॉल की विश्व संस्था फीफा ने शुक्रवार को की। मेसी ने पिछले साल कतर में नाटकीय फाइनल में फ्रांस को हरा कर फीफा विश्व कप ट्रॉफी उठाने के लिए अर्जेंटीना की कप्तानी की थी। मेसी ने टूर्नामेंट की गोल्डन बॉल जीती, जबकि उनके पेरिस सेंट-जर्मेन टीम के साथी एम्बाप्पे ने आठ गोल के साथ गोल्डन बूट हासिल किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एम्बाप्पे के हमवतन बेंजेमा ने रियल मैड्रिड के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग और ला लीगा खिताब जीतने के लिए पिछले साल बैलन डी ओर पुरस्कार जीता था, लेकिन चोट के कारण विश्व कप से चूक गए थे।

स्पेन की एलेक्सिया पुटेलस, इंग्लैंड की फॉरवर्ड बेथ मीड और संयुक्त राज्य अमेरिका की एलेक्स मॉर्गन को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ियों की विजेता, सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला गोलकीपर और 2022 के सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए पुस्कस पुरस्कार की घोषणा 27 फरवरी को पेरिस में किया जाएगा।




### खेलो इंडिया यूथ गेम्स | केंद्रीय मंत्री कुलस्ते ने किया पुरस्कार वितरण

# ‘थांगता’ में मणिपुर ने जीते पांच स्वर्ण

**एजेंसी। मंडला**

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 के अंतर्गत मंडला में गतका एवं थांगता प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। गतका का आयोजन 2 से 4 फरवरी तथा थांगता का आयोजन 8 से 10 फरवरी तक किया गया। शुक्रवार को हुए मणिपुर के पारंपरिक खेल थांगता के फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतिस्पर्धा का समापन हुआ। प्रतियोगिता में मणिपुर ने सर्वाधिक पांच स्वर्ण पदक जीते। मध्यप्रदेश को एक स्वर्ण एवं दो रजत पदक प्राप्त हुए। केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी, नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर हर्षिका सिंह, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर मीना मसराम, ग्रेंड मास्टर थांगता फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रेमकुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने विजयी होने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरण किया। केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने प्रतिभागियों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के माध्यम से जिलेवासियों को देश के अन्य राज्यों के खेलों को देखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन से जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर हर्षिका सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन के लिए मंडला का चयन किया जाना जिले के खिलाड़ियों के लिए अच्छे संकेत हैं। यह आयोजन जिलेवासियों के लिए एक नया अनुभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार के आयोजन से आदिवासी जिले के पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा। ग्रेंड मास्टर थांगता फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रेमकुमार सिंह ने अपने संबोधन में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय लोगों से मिले सहयोग की सराहना की।



#### बालिका वर्ग में इन्होंने जीते पदक

**खेलो** इंडिया यूथ गेम्स के तहत सम्पन्न हुए थांगता गेम्स के फुनाबाअनिसुबा ईवेंट में 52 किलोग्राम बालिकाओं में मणिपुर की यूमनाम दयारानी देवी ने स्वर्ण, दिल्ली की चंदा ने रजत एवं नागालैंड की बनुदास ने कांस्य पदक जीता।

फुनाबाअनिसुबा ईवेंट के 56 किलोग्राम बालिकाओं में मणिपुर की कोलोम मेरिनादेवी ने स्वर्ण, दिल्ली की प्रिया कुमारी ने रजत एवं हरियाणा की प्रीति ने कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार फुनाबा अमा ईवेंट में 52 किलोग्राम बालिकाओं में मणिपुर की अथोकपामकेमी देवी ने स्वर्ण, दिल्ली की दीक्षा ने रजत तथा बिहार की महिका कुमारी ने कांस्य पदक जीता।

## NEWS इन ब्रीफ

### केंद्र 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं की बिक्री करेगा

**नई दिल्ली।** गेहूं और आटे की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए, सरकार ने ओपन मार्केट डिस्पोजल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं को बेचने और राज्य सरकारों, केंद्रीय भंडार, नेशनल कंज्यूमर कोऑपरेटिव फेडरेशन (एनसीसीएफ), नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड), राज्य सहकारी समितियों/संघों आदि को बिक्री करने का फैसला किया है।

### गुजरात सरकार ने जंत्री दर वृद्धि को दो महीने के लिए रोका

**गांधीनगर।** रियल एस्टेट क्षेत्र के विरोध के बीच, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने नई जंत्री दरों (रेडी रेकनर रेट्स/सर्कल) के कार्यान्वयन को दो महीने के लिए टालने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्री और कैबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल ने शनिवार को एक बयान में कहा, जैसा कि रियल एस्टेट क्षेत्र ने अगले वित्तीय वर्ष (2023-24) से नई जंत्री दरों (रेडी रेकनर रेट्सरेट) को लागू करने की मांग की, कार्यान्वयन का निर्णय 15 अप्रैल, 2023 तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 3 फरवरी को, सरकार ने अगले दिन से पूरे राज्य में जंत्री दरों में 100 प्रतिशत की वृद्धि की थी।

### वेदांता ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में कोयला खनन शुरू किया

**भुवनेश्वर।** वेदांता ने प्रभावित ग्रामीणों के मुद्दों को हल करने के बाद शनिवार को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में जामकानी कोयला खनन से परिचालन शुरू कर दिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। वेदांता लिमिटेड की जामकानी साइट सुंदरगढ़ में पिछले साल 23 दिसंबर से प्रभावित ग्रामीणों के आंदोलन के कारण गतिरोध बना हुआ था, जो मुआवजे और पुनर्वास कॉलोनी की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों और सुंदरगढ़ जिला प्रशासन के साथ-साथ वेदांता अधिकारियों के बीच गहन बातचीत के बाद शुक्रवार को मुद्दों को सुलझा लिया गया। सुंदरगढ़ के एडीएम अभिमन्यु बेहरा ने कहा कि बैठक के बाद कंपनी ने काम शुरू कर दिया है।

### वीडियो के जरिये शुरू होगी डिजिटल डाक टिकट प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि डाक विभाग डाक टिकटों की डिजिटल प्रदर्शनी शुरू करेगा जिसमें सोशल मीडिया मंचों पर डाक टिकटों के बारे में छोटी अवधि वाले वीडियो दिखाए जाएंगे। वैष्णव ने पांच दिवसीय राष्ट्रीय डाक टिकल प्रदर्शनी 'अमृतपेक्स 2023' के उद्घाटन सत्र में मंत्री ने कहा कि डाक टिकटों की डिजिटल प्रदर्शनी 20 दिनों के भीतर शुरू हो जाएगी। वैष्णव ने कहा, हम डाक टिकटों की डिजिटल प्रदर्शनी शुरू करेंगे।

## गैर-आईएसआई प्रमाणित खिलौनों की बिक्री का मामला

# अंकुश लगाने के लिए बीआईएस ने 100 तलाशी अभियान चलाए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गैर-आईएसआई प्रमाणित खिलौनों की बिक्री पर अंकुश लगाने और खिलौनों की गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2021-22 और 2022-23 में 100 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए गए। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा चलाए गए तलाशी और जब्ती कार्यों के दौरान, वर्ष 2021-22 और 2022-23 (25 जनवरी, 2023 तक) के दौरान क्रमशः 9,565 और 30,229 की मात्रा जब्त की गई थी। राज्यसभा में शुक्रवार को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक लिखित उत्तर के अनुसार, बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा 16 के तहत उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी खिलौने (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2020 के अनुसार 1 जनवरी, 2021 से खिलौनों की सुरक्षा अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन के तहत है। तदनुसार, खिलौनों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह खिलौनों की सुरक्षा के लिए संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप हों और बीआईएस (अनुरूपता आकलन) विनियम, 2018 की अनुसूची-2 की योजना-1 के अनुसार बीआईएस से लाइसेंस के तहत भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) मानक चिह्न धारण करें। इस गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसार, बीआईएस अधिनियम, 2016 की धारा-17 के साथ कहा गया है, कोई भी व्यक्ति आईएसआई मार्क के बिना किसी भी खिलौने का निर्माण, आयात, वितरण, बिक्री, किराया, लीज, स्टोर या बिक्री के लिए प्रदर्शन नहीं करेगा। बीआईएस उत्पाद प्रमाणन योजना के तहत, संबंधित भारतीय मानकों के अनुसार उत्पाद पर मानक चिह्न का उपयोग करने के लिए विनिर्माण इकाइयों को लाइसेंस दिया जाता है। तदनुसार, भारत को खिलौने निर्यात करनेवाली विदेशी विनिर्माण इकाइयों सहित खिलौना निर्माण इकाइयों को खिलौनों की सुरक्षा के लिए बीआईएस लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है। मंत्रालय ने कहा कि बीआईएस ने घरेलू इकाइयों को 1,037 लाइसेंस और विदेशी खिलौना निर्माण इकाइयों को 30 लाइसेंस दिए हैं। अपने उत्पाद प्रमाणन के हिस्से के रूप में, बीआईएस कारखाने और बाजार की निगरानी भी करता है, जिसके तहत आईएसआई चिह्नित खिलौनों के नमूने कारखानों और बाजार से लिए जाते हैं और भारतीय मानक के अनुसार प्रयोगशालाओं में परीक्षण किए जाते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध आईएसआई चिह्नित खिलौने सुरक्षित हैं और निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं।

# एयर इंडिया की एयरबस व बोइंग के साथ बड़ी डील




एजेंसी। नई दिल्ली

एयर इंडिया के टाटा ग्रुप द्वारा टेकओवर के बाद से इस कंपनी में लगातार कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। अब कंपनी को लेकर बड़ी खबर आई है। एयर इंडिया ने एविएशन इंडस्ट्री की अबतक की सबसे बड़ी डील की है। एयरलाइन ने एयरबस और बोइंग को 500 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है। इस आर्डर के जरिए एयर इंडिया भारत और दुनिया की एविएशन इंडस्ट्री में बड़ी कंपनी के रूप में उभरना चाहता है। यह घरेलू मार्केट में जहां इंडिगो जैसी कंपनियों को टक्कर देना चाहता है। वहीं इंटरनेशनल मार्केट में यह अमीराज जैसा दबदबा कायम करना चाहता है।

**एयर इंडिया देना चाहती हैं सस्ती टिकट :** एयरबस और बोइंग के साथ डील करके एयर इंडिया देश के अंदर कम फ्यूल पर चले वाली एयरलाइंस के यूज को बढ़ाना चाहता है। जिससे यह किफायती हो और आम लोगों को सस्ते टिकट का लाभ मिल सके। खबरों के मुताबिक कंपनी ने दोनों विमान बनाने वाली कंपनियों से अपनी बातचीत पूरी कर ली है और इस डील की घोषणा एयर इंडिया अगले हफ्ते तक आधिकारिक रूप से कर सकती है। मनी कंट्रोल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया ने बोइंग के साथ 290 विमानों की डील की है। कंपनी एयर इंडिया को मैक्स एयरक्राफ्ट के 190 विमान, 787 ड्रीमलाइनर के 20 सौंपेगी। इसके अलावा अन्य कैटेगरी के विमानों का भी आर्डर दिया गया है। वहीं भारतीय एयरलाइंस कंपनी ने एयरबस को कुल 250 विमानों का ऑर्डर दिया है। फिलहाल एयर इंडिया, बोइंग और एयरबस तीनों ही कंपनी के अधिकारियों ने इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया है। मनी कंट्रोल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप की एयर इंडिया लंबे वक्त से इस डील के लिए तैयार कर रहा था। कंपनी को उम्मीद है कि इस डील के बाद कंपनी के फ्यूल खर्चों में बड़ी गिरावट आएगी। इससे वह घरेलू और इंटरनेशनल दोनों ही ट्रैवलर्स को सस्ते टिकट देने में समर्थ रहेगी। इसके साथ ही वह एमिरेट्स और कतर एयरवेज जैसी बड़ी एयरलाइंस कंपनी को चुनौती दे पाएगी।

## एयर एशिया पर 20 लाख का जुर्माना




**एजेंसी। नई दिल्ली**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में एयर एशिया (इंडिया) एयरलाइन पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने अपने काम में लापरवाही बरतने के लिए एयरलाइन के 8 नामित परीक्षकों पर 3-3 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। यही नहीं, एयरलाइन के ट्रेनिंग हेड को 3 महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया है। डीजीसीए द्वारा 23 नवंबर से 25 नवंबर, 2022 के दौरान एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड का निगरानी निरीक्षण किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, निरिक्षण के दौरान डीजीसीए ने पाया कि एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड के पायलटों के कुछ अनिवार्य अभ्यास पायलट प्रवीणता जांच और उपकरण रेटिंग जांच (जो एक अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की आवश्यकता है) के दौरान नहीं किए थे, जो डीजीसीए नियमों का उल्लंघन है। इसके बाद, डीजीसीए ने मैसर्स एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड के जवाबदेह प्रबंधक, प्रशिक्षण प्रमुख और सभी नामित परीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे जवाब मांगा। अधिकारी ने कहा कि जवाबदेह प्रबंधक, प्रशिक्षण प्रमुख और सभी नामित परीक्षकों के लिखित जवाब की जांच की गई। तदनुसार, कार्रवाई की गई है। पिछले कुछ दिनों में, डीजीसीए एयरलाइंस द्वारा नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त हो गया है और एयर इंडिया और गो फर्स्ट समेत कई के खिलाफ कार्रवाई की है।

# टाटा ग्रुप का शेयर टूटना जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




कहा जाता है कि शेयर मार्केट कैलकुलेशन का खेल है। अगर कैलकुलेन एक बार फिट बैठा, तो निवेशकों के लिए बल्ले-बल्ले, वरना भारी नुकसान। हालांकि, शेयर मार्केट में स्टॉक का ऊपर-नीचे होना चलता रहता है। लेकिन कभी कभी ऐसे शेयर भी टूटने लगते हैं, जिनपर निवेशकों का बहुत अधिक भरोसा होता है। ऐसा ही टाटा ग्रुप का एक स्टॉक है टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) लिमिटेड। ये स्टॉक पिछले कई सत्रों से लगातार टूट रहा है। शुक्रवार को इस कंपनी के शेयर अपने 52 वीक के लो लेवल पर पहुंच गए। बीएसई पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार, टीटीएमएल के शेयर पिछले एक साल से लगातार गिरावट में है। निवेशकों को जोरदार रिटर्न देने वाला ये शेयर इस वक्त अपने 52 वीक के हाई लेवल से लगभग 78 फीसदी तक टूटा है। टाटा ग्रुप का शेयर 11 जनवरी 2022 को अपने 52 वीक हाई 291।05 रुपये पर पहुंच गया था। लेकिन सालभर में ये शेयर 60 फीसदी तक गिर चुका है। इस दौरान इस स्टॉक की कीमत 163 रुपये टूटकर 66.60 रुपये पर आ गया है। टीटीएमएल इस साल टीडी में अब तक 28.27 फीसदी तक टूटा है। पिछले पांच साल में इस शेयर ने 968।99 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले पांच दिनों में ये स्टॉक 15.43 फीसदी टूटा है। महीने भर में ये 22 फीसदी से अधिक गिरा है। पिछले छह महीने में इस शेयर में 36 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। शुक्रवार को टीटीएमएल का स्टॉक 69.05 रुपये पर ओपन हुआ और 70.00 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंचा और ये इसका लो लेवल 64।70 रुपये रहा है। शुक्रवार को 3.83 फीसदी की गिरावट के साथ स्टॉक 66.60 रुपये पर क्लोज हुआ। टीटीएमएल टाटा टेलीसर्विसेज की सब्सिडियरी कंपनी है। ये कंपनी अपने सेगमेंट में मार्केट की टॉप कंपनी है। ये वॉइस। डेटा सर्विस प्रदान करती है। ये एक लॉर्ज कंपनी है और इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 12, 873.20 करोड़ रुपये है। हाल ही में कंपनी ने व्हाट्सएप बिजनेस प्लेटफॉर्म के साथ अपने क्लाउड कम्युनिकेशन सूट स्मार्टफ्लो के स्ट्रैटजी को विस्तार करने का ऐलान किया है। भारतीय शेयर मार्केट शुक्रवार को गिरावट के साथ क्लोज हुआ। ये सप्ताह भी उतार-चढ़ाव भरा रहा। सेंसेक्स 123.52 अंक या 0.20 फीसदी टूटकर 60,682.70 पर और निफ्टी 37 अंक नीचे या 0.21 प्रतिशत 17,856.50 पर क्लोज हुआ।

## चीनी की बाजार में कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में आपकी चाय की चुस्की पर महंगाई की मार पड़ सकती है। बच्चों को चॉकलेट दिलाने पर जेब कट सकती है। बिस्कुट-कुकीज से लेकर मिठाईयां और कोल्ड ड्रिंक्स महंगी हो सकती है। इसकी वजह है चीनी जो इन सभी खाने-पीने की चीजों में मिठास घोलती है। दुनियाभर के फ्यूचर मार्केट में चीनी की कीमतें छह साल के हाई पर ट्रेड कर रहा है। दुनिभार में चीनी का उत्पादन बढ़ा है जिसके चलते चीनी का स्टॉक चार साल के हाई पर है इसके बावजूद चीनी के दामों में तेजी की आशंका जताई जा रही है। दूसरे देशों में चीनी के दाम बढ़े तो भारत भी इससे अछूता नहीं रहेगा। उत्पादन बढ़ने के बावजूद भारत में भी बीते एक साल में 10 फीसदी तक खुदरा बाजार में चीनी महंगा हुआ है। जिसके बाद सरकार ने चीनी के निर्यात पर बंदिशें लगाई थी। वायदा कारोबार में चीनी के दामों में तेजी की कई वजहें हैं। भारत में गन्ने के फसल के कमजोर रहने की संभावना जताई जा रही है। इससे सरकार को निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की दरकार पड़ सकती है। केंद्र सरकार एथोनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दे रही है।

# कंपनियों को मिला नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने देशभर में ऑपरेट होने वाली 20 ई-फर्मा कंपनियों को नोटिस जारी किया है। भारत के ड्रग रेगुलेटर ने इन कंपनियों को नोटिस ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के उल्लंघन के कारण जारी किया है। मनी कंट्रोल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीआई वी जे सोमानी ने नोटिस में पूछा है कि पिछले कई सालों में कोर्ट ने ऑनलाइन दवा बेचने पर कई बार रोक लगाई है। अपने नोटिस में डीजीसीआई ने पूछा है कि इस उल्लंघन पर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। गौरतलब है कि डीजीसीआई ने नियमों के उल्लंघन के मामले में टाटा 1 जीएम, फ्लिपकार्ट हेल्थ प्लस और अमेजन जैसी 20 कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फिलहाल किसी भी कंपनी ने इस नोटिस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अपने नोटिस में डीजीसीआई ने कहा है कि ऑनलाइन बिना डीजीसीआई के वैलिड लाइसेंस के दवा बिक्री से इसकी क्वालिटी पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में लोगों की स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डीजीसीआई ने इस कदम को उठाया है।



## कई को देना होगा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अपने नोटिस में ड्रग कंट्रोलर ने टाटा 1 जीएम, फ्लिपकार्ट हेल्थ प्लस और अमेजन जैसी कई ऑनलाइन और इंटरनेट के जरिए दवा बेचने वाली कंपनियों को दो दिन वक्त दिया है। अगर कंपनियां इस दौरान डीजीसीआई को इस नोटिस का जवाब नहीं देंगी तो ऐसा माना जाएगा कि उनके पास इस मामले में कोई जवाब नहीं है। इसके बाद डीजीसीआई कानून के हिसाब से कार्रवाई करेगा। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने कुछ दिन पहले तीन ई-फार्मेसिज को बिना डीजीसीआई वैलिड लाइसेंस के दवा बेचते पाया था और इस मामले में ड्रग कंट्रोलर को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। ध्यान देने वाली बात ये है कि भारत में दवा की ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की बिक्री के लिए डीजीसीआई से वैलिड लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

## टिप्पणी

### अदाणी विवाद पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा

# नियामक अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत में नियामक काफी अनुभवी और अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। हिंडनबर्ग-अदाणी समूह विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर उन्होंने यह बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अदाणी विवाद में हस्तक्षेप की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि ₹क्या हम हस्तक्षेप करते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र है कि ऐसा दोबारा न हो, हम नीतिगत मामलों में नहीं पड़ना चाहते। यह सरकार के लिए है। शीर्ष अदालत ने वित्त मंत्रालय और सेबी से यह भी जवाब मांगा कि अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग द्वारा अदाणी समूह के खिलाफ स्टॉक हेरफेर के आरोप के बाद हाल ही में बाजार में गिरावट के आलोक में निवेशकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। वित्त मंत्री ने कहा, स्पष्ट रूप से आप मुझसे यह उम्मीद नहीं कर रहे हैं कि मैं आपको वह बताऊंगी जो मैं अदालत में कहूंगी। वित्त मंत्री ने यह बात बजट के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड को संबोधित करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस बीच, नई कर व्यवस्था पर सीतारमण ने कहा कि इससे मध्यम वर्ग को लाभ होगा, क्योंकि इससे उनके हाथों में अधिक पैसा बचेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि लोगों को व्यक्तिगत पसंद करने की अनुमति दी जाए कि कहां निवेश करना है। क्रिप्टो संपत्तियों को विनियमित करने के एक प्रश्न के लिए, वित्त मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली इसके लिए एक सामान्य ढांचा तैयार करने पर जी20 देशों के साथ चर्चा कर रही है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 2023-24 में खुदरा महंगाई दर 5.3 फीसदी के आसपास रहने की उम्मीद है और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रहने पर इसमें और कमी आ सकती है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि 2023-24 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान लगाने के लिए कच्चा तेल लगभग 95 डॉलर प्रति बैरल होगा।

## पेज एक के शेष

### लोगों को मिली दोहरी खुशी...

दूसरी पारी में 91 रनों पर सिमटी ऑस्ट्रेलियाई टीम, अश्विन ने लिए पांच विकेट : दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का प्रदर्शन पहली पारी जैसा ही रहा। दूसरी पारी में अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बिगाड़ दी और 52 रन पहुंचते-पहुंचते उन्होंने उस्मान ख्वाजा (05), डेविड वॉर्नर (10), मैट रेनशॉ (02) और पीटर हैंड्सकॉम्ब (06) पवेलियन भेज दिया, जबकि जडेजा ने मार्नस लाबुशेन (17) को अपना शिकार बनाया। 64 के कुल स्कोर पर अश्विन ने एलेक्स कैरी (10) को आउट कर मैच में अपना पांचवां विकेट लिया। जडेजा ने पैट कमिंस (01) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। अक्षर ने 75 के कुल स्कोर पर टॉड मर्फी (02) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। 88 के कुल स्कोर पर शमी ने नाथन लियोन (08) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया। 91 के कुल स्कोर पर शमी ने स्कॉट बोलैंड को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया और भारत को एक पारी और 132 रनों से जीत दिला दी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा रन बनाए। वह 25 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरी पारी में भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने 5, रवीन्द्र जडेजा और शमी ने 2-2 व अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया।

**भारत ने पहली पारी में बनाए 400 रन :** इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 400 रन बनाए। भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 120 रन बनाए। जबकि रवीन्द्र जडेजा और अक्षर पटेल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाए। जडेजा ने 60 और अक्षर ने 84 रन बनाए। इन दोनों के अलावा शमी ने भी महत्वपूर्ण 37 रनों की पारी खेली। भारत को पहली पारी के आधार पर 223 रनों की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 177 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टॉड मर्फी ने सात, पैट कमिंस ने दो और नाथन लियोन ने 1 विकेट लिया।

### डीजीपी नीरज सिन्हा...

भी हुए। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह रिटायरमेंट के बाद किताब लिखेंगे। एक साल बाद उसका प्रकाशन करेंगे। राजनीति में आने को लेकर जब उनसे सवाल पूछ गए तो डीजीपी नीरज सिन्हा ने राजनीति में जाने से साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में बोलना पड़ता है। मैं कम बोलनेवाला शख़्स हूं। उन्होंने बताया कि अपने नौकरी के दौरान परिवार से हमेशा डांट मिलती रही है, लेकिन मैंने बड़े निष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वाहन किया। विदाई समारोह में डीजी अजय कुमार सिंह, डीजी अनुराग गुप्ता, डीजी अनिल पालटा, एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी प्रशांत सिंह, एडीजी मुरारीलाल मीणा, आईजी अभियान एवी होमकर, एसएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नीरज सिन्हा झारखंड राज्य बनने पर 25 नवम्बर 2000 को रांची के पहले एसएसपी बनाये गये थे। इसके अलावा जैप-वन कमांडेंट, एसपी हजारीबाग, एसपी स्पेशल ब्रांच, रेंज डीआईजी हजारीबाग, आईजी एसटीएफ, एडीजी निगरानी, एडीजी स्पेशल ब्रांच सह विशेष सचिव गृह विभाग, एडीजी कम ओएसडी दिल्ली, एडीजी वायरलेस, डीजी वायरलेस, डीजी जैप, डीजी एसीबी के तौर पर उन्होंने राज्य में अपनी सेवा दी।

### कांग्रेस गरीबों के...

मोदी जी को दिखा देंगे कि हम उनकी मनमर्जी के खिलाफ हैं। झारखंड में इस अभियान की शुरुआत को लोकसभा चुनाव की तैयारियों की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री, विधायक, कांग्रेस प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, 24 जिलों के अध्यक्ष, जिला कमेटी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले के अभियान के तहत हम लोग हर घर तक पहुंचेंगे। लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की कमियों, महंगाई, बेरोजगारी से अवगत करायेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### दिल्ली में नाबालिग के साथ गैंगरेप

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में एक नाबालिग बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले पांच लड़कों ने कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि शुक्रवार को सिविल लाइंस थाने में इसकी शिकायत मिली थी, इसके बाद पुलिस की एक टीम को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने कहा : पीड़ित बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया और मामला दर्ज किया गया है।

### चांडी को गले के कैंसर के इलाज के लिए बेंगलुरु ले जाया जाएगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज कांग्रेसी नेता ओमन चांडी को गले के कैंसर के इलाज के लिए बेंगलुरू ले जाया जाएगा। फिलहाल उनका यहां के एक निजी अस्पताल में निमोनिया का इलाज चल रहा है। एआईसीसी महासचिव केसी शनिवार को अस्पताल में उनसे मिलने वाले वेणुगोपाल ने मीडिया को बताया कि चांडी को एआईसीसी द्वारा बुक किए गए चार्टर्ड विमान से हवाई मार्ग से ले जाया जाएगा। वेणुगोपाल ने कहा, मैं एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश के अनुसार आया हूं और अब उन्हें आगे के इलाज के लिए रविवार को बेंगलुरु ले जाया जाएगा।

### आरएसएस ने शुरू की मार्च की तैयारी

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा पुलिस को संगठन को मार्च आयोजित करने की अनुमति देने के निर्देश के बाद आरएसएस की तमिलनाडु इकाई जल्द ही राज्य में रूट मार्च करने के लिए तीन तिथियां तय करेगी। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी बैठकर इसे अंतिम रूप देंगे और तारीखों के बारे में आपको बताएंगे।

### एलजी ने आप प्रवक्ता को डिस्कॉम बोर्ड से हटाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने आप प्रवक्ता जैस्मिन शाह और नवीन एनडी गुप्ता के साथ-साथ कुछ अन्य लोगों को डिस्कॉम बोर्ड से हटा दिया है। एलजी सचिवालय ने कहा, वित्त सचिव, ऊर्जा सचिव और एमडी, दिल्ली ट्रांसको अब अंबानी और टाटा के स्वामित्व वाली डिस्कॉम पर सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

त्रिपुरा विस चुनाव : प्रधानमंत्री मोदी बोले -

# कांग्रेस और माकपा को वोट देने से बढ़ेगा भ्रष्टाचार

**एजेंसी। अगरतला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को त्रिपुरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) को वोट देने से राज्य में हिंसा और भ्रष्टाचार की वापसी होगी। माकपा पर तीखा हमला करते हुए मोदी ने बिना नाम लिए कहा कि राज्य में पहले एक पार्टी का शासन था और चुनाव के दौरान एक ही पार्टी का झंडा दिखता था। अंबासा के धलाई जिला मुख्यालय में रैली में उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान त्रिपुरा में 'चंदा' राज था और लोगों को हर मामले में माकपा को 'चंदा' देना पड़ता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किया है, जिससे राज्य सरकार के एक लाख से अधिक कर्मचारियों को लाभ हुआ है।

पीएम ने कहा कि पहले महिलाओं पर अत्याचार होते थे, लेकिन भाजपा 2018 में सत्ता हासिल करने के बाद से उन्हें सशक्त बना रही है। सरकार ने देश के 110 जिलों के विकास को प्राथमिकता देने की योजना बनाई है और त्रिपुरा का धलाई सूची में है। राज्य में 'डबल इंजन सरकार' के लिए लोगों से बीजेपी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करते हुए, मोदी ने दावा किया कि भाजपा नेता एचआईआरए (हाईवे, आई-वे, रेलवे और एयरवे) से इष्टतम परिणाम प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी गांव ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क के जरिए एक-दूसरे से और दुनिया से जुड़े रहेंगे। राज्य को रेल, वायु और जलमार्ग के माध्यम से बांग्लादेश से भी जोड़ा जाएगा। विभिन्न योजनाओं के तहत, त्रिपुरा के लोगों को पक्का आवास, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका प्रदान की जा रही है और तीन लाख लोगों के पास पहले से ही पीएम-आवास योजना के तहत घर दिए जा चुके हैं।

आगे उन्होंने कहा, राज्य के दो लाख से अधिक बीमार लोग आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित हुए हैं। भाजपा सरकार ने हाल ही में राज्य में डेंटल कॉलेज बनाया है। उन्होंने कांग्रेस और वामपंथी सरकार पर अपने कुशासन के तहत कथित रूप से राज्य के लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बांस के संसाधनों का उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार ने बांस से संबंधित कानून में ढील दी है। गुरुवार को पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा द्वारा जारी पार्टी के घोषणापत्र-'संकल्प पत्र 2023' का जिक्र करते हुए, मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी ने त्रिपुरा सहित भारत भर में रहनेवाले आदिवासियों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं शुरू की थीं और नई शिक्षा नीति-2020 के तहत स्थानीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान की जाएगी। मोदी ने कहा कि राज्य में 37 हजार से अधिक विस्थापित रियांग आदिवासियों का पुनर्वास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के दक्षिणी त्रिपुरा के उदयपुर में एक और चुनावी रैली को संबोधित करने की उम्मीद है। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले 13 फरवरी को मोदी के अगरतला में एक रैली को संबोधित करने की संभावना है।

### हमारे लोग सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे के हकदार : पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमारे लोग सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे के हकदार हैं और उनकी सरकार लोगों को सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में उठाए गए सरकार के कदमों की व्यापक रूप से सराहना की गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के एक ट्वीट का जवाब देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा : हमारे लोग सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे के हकदार हैं, जिसे प्रदान करने के लिए हमारी सरकार हमेशा कड़ी मेहनत करेगी। बुनियादी ढांचे के निर्माण की दिशा में उठाए गए हमारे कदमों की व्यापक रूप से सराहना की गई है। प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य ट्वीट के जरिए पूर्वी लद्दाख में डेमजोक के निकट स्थित दुन्गती गांव के लोगों को माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तापमान पर भी नल से पानी मिलने पर बधाई दी है। स्थानीय सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल के एक ट्वीट का जवाब देते हुए,



प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा : दुन्गती के लोगों को बधाई! हम 'हर घर जल' प्रदान करने के विजन को साकार करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

# अमेरिका ने तेजी से हवा में उड़ती वस्तु को मार गिराया

### पिछले हफ्ते चीनी जासूसी गुब्बारे को निशाना बनाए जाने से अधिक तेजी से मार गिराया

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के एक लड़ाकू विमान ने शुक्रवार को अलास्का के ऊपर उड़ रहे एक 'ऑब्जेक्ट' को पिछले हफ्ते चीनी जासूसी गुब्बारे को निशाना बनाए जाने से अधिक तेजी से मार गिराया। अमेरिकी अधिकारियों ने इस ऑब्जेक्ट को एक कार के आकार का बताया है, जबकि चीनी गुब्बारा तीन यात्री बसों के आकार का था।

जॉन किर्बी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में कहा, रक्षा विभाग 24 घंटे अलास्का हवाई



क्षेत्र पर उड़ रही वस्तु पर नजर रख रहा था। यह स्तु 40 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रही थी और नागरिक उड़ान की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही थी। उन्होंने कहा : पेंटागन की सिफारिश पर राष्ट्रपति बाइडेन ने सेना को वस्तु को गिराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह हमारे हवाई क्षेत्र के अंदर आ गया था। अधिक विवरण के लिए दबाव डाले जाने पर किर्बी ने कहाः हम इसे एक 'ऑब्जेक्ट' कह रहे हैं। हम नहीं जानते कि इसका मालिक कौन है।

अमेरिकी रक्षा विभाग ने एक अलग ब्रीफिंग में बताया, वस्तु को पहली बार गुरुवार को उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओएआरडी) द्वारा देखा गया था। यह 40 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था और नागरिक उड़ान की सुरक्षा के लिए एक उचित खतरा था। अलास्का के एक एयरबेस से उड़ान भरने वाले एफ-22 फाइटर जेट ने आईएम-9एक्स मिसाइल के साथ वस्तु को मार गिराया। लेकिन यह उड़नेवाली वस्तु स्पष्ट रूप से कोई निगरानी उपकरण नहीं ले जा रही थी।

# स्कॉर्पियो ने बारातियों को रौंदा, एक की मौत

**एजेंसी। हरिद्वार**

बहादराबाद थाना क्षेत्र में सड़क पर बेकाबू कार ने बरातियों को रौंद डाला। एक बैंड वाले की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 31 लोग घायल बताए गए हैं। गुस्साए लोगों ने स्कॉर्पियो चालक की पकड़कर जमकर धुनाई कर दी। जबकि कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर ज्वालापुर सीओ निहारिका सेमवाल और बहादराबाद थाना प्रभारी नितेश शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया जबकि यातायात को



सामान्य कराया गया। मृतक का शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। 10 बराती अस्पताल में भर्ती हैं जबकि कुल 31 घायल हुए हैं। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कार चालक भी घायल है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## महाराष्ट्र कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ीं

**मुंबई।** अपने 138 साल के उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में कांग्रेस राजनीतिक उथल-पुथल या संकट से अनजान नहीं है, खासकर महाराष्ट्र में, जहां दिसंबर 1885 में इसका जन्म हुआ था। पिछले एक महीने से राज्य इकाई एक बार फिर ऐसे खराब मौसम का सामना कर रही है, जिसमें कयामत के कई भविष्यवक्ताओं ने भविष्यवाणी की है कि यह भव्य पुरानी पार्टी के लिए अंतिम खेल है। मजे की बात है कि कांग्रेस संसदीय, विधानसभा, द्विवार्षिक या उपचुनावों के इर्द-गिर्द किसी न किसी झंझट में खुद को उतारती है- इसे कगार पर धकेल देती है।

# मेडिकल कॉलेज पर 2.5 करोड़ जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के एक मेडिकल कॉलेज को आदेश का उल्लंघन करने और 100 एमबीबीएस छात्रों के प्रवेश पर रोक के आदेश के बावजूद उल्लंघन करने पर एम्स में 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा कि मेडिकल कॉलेज एम्स के पास 2.5 करोड़ रुपये जमा करेगा और सबूत के तौर पर रसीद याचिकाकर्ता, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और शीर्ष अदालत



की रजिस्ट्री को प्रस्तुत की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कॉलेज से कहा कि उसे छात्रों से जुर्माना नहीं वसूलना चाहिए।

बेंच, जिसमें जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं, ने याद दिलाया कि एनएमसी निरीक्षण दल ने पाया था कि अस्पताल की लॉगबुक में भविष्य की तारीख के मेडिकल रिकॉर्ड थे, जिसमें रोगियों का रक्तचाप शामिल था। एनएमसी का प्रतिनिधित्व करनेवाले अधिवक्ता गौरव शर्मा ने कहा कि 2021-22 में, जब शीर्ष अदालत ने कॉलेज को छात्रों का नामांकन नहीं करने का निर्देश दिया, तो यह प्रक्रिया जारी रही। हालांकि, शर्मा ने यह भी बताया कि निरीक्षण दल ने पाया कि उसने मुद्दों को हल कर लिया था, कॉलेज को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए 100 एमबीबीएस सीटों के लिए अनुमति दी गई थी।




## उर्वशी ने 'कांतारा 2' का हिस्सा बनने की पुष्टि की

**अभिनेत्री** उर्वशी रौतेला ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि वह ऋषभ शेट्टी अभिनीत 'कांतारा 2' का हिस्सा होंगी। उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर ऋषभ के साथ एक तस्वीर साझा की, जिन्होंने फिल्म का निर्देशन भी किया था। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने ऋषभ शेट्टी के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, हैशटैग कांतारा 2, एटदरेट ऋषभ शेट्टी ऑफिशियल एटदरेट हम्बल फिल्म्स लीडिंग हैशटैग आरएस। 'कांतारा' में ऋषभ एक कंबाला चैंपियन के रूप में हैं, जो एक ईमानदार वन अधिकारी, मुरली (किशोर द्वारा अभिनीत) के साथ संघर्ष कर रहा है। कहानी तटीय कर्नाटक में केराडी में सेट और फिल्माई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, काम के मोर्चे पर अभिनेत्री उर्वशी को हाल ही में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ फिल्म 'वाल्टेयर वेरेय्या' के गाने 'बॉस पार्टी' में देखा गया था।

## 'द लास्ट कॉफी' में नजर आएंगे अंकिता और शोएब निकेश



**पॉपुलर** एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और एक्टर शोएब निकेश शाह फिल्ममेकर और प्रोड्यूसर राहत काजमी की फीचर फिल्म 'द लास्ट कॉफी' में नजर आएंगे। राहत काजमी को 'मंटोस्तान' और 'लिहाफ' के लिए जाना जाता है। फिल्ममेकर राहत काजमी 'द लास्ट कॉफी' फिल्म के प्रोड्यूसर भी हैं। शोएब निकेश शाह आखिरी बार 'लिहाफ' में नजर आए थे और अब हिना खान के साथ 'कंट्री ऑफ ब्लाइंड्स' में नजर आएंगे। 'द लास्ट कॉफी' के बारे में राहत काजमी ने कहा, फिल्म की कहानी दो लोगों के बारे में है, जिनकी जिंदगी प्यार और गलतफहमी के इर्द-गिर्द घूमती हैं, और जो चीज इसे और खास बनाती है वह है फिल्म के कलाकार। मुझे लगता है कि अंकिता और शोएब स्क्रिप्ट के लिए एकदम सही मैच हैं और उन दोनों के साथ काम करना सोने पर सुहागा जैसा है। फिल्म का ट्रेलर कल सामने आएगा और हम निश्चित रूप से दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। फिल्म शोएब निकश शाह द्वारा निर्देशित है, जो अंकिता लोखंडे के साथ फिल्म में मुख्य अभिनेता भी हैं और जी 5 स्टूडियो द्वारा निर्देशित है। राज कुशवाहा ने राहत काजमी के साथ फिल्म का सह-निर्माण भी किया है।

## फिल्म 'बधाई दो' के एक साल पूरे होने पर राजकुमार व भूमि ने यादें की ताजा



**बॉलीवुड** एक्टर राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की लैवेंडर वेडिंग पर आधारित फिल्म 'बधाई दो' ने हिंदी सिनेमा में अपनी रिलीज के एक साल पूरा कर लिया है। इस मौके पर राजकुमार ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक सीन शेयर किया, जिसमें वो भूमि के साथ नजर आ रहे हैं। एनिवर्सरी है तो गिफ्ट तो बनता है। हमारा नहीं तो आपका ही सही। यहां आपके लिए बधाई दो के एक साल पूरे होने पर एक छोटा सा गिफ्ट है। 'बधाई दो' की कहानी एक समलैंगिक पुरुष और एक समलैंगिक महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने दकियानूसी परिवारों से दूर होने के लिए शादी के बंधन में बंध जाते हैं। फिल्म हर्षवर्धन कुलकर्णी द्वारा निर्देशित और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। भूमि कहती हैं, 'बधाई दो' के माध्यम से, वह एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय और भारत में उनके अधिकारों के लिए अपनी आवाज उठाना चाहती थीं। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने कभी भी खुद को सिर्फ एक एक्टर नहीं माना है।

## कंगना रनौत ने आमिर खान को कहा बेचारा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री कंगना रनौत ने लेखिका शोभा डे के साथ एक कार्यक्रम में आमिर खान की तारीफ करने के बाद उन्हें ट्रोल किया। कंगना रनौत ने अपने ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर आमिर खान को बेचारा कहा है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर आमिर से पूछा गया कि राइटर शोभा डे की भूमिका के लिए कौन सी अभिनेत्री परफेक्ट हैं। इस सवाल के जवाब में आमिर खान ने दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट का जिक्र किया, जवाब सुनते ही शोभा डे ने उनसे कहा कि वह कंगना रनौत को भूल रहे हैं। शोभा डे द्वारा कंगना का नाम सुझाए जाने के बाद आमिर ने कहा, हां, वह इसे अच्छी तरह से कर सकती हैं।

फूड फेस्टिवल | केंद्रीय मंत्री पुरी ने किया उद्घाटन

# 'विश्व का स्वाद' है इस वर्ष थीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार के आवासन एवं शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'विश्व का स्वाद' और 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' की थीम पर 'एनडीएमसी जी20 अंतर्राष्ट्रीय फूड फेस्टिवल' का उद्घाटन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के इस अंतर्राष्ट्रीय फूड फेस्टिवल का उद्घाटन करने के बाद, हरदीप सिंह पुरी ने जी-20 सचिवालय, एनडीएमसी, प्रतिभागी देशों, राज्यों, होटलों और अन्य आउटलेट्स के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के विषय को बढ़ावा देने के लिए इस बड़े कार्यक्रम का



आयोजन किया। जो हमारे भोजन में मोटे अनाज के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएगा।

उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार द्वारा योग को बढ़ावा देने जैसा एक महत्वपूर्ण कदम है, मुझे आशा है कि मोटे अनाज भी दैनिक दिनचर्या में स्वस्थ भोजन की आदतों के लिए एक जन आंदोलन बन जाएगा। इस फूड फेस्टिवल के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह आयोजन न केवल जी-20 फूड फेस्टिवल है, बल्कि भारतीय राज्यों का फूड फेस्टिवल भी है। जिसमें जी-20 देशों के साथ भारत के विभिन्न राज्य अपने मोटे अनाज के व्यंजनो, उत्पादों और लाइव कुकिंग के साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने सरकारी आयोजनों, कैंटीनों और किचन में मोटे अनाज के उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। एनडीएमसी अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री जी द्वारा जी-20 कार्यक्रमों में लोगों की सक्रिय भागीदारी के आह्वान के अनुसार, एनडीएमसी ने इस फूड महोत्सव का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के साथ-साथ जी-20 सहयोग, जन भागीदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया है। फूड फेस्टिवल जी-20 शिखर सम्मेलन की भारत की अध्यक्षता और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों पर जागरूकता पैदा करेगा साथ ही साथ पोषण, स्वास्थ्य और भोजन की तैयारी पर शिक्षा और मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।